# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, गुरुवार 16 जनवरी 2025



# ALLEN

## THE CLEAR LEADER

### IIT-JEE, AIIMS, NEET (UG) & OLYMPIADS

**EVERY 4TH SUCCESS STORY IS POWERED BY ALLEN**

| IITs | AIIMS (MBBS) | NEET (UG) | OLYMPIADS |
|---|---|---|---|
| 4425 | 660 | 6570 | 939 out of 3704 |
| ALLENites out of 17692 seats in 2024 | ALLENites out of 2207 seats in 2024 | ALLENites in Top 25000 All India Rank in 2024 | Selections in Indian National Olympiads2025 |

45 AIR in Top 100-JEE (Adv.) 2024 | 39 AIR in Top 100-NEET (UG) 2024

## ALLEN RAIPUR RESULTS

### JEE ADVANCED 2024 CHAMPIONS




BHAGYANSH SAHU — 2 Year Classroom Student
KESHAV KUMAR — 2 Year Classroom Student

- 01 STUDENT IN TOP 100 AIR
- 05 STUDENTS IN TOP 3000 AIR
- 23 STUDENTS IN TOP 15000 AIR

### NEET-UG 2024 CHAMPIONS




NILAY SUCHAK — 2 Year Classroom Student
RAGHAV AGRAWAL — 2 Year Classroom Student
KUNAL AJWANI — 2 Year Classroom Student

- 02 STUDENTS SCORED 700+ MARKS
- 12 STUDENTS SCORED 675+ MARKS
- 30 STUDENTS SCORED 650+ MARKS

### OUTSTANDING PERFORMANCE IN NATIONAL & INTERNATIONAL OLYMPIADS RESULTS

- **21** — REGIONAL MATHEMATICAL OLYMPIAD (RMO): Students Selected For INMO (Stage-3 of IMO 2025)
- **09** — NATIONAL STANDARD EXAMINATION IN CHEMISTRY (NSEC) 2024-25: Students Selected for INChO (Stage-2)
- **03** — NATIONAL STANDARD EXAMINATION IN JUNIOR SCIENCE (NSEJS) 2024-25: Students Selected for INJSO (Stage-2)
- **04** — VIDYARTHI VIGYAN MANTHAN (VVM) STATE LEVEL CAMP RESULT (2024-25): Students Selected for National Level Camp
- **07** — NATIONAL STANDARD EXAMINATION IN ASTRONOMY (NSEA) 2024-25: Students Selected for INAO (Stage-2)
- **03** — NATIONAL STANDARD EXAMINATION IN PHYSICS (NSEP) 2024-25: Students Selected for INPhO (Stage-2)
- **03** — NATIONAL STANDARD EXAMINATION IN BIOLOGY (NSEB) 2024-25: Students Selected for INBO (Stage-2)

Appear in ASAT on **19 JAN. 2025**

GET UP TO **90% SCHOLARSHIP***

+

Last Chance to get **Special Fee Benefit*** till **20 JAN. 2025**

*Subject to the scholarship rules and the T&Cs.

SCAN TO REGISTER

**ASAT Exam Center in Chhattisgarh**
Ambikapur, Bhilai, Bilaspur, Dhamtari, Jagdalpur, Korba, Mahasamund, Raigarh, Raipur, Rajnandgaon

## ADMISSIONS OPEN (SESSION 2025-26)

### JEE (MAIN+ADV.) | NEET (UG) | OLYMPIADS | CLASSES 8th TO 12th & 12th PASS

**NURTURE COURSE**
Class 10th to 11th Moving Students
JEE (Main+Adv.) 2027 : 3 & 23 Apr. 2025
NEET (UG) 2027 : 3 & 23 Apr. 2025
Admission Mode | Direct / ASAT / TALLENTEX

**ENTHUSIAST COURSE**
Class 11th to 12th Moving Students
JEE (Main+Adv.) 2026 : 03 Apr. 2025
NEET (UG) 2026 : 03 Apr. 2025
Admission Mode | Direct / ASAT

**PRE-NURTURE & CAREER FOUNDATION**
Class 8th, 9th & 10th Moving Students : 27 Mar. & 23 Apr. 2025
Admission Mode | Direct / ASAT / TALLENTEX

**ALLEN Raipur Center**
8951395440 | allen.ac.in/raipur

**ALLEN Kota Center**
0744-3556677, 2757575 | allen.ac.in

Disclaimer: We provide an academic ecosystem and environment to prepare students for their target examinations. Studying in a coaching institute does not guarantee selection for the examination. Selection depends on preparation, admission seats in competitive exam and the number of applicants appearing. All the students mentioned are part of paid classroom courses.

# 32 लाख के ईनामी 4 नक्सलियों ने किया एसपी के समक्ष समर्पण

ताड़मेटला में 76 जवानों की शहादत में थे शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/नारायणपुर

नारायणपुर जिले के माड़ में सक्रिय 32 लाख के इनामी 4 खूंखार नक्सलियों ने बुधवार को नारायणपुर एसपी प्रभात कुमार के समक्ष समर्पण कर दिया। समर्पित नक्सली कई संगीन वारदातों में शिामल थे इनमें 6 अप्रैल 2010 में हुए ताड़मेटला (मुकरम) हमला भी शामिल है, जिसमें सीआरपीएफ के 75 जवान व 1 डीएफ के जवान की शहादत हुई थी। अब तक के सबसे बड़े ताड़मेटला अटैक में शामिल 4 नक्सलियों ने माड़ बचाओ अभियान से प्रभावित होकर बुधवार को सरेंडर किया है।

समर्पित सभी नक्सलियों पर 8-8 लाख रुपये का इनाम घोषित था तथा नक्सल संगठन में दो डीवीसीएम रैंक व दो कंपनी मेंबर शामिल है। नक्सल संगठन में दो दशक से सक्रिय चार नक्सलियों के समर्पण से नक्सल संगठन को बड़ा झटका लगा है। समर्पण के दौरान सभी को 25-25 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दी गई।

### समर्पित नक्सली इन बड़ी घटनाओं में थे शामिल

आत्मसमर्पित माओवादी अरब उर्फ कमलेश 6 अप्रैल 2010 में सुकमा जिले के ताड़मेटला घटना में 76 जवान शहीद की घटना में शामिल रहा। वहीं आत्मसमर्पित माओवादी डीवीसीएम हेमलाल अमदई एरिया कमिटी सचिव वर्ष 2021 के बुकिन्नतोर आईडी ब्लास्ट की घटना में शामिल था, जिसमे 5 जवान शहीद हुए थे। इसके अलावा वर्ष 2008 जिला नारायणपुर आकाबेड़ा क्षेत्र में मुठभेड़ की घटना में शामिल रहा तथा वर्ष 2016 में थाना छोटेडोंगर क्षेत्र के ग्राम बेचा जंगल के पास मुठभेड़ की घटना में शामिल रहा, जिसमें 1 जवान महेन्द्र सिंह ध्रुव घायल हुए थे। वहीं 5 नक्सली मारे गये थे।

## आरएसएस प्रमुख के 'सच्ची आजादी' वाले बयान पर भड़के राहुल

# 'भागवत का बयान देशद्रोह, दूसरे देश में होते तो गिरफ्तार हो जाते'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के 'सच्ची आजादी' वाले बयान पर निशाना साधा है। दिल्ली में कांग्रेस के नए मुख्यालय 'इंदिरा गांधी भवन' के उद्घाटन मौके पर राहुल ने कहा कि आरएसएस प्रमुख का यह बयान सिर्फ देश के स्वतंत्रता सेनानियों का अपमान है बल्कि देशद्रोह भी है।

राहुल ने कहा, 'मोहन भागवत हर दो-तीन दिन में स्वतंत्रता संग्राम और संविधान पर अपनी राय जाहिर करते हैं। वह हर दो-तीन दिन में यह बताने की कोशिश करते हैं कि स्वतंत्रता आंदोलन और संविधान का कोई महत्व नहीं है। उनका यह बयान साफ तौर पर दिखाता है कि वह 1947 में मिली आजादी को खारिज करते हैं। यह बयान देश के हर एक नागरिक का अपमान है। अगर ऐसा बयान किसी और देश में दिया गया होता तो बयान देने वाले को तुरंत गिरफ्तार कर लिया जाता। उसे के खिलाफ मुकदमा चलाया जाता।'



### सियासी बयानबाजी तेज शिवसेना ने भी किया विरोध

भागवत के इस बयान पर न केवल कांग्रेस, बल्कि शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने भी आलोचना की। उन्होंने कहा, 'राम लला के नाम पर राजनीति नहीं होनी चाहिए।' राहुल गांधी ने कहा कि भागवत ऐसे शख्स हैं जो बिना तर्क वाली बातों को फैलाते हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि ऐसी टिप्पणियों को रोकना बेहद जरूरी है। कांग्रेस के कई दूसरे नेताओं ने भी मोहन भागवत के बयान पर आपत्ति जताई है।

**यह कहा था भागवत ने**

आरएसएस प्रमुख भागवत ने हाल ही में कहा था कि भारत को सच्ची स्वतंत्रता उस दिन मिली, जब अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हुई। संघ प्रमुख ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस को 'प्रतिष्ठा द्वादशी' के रूप में मनाया जाना चाहिए। भारत सदियों तक विदेशी आक्रमणों से जूझता रहा। अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण और इसकी प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही भारत की आत्मनिर्भरता स्थापित हुई।

### इधर, राहुल के 'इंडिया स्टेट' वाले बयान को भाजपा ने बनाया मुद्दा

कांग्रेस भवन के उद्घाटन मौके पर ही दिए राहुल के एक बयान पर रार छिड़ गई है। राहुल ने कहा कि 'भाजपा और आरएसएस ने देश की सभी संस्थानों पर कब्जा कर लिया है। कांग्रेस न सिर्फ भाजपा और आरएसएस, बल्कि इंडियन स्टेट (भारत सरकार) से भी लड़ाई लड़ रही है।' इसे भाजपा ने बड़ा मुद्दा बना लिया है। जेपी नड्डा ने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि कांग्रेस का घिनौनी सच किसी से छिपा नहीं है। अब उनके अपने नेता ने ही इसका पर्दाफाश कर दिया है। मैं राहुल की सराहना करता हूं कि उन्होंने वह बात साफ-साफ कही जो देश जानता है कि वह भारतीय राज्य से लड़ रहे हैं। यह कोई रहस्य नहीं है कि राहुल और उनके तंत्र का शहरी नक्सलियों और डीप स्टेट के साथ घनिष्ठ संबंध है। जो भारत को बदनाम करना चाहते हैं।



# घर में छुपे पूर्व द. कोरियाई राष्ट्रपति आखिरकार गिरफ्तार



कंटीली तारें काटकर घर में घुसे जाँच अधिकारी, पुलिस और सुरक्षाकर्मियों में झड़प



एजेंसी ▶▶| सियोल

दक्षिण कोरिया की राजधानी सियोल में राष्ट्रपति यून सुक योल के सुरक्षा गार्ड और कानून एजेंसियों के अधिकारी आमने-सामने आ गए। यह गतिरोध तब हुआ, जब जांच अधिकारी योल के आवास पर उन्हें गिरफ्तार करने गए थे। पुलिस द्वारा योल को गिरफ्तार करने की यह दूसरी कोशिश थी। पहले भी सुरक्षा गार्डों ने उन्हें पूर्व राष्ट्रपति योल को गिरफ्तार करने से रोकने की कोशिश की थी। हालांकि गतिरोध के बावजूद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। योल अपने हन्नाम डोंग आवास पर पिछले कई हफ्तों से छिपे हुए थे। उन्हें पकड़ने के लिए हजार से ज्यादा जांचकर्ता और पुलिस अधिकारी तैनात किए गए थे। योल ने पिछले महीने दक्षिण कोरिया में मार्शल लॉ लगाने का एलान किया था। इसके बाद पूरे देश में उनके खिलाफ विरोध प्रदर्शन हुए थे।

### ऐसे मिली सफलता

गिरफ्तारी से पहले योल के आवास के बाहर कई पुलिस अधिकारी ब्लैक जैकेट पहने घूमते देखे गए। इनमें से कई पहाड़ी कंपाउंड में घूमकर आवास में दाखिल होने का रास्ता तलाश कर रहे थे। अंत में कुछ पुलिस अधिकारियों को इसमें सफलता मिली। उन्होंने बसों पर सीढ़ियां लगाकर उन्हें पार कर लिया और कंटीली तारें काटकर किसी तरह आवास के अंदर दाखिल हो गए। योल के वकील ने कहा कि सिक्योरिटी सर्विस उनकी रक्षा करना जारी रखेगी, क्योंकि सियोल की वेस्टर्न कोर्ट द्वारा जारी वारंट अवैध है।

# जुकरबर्ग के बयान पर 'मेटा' ने मांगी माफी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



मार्क जुकरबर्ग को संसदीय स्थायी समिति ने 20 से 24 जनवरी के बीच तलब जैसे ही तलब किया मामले की गंभीरता को देखते हुए फेसबुक की पेरेंट कंपनी मेटा के मालिक मार्क जुकरबर्ग ने अपने बयान पर भारत से माफी मांगी है। यह माफी मेटा इंडिया की ओर से मांगी गई है। मार्क जुकरबर्ग ने कहा था कि कोविड-19 के बाद दुनियाभर की सरकारों से लोगों का भरोसा हिल गया और इसलिए उनकी हार हुई। इसी बयान में जुकरबर्ग ने भारत का भी नाम लिया जिसपर भारत ने कड़ी आपत्ति जताई थी। सूचना प्रसारण एवं रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव ने पहले कडा संज्ञान लेते हुए जुकरबर्ग के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उसे झूठा बताया था।

**यह था बयान**

जुकरबर्ग ने गत 10 जनवरी के पॉडकास्ट में कहा था, "संयुक्त राज्य अमेरिका में बहुत से लोग इसे एक अमेरिकी घटना के रूप में देखते हैं, लेकिन मुझे लगता है कि कोविड की प्रतिक्रिया ने दुनिया भर में कई सरकारों में विश्वास की कमी पैदा की, क्योंकि 2024 दुनिया भर में एक बड़ा चुनावी वर्ष था और आप जानते हैं कि भारत जैसे कई देशों में चुनाव हुए और मौजूदा सरकारें, मूल रूप से हर एक में हार गईं।"

# केंद्रीय गृह मंत्री शाह करेंगे वडनगर में कई प्रमुख विकास परियोजनाओं का उद्घाटन




**गांधीनगर।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह, गुजरात के मेहसाणा जिले के ऐतिहासिक शहर वडनगर में कई प्रमुख विकास परियोजनाओं का आज उद्घाटन करेंगे। इनमें पुरातत्व अनुभव संग्रहालय, प्रेरणा संकुल और स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स शामिल हैं। इन परियोजनाओं के तहत वडनगर को एक नया रूप मिलेगा, जिससे पर्यटकों के लिए यह शहर और भी आकर्षक बन जाएगा। राज्य सरकार वडनगर में बुनियादी ढांचे और पर्यटन सुविधाओं के विकास में जुटी हुई है। इस दिशा में किए गए प्रयासों में आईआईटी खड़गपुर, आईआईटी गुवाहाटी, आईआईटी गांधीनगर और आईआईटी रुड़की द्वारा वडनगर पर विस्तृत शोध कार्य शामिल है। इसके साथ ही, बौद्ध सर्किट का हिस्सा बनने वाले वडनगर रेलवे स्टेशन का विकास भी हुआ है, जिससे पर्यटकों को यहां पहुंचने में आसानी होगी।

## खनौरी बॉर्डर पर बढ़ा तनाव

किसान नेता डल्लेवाल के पक्ष में

# आमरण अनशन पर बैठे 111 किसान



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अपनी मांगों के प्रति केंद्र सरकार के उदासीन रवैये की आलोचना करते हुए 111 किसानों के एक समूह ने अपने नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के साथ एकजुटता दिखाते हुए बुधवार को आमरण अनशन शुरू कर दिया। डल्लेवाल का अनिश्चितकालीन अनशन 51वें दिन भी जारी रहा। प्रदर्शनकारी किसानों ने डल्लेवाल के बिगड़ते स्वास्थ्य पर चिंता जताते हुए कहा कि लंबे समय तक अनशन करने के कारण 70 वर्षीय डल्लेवाल के कई अंगों के काम करना बंद करने का खतरा है। दरअसल, संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) के संयोजक डल्लेवाल पिछले साल 26 नवंबर से पंजाब और हरियाणा के बीच खनौरी सीमा पर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर हैं।




# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, गुरुवार 16 जनवरी 2025



#startupindia

भारत सरकार

## स्टार्टअप इंडिया के 9 वर्ष
## कई उपलब्धियां और उत्कर्ष

2016 में
ना के बराबर
स्टार्टअप्स

आज
1,57,000
से ज्यादा स्टार्टअप्स

2016 में
ना के बराबर
यूनिकॉर्न

आज
100+
यूनिकॉर्न

आज देश के
48%
स्टार्टअप्स में
कम से कम एक
महिला डायरेक्टर है

देश के
95%
जिलों में हैं
स्टार्टअप्स

स्टार्टअप्स से विभिन्न सेक्टर्स में
17.2 लाख+
डायरेक्ट जॉब्स का
सृजन हुआ है

हमारे स्टार्टअप्स को करीब
₹13 लाख
करोड़
की फंडिंग मिली है



CBC 05201/13/0022/2425

## चिंतन

# भारत की सैन्य ताकत रक्षा व विकास के लिए

भारत की सैन्य क्षमता आत्मरक्षा, शांति और विकास के लिए है। राष्ट्र ने आज 77वां सेना दिवस मनाया है। आजादी के बाद अतीत में देश पर पांच युद्ध थोपे गए। भारत को चार बार पाकिस्तान से और एक बार चीन से जंग लड़नी पड़ी। भारत ने आक्रामकता और विस्तारवाद की नीति के तहत कभी भी कोई युद्ध या सैन्य संघर्ष नहीं किया है। मुंबई स्थित नौसेना डॉकयार्ड में नौसेना के तीन अग्रणी युद्धपोतों आईएनएस सूरत, आईएनएस नीलगिरी और आईएनएस वाघशीर को आज ही राष्ट्र को समर्पित किया गया है। यह पहली बार हो रहा है, जब एक डिस्ट्रॉयर (विध्वंसक), एक फ्रिगेट और एक पनडुब्बी को एक साथ नौसेना के बेड़े में शामिल किया गया है। ये तीनों स्वदेशी हैं। फ्रिगेट, युद्ध के लिए इस्तेमाल होने वाले जहाज होते हैं। इस मौके पर पीएम नरेन्द्र मोदी ने विश्व को आश्वस्त करते हुए संदेश दिया है कि 21वीं सदी के भारत के सैन्य सामर्थ्य का अधिक सक्षम और आधुनिक होना उसकी प्राथमिकताओं में से एक है, लेकिन इसका मकसद विस्तारवाद नहीं बल्कि विकासवाद की भावना है। भारत अपनी सैन्य ताकत को इसलिए हाईटेक और मजबूत बना रहा है, ताकि देश अपनी विकास यात्रा को निर्बाध जारी रख सके। भारत की सैन्य शक्ति दूसरे किसी मुल्क को न परेशान करने के लिए है और न ही विस्तारवाद की नीयत से है। पर हां, भारत की तरफ जो भी आंख उठाकर देखेगा, उसको माकूल जवाब दिया जाएगा। भारत ने आधुनिक हथियार, टैंक, मिसाइल, फाइटर प्लेन, परमाणु पनडुब्बी, हाईटेक युद्धपोतों आदि से अपनी सैन्य क्षमता को लैस किया है, जिससे भारत की सेना आज विश्व की बड़ी शक्तिशाली सेना बन गई है। संयुक्त राष्ट्र की शांति सेना दल में भी भारत महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। भारत अपने पड़ोसियों की भी सैन्य रक्षा करता रहा है। हिंद-प्रशांत महासागर, अरब सागर, लाल सागर, अदन की खाड़ी आदि जलक्षेत्र में बड़ी नौवहन ताकत है। ग्लोबल साउथ में भारत चीन के बाद दूसरी बड़ी सैन्य शक्ति है, लेकिन चीन की सैन्य शक्ति पर दूसरे मुल्कों को भरोसा नहीं है, कारण चीन के अपने सभी 13 पड़ोसी देशों के साथ सीमा विवाद है और चीन की विस्तारवादी नीति विवादों में रही है, चीन किसी के लिए भरोसेमंद नहीं है। इसलिए ग्लोबल साउथ के कोई भी देश चीन से खुद को सुरक्षित नहीं समझते हैं, जबकि भारत के प्रति सकारात्मक भरोसा है। प्रधानमंत्री के शब्दों में आज भारत को पूरे विश्व और 'ग्लोबल साउथ' में एक भरोसेमंद और जिम्मेदार साथी के रूप में पहचाना जा रहा है। भारत एक प्रमुख समुद्री शक्ति है। भारत ने हमेशा एक खुले, सुरक्षित, समावेशी और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र का समर्थन किया है। 1962 युद्ध के बाद गलवान की घटना ने चीन को भारत की नजर में अविश्वसनीय बना दिया है। इसलिए सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी सेना दिवस पर दो टूक चेतावनी दी है कि गलवान में जो कुछ हुआ, वैसा मंजर फिर नहीं होना चाहिए। भारत अपने पड़ोसियों के साथ शांतिपूर्ण संबंधों का पक्षधर रहा है, पर उकसाने पर मुंहतोड़ जवाब भी दिया है और आगे भी देता रहेगा। भारत ने अपने सीमाई क्षेत्र में सड़क, रेल, एयरपोर्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया है, सैन्य उपकरण निर्माण में आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ा है। विकसित भारत सैन्य व सामरिक रूप से भी बहुत मजबूत होगा और आज का सैन्य रूप से समर्थ भारत वैश्विक सुरक्षा, अर्थव्यवस्था और भू-राजनीतिक गतिशीलता को दिशा देने में प्रमुख भूमिका निभा रहा है। भारत में विश्व की श्रेष्ठ सैन्य ताकत बनने की क्षमता है।



## विस चुनाव

राज कुमार सिंह

# क्या दिल्ली की सत्ता में खिलेगा कमल

> पांच साल में तीन मुख्यमंत्रियों के प्रयोग के बावजूद भाजपा 1998 के विधानसभा चुनाव में अपनी हार नहीं टाल पायी और कांग्रेस बाजी मार ले गयी। ग्रामीण क्षेत्रों में जनता पार्टी या जनता दल के असर को अपवाद मान लें तो दिल्ली की राजनीति में हमेशा भाजपा (जो पहले जनसंघ रही) और कांग्रेस का ही दबदबा रहा, लेकिन 1998 में बहुमत मिलने पर कांग्रेस ने भी, पहले उत्तर प्रदेश में राजनीति करती रहीं शीला दीक्षित को मुख्यमंत्री बनाया। हां, भाजपा ने जहां पांच साल में तीन मुख्यमंत्री बदले, वहीं शीला दीक्षित ने लगातार तीन बार कांग्रेस सरकार बनाकर रिकॉर्ड बना दिया। हालांकि भाजपा नगर निगम से लेकर विधानसभा तक कांग्रेस को कड़ी चुनौती देती रही।

दिल्ली की सियासत भी अजब है। लोकसभा चुनाव में भाजपा को सभी सातों सीटें जिताने वाले मतदाता विधानसभा चुनाव में उसे दिल्ली की सत्ता के पास नहीं फटकने दे रहे। नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बने हैं। ज्यादातर राज्यों में भी भाजपा या उसके गठबंधन की सरकार हैं, लेकिन देश का दिल कही जाने वाली दिल्ली में कमल नहीं खिल पा रहा। दिल्ली की सत्ता से भाजपा के वनवास को 27 साल होने वाले हैं। निश्चय ही यह स्थिति दिल्ली भाजपा के नेताओं पर बड़ा सवालिया निशान लगाती है।

आजादी के बाद पहले चुनाव में कांग्रेस के चौधरी ब्रह्मप्रकाश दिल्ली के पहले मुख्यमंत्री बने थे, लेकिन फिर दिल्ली को केंद्र शासित क्षेत्र घोषित करते हुए विधानसभा समाप्त कर दी गयी। 1956 से 1993 तक दिल्ली में राष्ट्रपति शासन रहा। दिल्ली में फिर विधानसभा बहाल होने के बाद 1993 में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा को जनादेश मिला। तब दिल्ली में भाजपा नेताओं की चर्चित तिकड़ी होती थी- केदारनाथ साहनी, विजय कुमार मल्होत्रा और मदनलाल खुराना। उसी तिकड़ी के एक सदस्य मदनलाल खुराना मुख्यमंत्री बनाये गये, लेकिन हालात कुछ ऐसे बिगड़ते गये कि पांच साल में भाजपा को तीन मुख्यमंत्री बदलने पड़े। खुराना को हटा कर 1996 में दिल्ली देहात के बड़े नेता साहिब सिंह वर्मा को मुख्यमंत्री बनाया गया तो 1998 के विधानसभा चुनाव से बमुश्किल तीन महीने पहले हरियाणा मूल की सुषमा स्वराज को मुख्यमंत्री बना दिया गया।

पांच साल में तीन मुख्यमंत्रियों के प्रयोग के बावजूद भाजपा 1998 के विधानसभा चुनाव में अपनी हार नहीं टाल पायी और कांग्रेस बाजी मार ले गयी। ग्रामीण क्षेत्रों में जनता पार्टी या जनता दल के असर को अपवाद मान लें तो दिल्ली की राजनीति में हमेशा भाजपा (जो पहले जनसंघ रही) और कांग्रेस का ही दबदबा रहा। दोनों के पास दिल्ली में दिग्गज नेता भी रहे, लेकिन 1998 में बहुमत मिलने पर कांग्रेस ने भी, पहले उत्तर प्रदेश में राजनीति करती रहीं शीला दीक्षित को मुख्यमंत्री बनाया। हां, भाजपा ने जहां पांच साल में तीन मुख्यमंत्री बदले, वहीं शीला दीक्षित ने लगातार तीन बार कांग्रेस सरकार बनाकर रिकॉर्ड बना दिया। हालांकि भाजपा नगर निगम से लेकर विधानसभा तक कांग्रेस को कड़ी चुनौती देती रही। लेकिन भ्रष्टाचार के विरुद्ध जन लोकपाल मुद्दे पर अन्ना हजारे के आंदोलन के बाद बनी आम आदमी पार्टी (आप) के उदय से कांग्रेस के साथ-साथ भाजपा भी हाशिये पर फिसलती गयी। बेशक आप की भागीदारी वाले 2013 के पहले विधानसभा चुनाव में 31 सीटों के साथ भाजपा सबसे बड़े दल के रूप में उभरी, लेकिन 28 विधायकों वाली आप, आठ विधायकों वाली कांग्रेस के समर्थन से सरकार बनाने में सफल हो गयी। हालांकि अरविंद केजरीवाल की वह सरकार 49 दिन ही चल पायी। कांग्रेस पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए वैकल्पिक राजनीति की वकालत करने वाले अरविंद केजरीवाल और उनकी पार्टी को कांग्रेस से उस दोस्ती के लिए कठघरे में खड़ा कर भाजपा खुद को आगे ला सकती थी, लेकिन बुढ़ाते नेतृत्व की जगह नये नेतृत्व को उभारने में नाकामी और प्रधानमंत्री मोदी पर ही पूरी तरह निर्भरता उसे भारी पड़ी। 2013 के विधानसभा चुनाव में



सबसे बड़े दल के रूप में उभरने के बावजूद भाजपा ने 2015 के चुनाव में अपने नेताओं को नजरअंदाज कर रिटायर्ड महिला आईपीएस अधिकारी किरण बेदी को मुख्यमंत्री का चेहरा बनाया।

शायद भाजपा अन्ना हजारे के दो शिष्यों केजरीवाल और किरण बेदी के बीच चुनावी मुकाबले से अपनी सत्ता की बिसात बिछाना चाहती थी, लेकिन दिल्ली वालों की नजर में दोनों के बीच कोई मुकाबला ही नहीं था। मतदाताओं ने आप को 70 में 67 सीटें जिताकर अभूतपूर्व बहुमत दे दिया। भाजपा मात्र तीन सीटों पर सिमट गयी तो कांग्रेस का खाता तक नहीं खुला। किरण बेदी के प्रयोग से चुनावी हार से भी बड़ा नुकसान यह हुआ कि भाजपा के अपने नेता उपेक्षा से हताश हो गये और पार्टी के परंपरागत मिडल क्लास वोट बैंक में भी सेंध लग गयी। उसके बाद भी केंद्र में सत्तारूढ़ होने के नाते देश की राजधानी दिल्ली में खुद को अपने पैरों पर खड़ा कर पाना भाजपा के लिए ज्यादा मुश्किल नहीं होना चाहिए था, पर प्रभावी स्थानीय नेतृत्व की कसौटी पर वह लगातार नाकाम रही। अन्ना आंदोलन से बनी छवि का लाभ उठाने के लिए अराजनीतिक किरण बेदी पर 2015 में दांव लगाया तो 2020 के विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी की कमान कभी अमर सिंह के सानिध्य में समाजवादी पार्टी से राजनीति शुरू करने वाले भोजपुरी कलाकार मनोज तिवारी को सौंप दी।

शायद भाजपा को लगा कि जिस पूर्वांचली वोट बैंक की बदौलत तीन बार शीला दीक्षित कांग्रेस सरकार बना गयीं और फिर केजरीवाल दो बार मुख्यमंत्री बन गये, वह मनोज तिवारी की लोकप्रियता से खिंचा उसके पाले में चला आयेगा, पर निराशा ही हाथ लगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के जबर्दस्त चुनाव प्रचार के बावजूद भाजपा आठ सीटों से आगे नहीं बढ़ पायी। बेशक कांग्रेस लगातार दूसरी बार खाता खोलने में भी नाकाम रही। उसके बाद भी भाजपा जरूरी सबक सीख कर प्रभावी स्थानीय नेतृत्व उभारने में सफल नजर नहीं आती। पूर्व सांसद प्रवेश वर्मा जनाधार वाले नेता माने जा सकते हैं, लेकिन उनकी पहचान पूर्व मुख्यमंत्री साहिब सिंह वर्मा सरीखे सज्जन राजनेता का बेटा होने के बावजूद 'भड़काऊ' बयानबाजी तक सिमट गयी है। डॉ हर्षवर्धन और विजय गोयल हाशिये पर भेज दिये गये हैं। आठ महीने पहले हुए लोकसभा चुनाव में सात में से छह सांसदों के टिकट काटने से भी यही संकेत गया कि वे दिल्ली में भाजपा की नेतृत्व-रणनीति की कसौटी पर खरा नहीं उतरे। प्रभावी स्थानीय नेतृत्व का अभाव भी एक बड़ा कारण है कि लोकसभा में एकतरफा समर्थन करने वाले दिल्लीवासी विधानसभा चुनाव में भाजपा को पूरी तरह नकारते रहे हैं।

अभी तक तो संदेश तो यही है कि राष्ट्रीय राजनीति में भाजपा के मुकाबले आप कहीं नहीं ठहरती तो दिल्ली की राजनीति में केजरीवाल के सामने भाजपा का कोई नेता नहीं टिकता। दिल्ली के विधानसभा चुनाव में भाजपा का इरादा किसी को मुख्यमंत्री का चेहरा बनाने का तो नहीं है, लेकिन प्रवेश वर्मा को नयी दिल्ली विधानसभा सीट से आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल के विरुद्ध उम्मीदवार बनाये जाने से लगता है कि उन्हें राज्य की राजनीति में लाया जा रहा है। देहात के नेता को पूर्ण शहरी क्षेत्र से चुनाव लड़ाने के पीछे की रणनीति तो भाजपा ही बेहतर समझती होगी, लेकिन देहात की कुछ सीटों पर उसे फायदा मिल सकता है। उसी की काट के रूप में केजरीवाल ने जाट आरक्षण का दांव चला है। यह देखना दिलचस्प होगा कि ऐन चुनाव के वक्त ये दांवपेच मतदाता का मन कितना बदल पाने में कामयाब होंगे। जाहिर है, बड़ा सवाल भाजपा के दिल्ली की सत्ता से वनवास की समाप्ति का है।

(लेखक राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## दिवस विशेष

डॉ. रमेश ठाकुर



# स्टार्टअप्स ने आत्मनिर्भर मिशन को लगाए पंख

राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस सालाना 16 जनवरी को मनाया जाता है जिसकी शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सन् 2022 में की गई थी। प्रधानमंत्री की ये सबसे विज़नरी योजनाओं में एक है जिसकी मौजूदा वक्त में चारों ओर धूम है। स्टार्टअप योजना ने असंख्य लोगों के लिए न सिर्फ रोजगार के विभिन्न अवसर मुहैया करवाए, बल्कि आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में भारतीयों में ललक भी पैदा की। 'राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस' के मनाने का मकसद समूचे देश में स्टार्टअप के प्रति प्रचलन को बढ़ाना और विभिन्न क्षेत्रों के कारोबारियों के योगदान को जन-जन तक पहुंचाना होता है। निश्चित रूप से स्टार्टअप योजना से देश की आबादी आत्मनिर्भर हो रही है। बीते तीन वर्ष के आंकड़े बताते हैं कि योजना किस हद तक सफलता के कदम चूम रही है। योजना के तहत लोग बैंकों से कम ब्याज पर लोन लेकर अपना व्यवसाय शुरू करने लगे हैं। गौरतलब है कि योजना का श्रीगणेश करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्टार्टअप इकाइयों को नए भारत का 'आधार-स्तंभ' यूं ही नहीं कहा था। उन्हें पता था कि स्टार्टअप छोटे बिजनेस का वह प्रारूप है जो धीरे-धीरे आत्मनिर्भर भारत की रीढ़ बनेगा। कमोबेश, वैसा होता दिखने भी लगा है। भारत की 142 करोड़ आबादी में अभी तक 13 करोड़ लोग बीते 3 वर्षों में स्टार्टअप की विभिन्न इकाइयों से जुड़ चुके हैं।

योजना युवक-युवतियों को नित नई दिशा दिखाने और भारतीय कारोबारियों की उपलब्धियों को बढ़ावा देने में लगी है। जो लोग कभी नौकरी मांगते थे, वो अब दूसरों को नौकरियां देने लगे हैं। सरकारी आंकड़ों पर गौर करें, तो रोजगार के क्षेत्र में स्टार्टअप ने असीम संभावनाओं के द्वार खोले हैं। हालांकि, भारत में स्टार्टअप का स्वर्णिम युग अभी आना बाकी है। पर, जिस हिसाब से शुरुआत इस योजना की हुई है उससे प्रतीत होता है कि आने वाले दिनों में बिजनेस का आधार स्तंभ साबित होगा स्टार्टअप। 'राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस' के इस खास दिन के जरिए युवाओं के मन में स्टार्टअप की ललक को पैदा करना और मेक-इन-इंडिया जैसी जरूरी योजनाओं के प्रति जागरुकता के अलावा भारतीय अर्थव्यवस्था को और पंख लगाना भी केंद्र सरकार का मुख्य मकसद है। स्टार्टअप के सकारात्मक नतीजे पूरे भारत में देखने को मिल रहे हैं। शुरुआत में जिन लोगों ने कुछ लाख रूपयों से शुरू किया स्टार्टअप, अब करोड़ों टर्नओवर में पहुंच गया है। लोगों का अगरबत्ती, ई-साइकिल, आचार, सिलाई, जरी, कपड़े आदि का बिजनेस छोटे स्तर से शुरू हुआ, जो आज बड़े कारोबार में तब्दील हो चुका है। आज 'स्टार्टअप दिवस' के मौके पर केंद्र सरकार की ओर से कई और भी लाभकारी सहूलितों की घोषणाएं की जाएंगी, जो प्रत्येक वर्ष की जाती हैं। क्योंकि स्टार्टअप आधुनिक भारत की एक ऐसी इकाई है जो प्रौद्योगिकी विकास, बौद्धिक संपदा से प्रेरित नए उत्पादकों, रोजगार के अवसरों, व्यवसायिक नवाचारों, उन्नती, प्रविस्तारण और व्यवसायीकरण की दिशा में पंख लगा रही है। दरअसल, स्टार्टअप इंडिया के साथ पंजीकरण करने से कई लाभ मिलते हैं, जिनमें लगातार तीन वित्तीय वर्षों के लिए टैक्स में छूट, उच्च गुणवत्ता वाली बौद्धिक संपदा सेवाओं और सुविधा प्रदाताओं में वित्तीय लाभ सरकार से लोग प्राप्त करते हैं। स्टार्टअप योजना प्रधानमंत्री की आत्मनिर्भर भारत बनाने की मुख्य योजनाओं में गिनी जाती है। इसके जरिए वह सभी को रोजगार के धंधों से जोड़ना चाहते हैं। योजना को लेकर उनका एक विजन है जिसका उन्होंने 2030 तक टारगेट तय किया हुआ है। भारत के भविष्य को लेकर प्रधानमंत्री की मज़बूत दृष्टि है। भविष्य में होने वाले बदलावों और विकासों को वह अच्छे से समझते हैं। स्टार्टअप उनकी दूरदर्शी और दिव्यदर्शी योजना है जिसके जरिए वह भारत को आत्मनिर्भर बनाना चाहते हैं। स्टार्टअप इंडिया भारत सरकार की एक प्रमुख पहल है जिसका उद्देश्य देश में स्टार्टअप्स और नये विचारों के लिए एक मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करना है जिससे देश का आर्थिक विकास हो एवं बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर उत्पन्न हों। स्टार्टअप्स के लिए वेंचर ऋण उपलब्ध कराने के लिए बैंकों और अन्य उधारदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार प्रति वर्ष 2500 करोड़ रुपये की एक प्रारंभिक निधि आवंटित करती है। पिछले वर्ष राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस के मौके पर केंद्र सरकार ने एक और नई पहल शुरू की है। अब स्टार्टअप्स में इन्क्यूबेटरों द्वारा निवेश कर से मुक्त कर दिया गया है। यह योजना महिला उद्यमियों और एससी और एसटी समुदायों के उद्यमियों को 10 लाख रुपये से 1 करोड़ रुपये तक की सब्सिडी वाली ऋण राशि प्रदान करती है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# किसी एक काम को ही बेहतर करें



संकलित

## दर्शन

पुराने समय में भारद्वाज मुनि थे। वे देवगुरु बृहस्पति के पुत्र थे। भारद्वाज बहुत सारा ज्ञान हासिल करना चाहते थे। उनकी सोच ये थी कि उन्हें संसार की सारी बातों का ज्ञान हो जाए। इसके लिए वे लगातार अध्ययन करते रहते थे। एक दिन बृहस्पति ने अपने पुत्र भारद्वाज से कहा कि पूरे संसार का ज्ञान वेदों में है। अगर तुम वेद पढ़ लोगे तो समझ लो कि तुमने पूरा ज्ञान हासिल कर लिया है। पिता की बात मानकर भारद्वाज वेद पढ़ने लगे। भारद्वाज मुनि की संकल्प शक्ति और पढ़ाई की एकाग्रता देखकर देवराज इंद्र प्रसन्न हो गए और वे भारद्वाज के सामने प्रकट हुए। इंद्र ने कहा कि मैं तुम्हारी लगन देखकर बहुत प्रसन्न हूं। तुम मुझसे कोई भी वर मांग सकते हो। भारद्वाज ने इंद्र से कहा कि संसार में ज्ञान बहुत सारा है, लेकिन मेरी उम्र बहुत कम है। कृपया करके मेरी उम्र सौ साल बढ़ा दीजिए। इंद्र ने भारद्वाज की उम्र सौ वर्ष और बढ़ा दी। भारद्वाज मुनि को ज्ञान हासिल करते-करते सौ वर्ष भी बीत गए। इसके बाद देवराज इंद्र ने उनकी उम्र सौ साल और बढ़ा दी। अगले सौ साल और बीत गए, लेकिन भारद्वाज को पूरा ज्ञान नहीं मिल सका। जब अगले 100 भी बीत गए गए, तब इंद्र भारद्वाज के सामने प्रकट हुए और बोले कि भारद्वाज सामने तीन पहाड़ हैं। क्या हम इन पहाड़ों से एक मुट्ठी मिट्टी लेकर इन पहाड़ों की व्याख्या कर सकते हैं? ये संभव नहीं है। ठीक इसी तरह संसार का ज्ञान है। संसार का ज्ञान अथाह है। किसी एक व्यक्ति के लिए पूरा ज्ञान हासिल करना संभव नहीं है।

# कपड़े की उपयोगिता दिखावे के लिए नहीं



संकलित

## प्रेरणा

संत कबीर रोज अपने शिष्यों को और अन्य लोगों को उपदेश दिया करते थे। कबीर जी के उपदेश सुनने एक धनी व्यक्ति भी आता था। धनी व्यक्ति कबीर दास जी से बहुत प्रभावित था। एक दिन उस धनी व्यक्ति ने देखा कि कबीर दास जी जो कुर्ता पहनते हैं, वह बहुत पुराना हो गया और कुर्ता बहुत ही सामान्य कपड़े से बना था। अगले दिन धनी व्यक्ति एक मूल्यवान कुर्ता लेकर पहुंचा और कबीर दास को उपहार में दे दिया। कुर्ता मखमल से बना था। बाहर की ओर से कुर्ता मखमली था और अंदर की ओर उसमें सामान्य कपड़ा लगा था। धनी व्यक्ति ने सोचा था कि अब कबीर दास जी उसका दिया हुआ कुर्ता पहनेंगे। अगले दिन जब वह व्यक्ति फिर से कबीर दास जी के पास पहुंचा तो उसने देखा कि कबीर जी ने उल्टा कुर्ता पहना है। दरअसल, कबीर दास जी के कुर्ते का मलमल वाला हिस्सा अंदर की ओर था और बाहर सामान्य कपड़ा दिख रहा था। उस धनी व्यक्ति ने कबीर जी से पूछा कि ये आपने क्या किया? आपने तो कुर्ता उल्टा पहना है? सभी लोगों ने भी कबीर दास जी से पूछा कि कुर्ता मूल्यवान है तो आपने इसे उल्टा क्यों पहना है? कबीर जी ने कहा कि ये कुर्ता देखकर मैंने सोचा कि मखमल शरीर को स्पर्श होगा तो शरीर को ज्यादा बेहतर लगेगा, क्योंकि ये कपड़ा तो शरीर के लिए ही हैं। दिखाने के लिए तो साधारण हिस्सा ही काफी है। दूसरों को हमारे कपड़ों से क्या लेना-देना?

## अंतर्मन




## आज की पाती

### अनिद्रा की बीमारी महामारी का रूप धारण कर लेगी

भारत सारी दुनिया में विश्व गुरु बनने की राह पर प्रगतिशील है, मगर विकास यात्रा के नाम पर विदेशों का कचरा भी भरा जा रहा है। इस बदलते हुए वातावरण में आदमी का जीवन स्तर पहले से ज्यादा बेहतर हुआ, मगर हम असली-नकली का अंतर करने में फेल हो रहे हैं। हर माल का डुप्लीकेट पहुंच गया है। आज के दौर में हर इनसान का आहार तक नकली हो गया है, फिर धर्म की रक्षा कौन करेगा? नई-नई बीमारियां फैल रही हैं, कोरोना के बाद अब आशंका है कि अनिद्रा की बीमारी वैश्विक महामारी का रूप धारण कर लेगी। वर्ष 2037 तक भारत भी इससे प्रभावित होगा, अतः इसकी रोकथाम के लिए अभी से कारगर योजना का निर्माण शुरू हो जाना चाहिए। *– संकेत गुप्ता, रायगढ़*

## ट्रेंड

### कांग्रेस को खारिज करेंगे लोग



कांग्रेस का इतिहास उन सभी ताकतों को प्रोत्साहित करने का रहा है जो कमजोर भारत चाहते हैं। सत्ता के लिए उनके लालच का मतलब देश की अखंडता से समझौता करना और लोगों के विश्वास को धोखा देना था। लेकिन, अब जनता ने तय कर लिया है कि वे राहुल गांधी और उनकी सड़ी-गली विचारधारा को खारिज करेंगे।

-जेपी नड्डा, भाजपा अध्यक्ष

### संविधान पर हमला



मोहन भागवत की यह दुस्साहसिक टिप्पणी कि भारत को 1947 में सच्ची आजादी नहीं मिली, हमारे स्वतंत्रता सेनानियों, प्रत्येक भारतीय नागरिक का अपमान और हमारे संविधान पर हमला है।

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

### गैर-जिम्मेदार स्टार्टअप



यह दु:खद है कि एक गैर-जिम्मेदार स्टार्टअप के कारण वर्षों के अत्याधुनिक प्रयास जलकर राख हो गए। आग एक प्रमुख जोखिम कारक है जिससे गंभीर तैयारियों के साथ निपटा जाना चाहिए।

-किरण मजूमदार-शॉ, उद्यमी

### 'रूद्राष्टकम' का श्रवण



संतों, सिद्धों, गुरुजनों का कहना है कि 'रूद्राष्टकम' का पठन या श्रवण अशांत चित्त को शांति प्रदान करता है, हमें अवसाद से आनंद की ओर ले जाता है, हृदय में व्याप्त शंकाओं को समाप्त कर हमें निःशंक कर देता है।

-आशुतोष राणा, अभिनेता

## करंट अफेयर

# बाइडन ने दो नए राष्ट्रीय स्मारकों की घोषणा की



अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने मंगलवार को कैलिफोर्निया में दो स्थलों को राष्ट्रीय स्मारक के रूप में नामित किया। लॉस एंजिलिस के जंगल में लगी आग के कारण ये घोषणा स्थगित कर दी गई थी। ये राष्ट्रीय स्मारक मूल अमेरिकी जनजातियों के सम्मान में बनाए जाएंगे तथा मनोरम दृश्यों वाले पर्वतीय क्षेत्रों और रेगिस्तानों को खनन एवं ऊर्जा विकास के कार्यों से बचाएंगे। बाइडन ने व्हाइट हाउस (अमेरिकी राष्ट्रपति का आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) में एक कार्यक्रम में यह घोषणा की। राष्ट्रपति छह जनवरी को कैलिफोर्निया पहुंचे, लेकिन उनके लॉस एंजिलिस पहुंचने से पहले ही तेज हवाओं के कारण जंगल में लगी आग ने विकराल रूप ले लिया। इसके कारण अधिकारियों को कार्यक्रम रद्द करना पड़ा। बाइडन ने दक्षिणी कैलिफोर्निया में जोशुआ ट्री नेशनल पार्क के पास चकवाला राष्ट्रीय स्मारक और उत्तरी कैलिफोर्निया में सत्तित्ला हाइलैंड्स राष्ट्रीय स्मारक की औपचारिक रूप से घोषणा की। उन्होंने कहा, 'उम्मीद थी कि इसकी घोषणा उसी स्थान पर होती लेकिन ऐसा नहीं हो सका।'

## ऑफ बीट

# बीएमआई नहीं बता सकता कि हम स्वस्थ हैं या नहीं




हम जानते हैं कि 'बॉडी मास इंडेक्स' (बीएमआई) किसी के वजन और उससे जुड़े स्वास्थ्य के आकलन के लिए उपयुक्त प्रक्रिया नहीं है, लेकिन यह चिकित्सकों, जनसंख्या शोधकर्ताओं और निजी प्रशिक्षकों के लिए यह उपयोगी उपकरण बना हुआ है। बीएमआई लोगों को चार वजन श्रेणियों में वर्गीकृत करने की एक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त जांच विधि है : कम वजन (बीएमआई 18.5 से कम), सामान्य वजन (18.5 से 24.9), अधिक वजन (25.0 से 29.9) या मोटापा (30 या अधिक)। किसी के वजन को उसकी लंबाई के वर्ग से विभाजित करके इसका पता लगाया जाता है। बेल्जियम के गणितज्ञ लैम्बर्ट एडोल्फ जैकस क्यूटलेट (1796-1874) ने औसत पश्चिमी यूरोपीय व्यक्ति की शारीरिक विशेषताओं का पता लगाने के लिए 1832 में एक गणितीय मॉडल 'बीएमआई' को इजाद किया था। इसे शुरू में क्यूटलेट इंडेक्स कहा गया और इसे कभी भी चिकित्सकीय आकलन का उपकरण नहीं माना गया। 1972 में क्यूटलेट इंडेक्स को 'बॉडी मास इंडेक्स' कहा गया। गणितीय सूत्र का उपयोग करके किसी के स्वास्थ्य का पूरा आकलन करना संभव नहीं है।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



29 जनवरी को मौनी अमावस्या चलेंगी विशेष ट्रेनें

पौष पूर्णिमा, मकर संक्रांति के दो प्रमुख स्नान में 6 करोड़ ने लगाई डुबकी

# महाकुंभ में मौनी अमावस्या पर आएंगे 8-10 करोड़ श्रद्धालु

कड़ाके की ठंड के बावजूद जोश और उत्साह से लबरेज श्रद्धालुओं ने बुधवार को महाकुंभ में त्रिवेणी संगम पर डुबकी लगाई। 'हर हर महादेव', 'जय श्री राम' और 'जय गंगा मैया' के जयकारे लगाते हुए श्रद्धालुओं ने संगम पर स्नान किया। इस बीच, 29 जनवरी को मौनी अमावस्या पर महाकुंभ में 8-10 करोड़ श्रद्धालुओं के संगम स्नान की संभावना है। ऐसे में यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए हैं।

एजेंसी ▶▶| महाकुंभनगर

वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बीते तीन दिनों की स्थिति की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पौष पूर्णिमा और मकर संक्रांति के दो प्रमुख स्नान पर्वों पर छह करोड़ से अधिक लोगों ने त्रिवेणी स्नान का पुण्य लाभ प्राप्त किया। बयान के



मुताबिक, आगामी 29 जनवरी को मौनी अमावस्या के अवसर पर 8-10 करोड़ लोगों के आगमन की संभावना है। ऐसे में व्यवस्थाओं को और बेहतर करने की आवश्यकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि रेलवे के साथ संवाद बनाकर महाकुंभ विशेष ट्रेनों का समयबद्ध आवागमन सुनिश्चित कराया जाए। ट्रेनों की संख्या बढ़ाई जानी चाहिए।

## कड़ाके की ठंड के बीच श्रद्धालुओं में जोश और उत्साह



उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले के निवासी 62 वर्षीय निबर चौधरी ने कहा, मैंने पहली बार संगम में डुबकी लगाई है। डुबकी लगाने के बाद वास्तव में एक दम तरोताजा महसूस हुआ। चौधरी के साथ आए शिवराम वर्मा ने कहा कि उनका अनुभव अच्छा रहा और यहां प्रशासन ने श्रद्धालुओं के लिए उचित व्यवस्था की है। पहली बार यहां आईं लखनऊ निवासी नैंसी भी यहां की व्यवस्था को देखकर संतुष्ट नजर आईं। उन्होंने कहा, महाकुंभ में अब तक मेरा अनुभव अच्छा रहा है। पड़ोसी जिले फतेहपुर के निवासी अभिषेक ने कहा, कुल मिलाकर अनुभव अच्छा रहा। उन्होंने कहा कि उन्हें किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। कानपुर निवासी विजय कठेरिया ने महाकुम्भ में किए गए सुरक्षा इंतजाम की सराहना की। उन्होंने कहा, श्रद्धालुओं के लिए पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं।

### महाकुंभ से रवाना हुई लॉरेन पॉवेल

प्रयागराज के महाकुंभ मेले में आकर सुर्खियों में छाईं एप्पल के सह संस्थापक स्टीव जॉब्स की पत्नी लॉरेन पॉवेल जॉब्स ने अपने गुरु और पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरि से मंगलवार को दीक्षा ले ली। गुरु जी ने लॉरेन पॉवेल को काली का बीज मंत्र दिया। दीक्षा में पॉवेल ने गुरु जी को दक्षिणा में जो भी दिया वह गुप्त है। इसके बाद वे प्रयागराज से रवाना हो गईं।

छत्तीसगढ़ में पहली बार किसी घोटाले में पूर्व मंत्री की गिरफ्तारी

# शराब घोटाले में पूर्व मंत्री कवासी लखमा गिरफ्तार, ईडी की हिरासत में रहेंगे 7 दिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

दो हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के शराब घोटाले में ईडी ने आखिरकार पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा को गिरफ्तार कर लिया। उनके चार ठिकानों पर छापे और कई दौर की पूछताछ के बाद ईडी ने पर्याप्त साक्ष्य का दावा करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर लिया। लखमा को कोर्ट में पेशकर आगे पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया गया है। अदालत ने सात दिनों की रिमांड मंजूर की है।

ईडी ने कवासी को दो बार पूछताछ करने के बाद तीसरी पूछताछ में गिरफ्तार किया है। सूत्रों के मुताबिक ईडी के सवालों का पूर्व आबकारी मंत्री संतोषजनक जवाब नहीं दे रहे थे, इस वजह से उन्हें गिरफ्तार किया ▶▶|शेष पेज 2 पर





### पूर्व में कहा था 25 बार आऊंगा

कवासी लखमा, उनके बेटे से ईडी के अफसरों ने आठ-आठ घंटे तक पूछताछ की थी। पूछताछ में शामिल होने जाने से पहले कवासी ने कहा था, कानून के हिसाब से ईडी उसे पूछताछ करने बुलाती है, तो वे एक नहीं 25 बार पूछताछ में शामिल होने आऊंगा। उन्होंने ईडी के सभी सवालों के जवाब देने की बात की थी।



### इस वजह से गिरफ्तारी

सूत्रों के मुताबिक पूछताछ में ईडी के अफसरों को सही जवाब देने के बजाय गोल-मोल जवाब दे रहे थे। साथ ही ईडी को कवासी लखमा गुमराह करने की कोशिश कर रहे थे। निवास में मिले साक्ष्य को नकारने की कोशिश कर रहे थे। ईडी के अफसरों ने बुधवार को भी कवासी लखमा से उनके परिजनों की संपत्ति की जानकारी मांगी। इस पर कवासी लखमा ने ईडी से पुनः समय देने की मांग की। इस वजह से ईडी ने कवासी लखमा से पूछताछ करने गिरफ्तार कर कोर्ट में रिमांड हासिल की।

### दर्जनभर गिरफ्तार

शराब घोटाला मामले में ईडी तथा ईओडब्लू अलग-अलग कार्रवाई करते हुए अब तक एक दर्जन लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। शराब घोटाला मामले में ईडी तथा ईओडब्लू पूर्व आईएएस अनिल टूटेजा, सीएसएमसीएल के तत्कालीन एमडी एपी त्रिपाठी, ▶▶|शेष पेज 2 पर

### आकाओं के इशारे पर ईडी की साजिश



पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, पूर्व मंत्री और वरिष्ठ विधायक कवासी लखमा की गिरफ्तारी बदले की भावना से की गई कार्रवाई है। केंद्र सरकार में बैठे अपने आकाओं के इशारे पर ईडी कांग्रेस नेताओं ▶▶|शेष पेज 2 पर

### कवासी बने भूपेश का मोहरा



प्रदेश के वन और सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने कहा है कि कवासी लखमा, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के षड्यंत्रों के शिकार हैं। बघेल ने अपने घोटालों को अंजाम देने के लिए लखमा ▶▶|शेष पेज 2 पर

## डीपीएस के एनुअल डे में सीएम बोले-शिक्षा से ही होता है विकास







*बिलासपुर। डीपीएस स्कूल का एनुअल डे बुधवार को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि शिक्षा से ही विकास होता है। इस अवसर पर प्रदेश डिप्टी सीएम अरुण साव, हरियाणा के पूर्व मंत्री कैप्टन अभिमन्यु, वीरसेन सिंधु, हरिभूमि-आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी, पूर्व मंत्री एवं विधायक अमर अग्रवाल, विधायक धरमलाल कौशिक, विधायक सुशांत शुक्ला, पूर्व विधायक रजनीश सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद, कमिश्नर महादेव कावरे, आईजी डॉ. संजीव शुक्ला सहित बड़ी संख्या में विशिष्टजन मौजूद थे। इस अवसर पर बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति दी।*

-संबंधित खबर पेज -7 पर

### यूजीसी नेट अब 21 और 27 को

**नई दिल्ली।** एनटीए की यूजीसी नेट परीक्षा अब 21 जनवरी और 27 जनवरी को होगी। 21 जनवरी की परीक्षा सुबह की शिफ्ट में 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगी, जबकि 27 जनवरी को परीक्षा दोपहर 3 बजे से 6 बजे तक होगी।

## एसआईटी जांच में खुलासा, आरक्षक ने अभ्यर्थियों से लिए थे पैसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

हरिभूमि फॉलोअप

आरक्षक भर्ती मामले में संदिग्ध रहे पुलिस आरक्षक अनिल रत्नाकर द्वारा आत्महत्या मामले में अब एसआईटी की रिपोर्ट सामने आ गई है। रिपोर्ट के मुताबिक मृतक आरक्षक इस पूरी गड़बड़ी में शामिल था और उसने अभ्यर्थियों से अंक बढ़ाने के एवज में पैसे लिए थे। उसके द्वारा लगाए गए ▶▶|शेष पेज 2 पर

### अधिकारियों के शामिल होने के सबूत नहीं

पुलिस विभाग के मुताबिक एसआईटी द्वारा अब तक की जांच में उपलब्ध तकनीकी साक्ष्य, सीसीटीवी फुटेज, सीडीआर, बैंक स्टेटमेंट, ▶▶|शेष पेज 2 पर

### 42 गवाहों से हुई पूछताछ

मामले में विशेष जांच टीम द्वारा जांच में 42 गवाहों का कथनों, तकनीकी साक्ष्यों, सीसीटीवी फुटेज, सीडीआर, बैंक स्टेटमेंट का विश्लेषण किया गया है। जांच पर यह पाया गया कि मृतक अनिल रत्नाकर द्वारा अभ्यर्थियों के नंबर में हेरफेर किया गया है।

SIKSHA 'O' ANUSANDHAN
SAAT-2025
Empowering students for a brighter future
HOTEL MANAGEMENT PROGRAMMES
BHMCT (Bachelor of Hotel Management and Catering Technology)
MBA (Hospitality Management)
APPROVAL & RECOGNITIONS
Approved by UGC and AICTE
Re-accredited by NAAC with A++ Grade
Granted with Category-1 Graded Autonomy by UGC
NBA Accredited Programmes
NIRF INDIA RANKINGS 2024
14th Best in University Category
INTERNATIONAL RANKINGS 2025
Ranked in QS World Rankings 2025
Ranked in Times World Rankings 2025
To apply for admission through SAAT, Please visit: www.soa.ac.in

बैद्यनाथ
च्यवनप्राश
सच्चा है, सेहत के लिए अच्छा है।



पॉवर ऑफ 3 बेहतर इम्यूनिटी ज्यादा एनर्जी शक्ति व स्फूर्ती
बैद्यनाथ च्यवनप्राश है सम्पूर्ण च्यवनप्राश, जो बनता है पारम्परिक अवलेह-पाक विधि से। बैद्यनाथ च्यवनप्राश शुद्ध घी में बनाया जाता है। इसमें है बहुमूल्य औषधियों के गुण, जिससे आपको मिले इम्यूनिटी, शक्ति व स्फूर्ती।
सच्चा है, अच्छा है
च्यवन-फिट शुगरफ्री च्यवनप्राश भी उपलब्ध
www.baidyanath.co

MushroomAD
Mushroom Soup Powder
हेल्थी बॉडी, कॉन्फिडेंस रेडी
लाखो ग्राहकों का विश्वास



भारत में सबसे ज्यादा बिकने वाला मशरूम उत्पाद
मशरूम के प्राकृतिक गुणों से भरपूर
भूख व वजन बढ़ाने में सहायक
दुबलेपन को दूर करने में सहायक
प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में सहायक
गैस तथा एसिडीटी के लिए भी लाभदायक
उर्जावान बनाने व कॉन्फिडेंस बढ़ाने में सहायक
कमजोरी हटाने व नया खुन बनाने में सहायक



सभी मेडिकल्स में उपलब्ध. For More details Trade Enquiry 9373556677, 9325551111
राजनांदगांव : महेश एजन्सी-7000616262, विश्वनाथ फार्मा-9406265404
SS - ताराचंद चिखलांदीया - 8889669996, पंकज मेडीकोज, बिलासपुर -6261187686,



# लेते रहें ओमेगा थ्री फैटी एसिड
# कई बीमारियों से होगा बचाव



शरीर में विटामिंस, कैल्शियम की तरह ही ओमेगा-3 फैटी एसिड की भी आवश्यकता होती है। इसकी कमी से कई समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए ओमेगा-3 फैटी एसिड से भरपूर फूड्स को आप अपनी डाइट में जरूर शामिल करें।

**डाइट सजेशन**
चेतना झा

शरीर में ओमेगा-3 फैटी एसिड की कमी कई समस्याओं का कारण बनती है। इससे थकान, याददाश्त कमजोर होना, ड्राई स्किन, दिल के रोग, मूड स्विंग, तनाव, ब्लड सर्कुलेशन का बिगड़ना जैसे गंभीर लक्षण महसूस हो सकते हैं। यह मस्तिष्क के स्वास्थ्य के लिए भी आवश्यक है। पुरुषों के लिए रोजाना 1,600 मिलीग्राम और महिलाओं के लिए 1,100 मिलीग्राम की मात्रा में इसकी आवश्यकता होती है।

### ये होते हैं फायदे



ओमेगा-3 फैटी एसिड आपकी त्वचा को मुलायम, नमी से युक्त और झुर्रियों से मुक्त रखता है। त्वचा को डिहाइड्रेट होने से बचाता है। यह मुंहासों को आने से रोकता है। इतना ही नहीं यह सूर्य की रोशनी से त्वचा को होने वाले नुकसान से रक्षा करता है। गर्भावस्था के दौरान ओमेगा-3 फैटी एसिड के सेवन से गर्भवती महिलाओं के साथ-साथ गर्भस्थ शिशु का शरीर भी निरोग रहता है। हृदय संबंधी रोगियों के लिए ओमेगा-3 फैटी एसिड वरदान की तरह है। ओमेगा-3 फैटी एसिड में भरपूर फाइबर होता है। इसके सेवन से पेट भरा-भरा महसूस होता है और अधिक भोजन ग्रहण करने से हम बचते हैं। इस तरह मोटापा कम करने में सहायक है। आंखों की रेटिना, ओमेगा थ्री के नियमित सेवन से स्वस्थ रहती हैं। ओमेगा 3 फैटी एसिड हाई ब्लड प्रेशर को कम करता है और गुड कोलेस्ट्रॉल (एचडीएल) के लेवल को बढ़ाता है। रक्त के थक्के बनने से रोकता है। यह सूजन को कम करता है और धमनियों के कार्य को गतिशील रखता है। टाइप 1 डायबिटीज में भी ओमेगा-3 फैटी एसिड राहत दिलाता है। शरीर में ओमेगा-3 फैटी एसिड की कमी से आंत संबंधी रोग, भूलने की बीमारी (अल्जाइमर) जैसी बीमारियां भी हो सकती हैं। यह लिवर को फैटी होने से रोकने में मदद पहुंचाता है। इसके साथ ही लिवर की सूजन को भी कम करता है। ओमेगा-3 फैटी एसिड हड्डियों में कैल्शियम की मात्रा बढ़ाता है। इससे ऑस्टियोपोरोसिस का जोखिम कम होता है। यह जोड़ों के दर्द में कमी लाता है और मांसपेशियों को मजबूत देता है।

### ओमेगा-3 फैटी एसिड के स्रोत

अब जान लेते हैं कि किन फूड आइटम्स में यह पाया जाता है?

**चिया सीड्स:** चिया सीड्स ओमेगा-3 फैटी एसिड से भरपूर होती है। 28 ग्राम चिया सीड्स में 5,050 मिलीग्राम ओमेगा-3 पाया जाता है।

**अखरोट:** अखरोट में एएलए ओमेगा-3 फैटी एसिड होता है। 28 ग्राम या लगभग 14 अखरोट में 2,570 मिलीग्राम ओमेगा-3 पाया जाता है।

**अलसी:** अलसी ओमेगा-3 फैटी एसिड का खजाना है। इसे तेल, चटनी आदि रूप में इस्तेमाल कर सकते हैं। 10.3 ग्राम अलसी के बीज में 2,350 मिलीग्राम ओमेगा-3 पाया जाता है।

**सोयाबीन:** सोयाबीन में ओमेगा-3 फैटी एसिड बहुत अधिक होता है। 1/2 कप (47 ग्राम) सूखे भुने हुए सोयाबीन में 670 मिलीग्राम ओमेगा-3 फैटी एसिड होता है।

**अन्य स्रोत:** इनके अलावा सरसों, मेथी के बीज, काला चना, लाल राजमा, सहजन की पत्तियां, पालक आदि भी ओमेगा-3 फैटी एसिड के मुख्य शाकाहारी स्रोत हैं। वहीं ओमेगा-3 के मांसाहारी स्रोत में अधिक वसा वाली मछलियां जैसे कि सैल्मन, टूना आदि शामिल हैं। *

**(सीनियर डायटीशियन डॉ. मनीषा घई से बातचीत पर आधारित)**

---

अकसर कम तापमान, धूप की कमी, छोटे दिन और लंबी रातें होने की वजह से सर्दियों में मानसिक स्थिति में उतार-चढ़ाव बहुत ज्यादा होता है। अवसाद, चिड़चिड़ापन और अनावश्यक तनाव से बचने और हैप्पी रहने के लिए अपनाएं कुछ खास उपाय।

# सर्दी के मौसम में मन रहेगा हैप्पी

**हेल्थ सजेशन**
शिखर चंद जैन

सर्दी के मौसम में कुछ लोग बहुत डल या कहें लो फील करते हैं। इससे बचाव के लिए आप कुछ आसान उपाय आजमा सकते हैं।

### फोटो थेरेपी है इफैक्टिव

प्रकाश चिकित्सा में, जिसे फोटो थेरेपी भी कहा जाता है, आप एक विशेष प्रकाश बॉक्स से कुछ फीट की दूरी पर बैठते हैं ताकि आप प्रत्येक दिन जागने के पहले घंटे के भीतर उज्ज्वल प्रकाश के संपर्क में आ सकें। प्रकाश चिकित्सा नेचुरल लाइट्स की नकल करती है और मूड से जुड़े मस्तिष्क रसायनों में बदलाव लाती है।

### आजमा सकते हैं आर्ट थेरेपी

मस्तिष्क में डोपामाइन और सेरोटोनिन जैसे फील गुड न्यूरोट्रांसमीटर बढ़ाने के लिए मनोवैज्ञानिक और व्यवहार विशेषज्ञ इन दिनों आर्ट और क्रिएटिव थेरेपी का इस्तेमाल कर रहे हैं। मानसिक स्वास्थ्य को दुरुस्त करने के लिए यह एक प्रभावी तकनीक है। कई अध्ययनों में पता चला है कि कला से जुड़ी गतिविधियां, मस्तिष्क में फील गुड हार्मोंस का स्राव बढ़ाती हैं। आप चाहें तो पेंटिंग या ड्राइंग जैसी गतिविधियों में इंवॉल्व हो सकते हैं।

### कलर थेरेपी



मूड स्विंग जैसी समस्याओं में बेहद कारगर है कलर थेरेपी। ऐसा न सिर्फ हमारे पूर्वजों और कुदरती चिकित्सा विशेषज्ञों का मानना था बल्कि आधुनिक मनोवैज्ञानिकों का अध्ययन भी इसका समर्थन करता है। रंग चिकित्सा उपचार का बेहद प्राचीन तरीका है। आज की भाषा में इसे क्रोमोथेरेपी कहते हैं। रिसर्च बताते हैं कि पीले और नारंगी रंग दिमाग में सेरोटोनिन नामक फील गुड हार्मोन का स्तर बढ़ाते हैं। इससे मूड बेहतर होता है, शरीर में पॉजिटिव एनर्जी बढ़ती है तथा क्रिएटिविटी के लिए मोटिवेशन मिलता है। आपको अपने घर में सूर्य की रोशनी से मिलते-जुलते पीले नारंगी रंगों का उपयोग करना चाहिए या वैकल्पिक रूप से आप क्रोमोथेरेपी लैंप भी आजमा सकते हैं।

### फॉरेस्ट बाथिंग



हम दिनों दिन कुदरत से दूर होते जा रहे हैं। पहले हमारे घरों के बाहर और आस-पास भरपूर हरियाली व पेड़-पौधे होते थे। इस कमी से बचने के लिए जापान, फिनलैंड, अमेरिका और साउथ कोरिया में फॉरेस्ट बाथिंग की परंपरा है। लेकिन फॉरेस्ट बाथिंग की शुरुआत सबसे पहले सन 1980 में जापान में एक मनोवैज्ञानिक अभ्यास के रूप में हुई। जापानी भाषा में इसे शिनरिन योकू कहा जाता है। इसमें प्रकृति के साथ सीधा जुड़ाव होता है। इसमें लोगों को पक्षियों की आवाज सुनने, पेड़ों को गले लगाने और उनकी महक को महसूस करने के लिए प्रेरित किया जाता है। वैज्ञानिकों का कहना है कि जंगल की हवा में पेड़ों से निकलने वाले प्राकृतिक रसायन फाइटोसायनाइड होते हैं, जो तनाव के हार्मोन को कम करते हैं। इसके अलावा ये खुशी बढ़ाने वाले सेरोटोनिन हार्मोन का लेवल बढ़ाते हैं। प्रकृति के बीच बिताया गया समय मन की शांति और स्थिरता लाने वाली मस्तिष्क की अल्फा वेव्स को सक्रिय करता है। यह थेरेपी दिल की धड़कन को भी दुरुस्त करती है। अध्ययन में सामने आया कि इससे तनाव कम रहता है और जीवन की गुणवत्ता बेहतर होती है।

### बायोयूरल बीट्स थेरेपी



अलग-अलग फ्रीक्वेंसी की बीट्स सुनने से मूड स्थिर होता है। कई अध्ययनों में पता चला है कि अलग-अलग फ्रीक्वेंसी की ध्वनि तरंगों को सुनना मन को सुकून देने वाला होता है। विभिन्न फ्रीक्वेंसी की ध्वनि तरंगों को सुनने से मस्तिष्क एक नई फ्रीक्वेंसी प्रोसेस कर लेता है। यह प्रक्रिया मस्तिष्क की तरंगों को अल्फा, बीटा, थीटा या डेल्टा स्टेट में लाती है। अल्फा तरंगों से मन शांत होता है, जबकि थीटा तरंगों से भावनात्मक संतुलन बढ़ता है। इन्हें रेग्युलर सुनने से न्यूरोलॉजिकल संतुलन बेहतर होता है। आप चाहें तो मन को सुकून देने के लिए अल्फा या थीटा फ्रीक्वेंसी पर आधारित बीट्स सुन सकते हैं।

इन सरल उपायों से सर्दी के इस मौसम में आपका मन उदास नहीं होगा। *

---

**सीजनल डिजीज**

# मौसमी रोगों में प्रभावी आयुर्वेदिक औषधियां



सर्दी जैसे-जैसे बढ़ रही है, लोगों में जुकाम, खांसी और श्वसन संबंधित समस्याएं भी काफी देखी जा रही हैं। वहीं दूसरी तरफ प्रदूषण के बढ़ते स्तर के कारण भी यह समस्या और गंभीर होती जा रही है। इस दौरान एलर्जी के कारण भी संक्रमण और तेजी से फैलता है। इस मौसम में खांसी, निमोनिया, रेस्पिरेटरी सिन्सिटियल वायरस से होने वाला संक्रमण, फ्लू और प्रदूषण से होने वाली समस्याएं काफी बढ़ रही हैं। इनसे बचाव के लिए श्वसन संबंधित स्वास्थ्य और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए ध्यान देना अत्यंत आवश्यक है। ऐसे में आयुर्वेद के विशेषज्ञ इस मौसम में स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं से बचाव के लिए सबसे पहले शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के महत्व पर जोर देते हैं।

**रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाएं:** प्रवेक कल्प के आयुर्वेद विशेषज्ञ और कंसल्टेंट, **डॉ. जीएस तोमर** के अनुसार, 'हमें रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाले उपायों और दवाओं के बारे में जागरूकता पैदा करने की आवश्यकता है, क्योंकि वे लंबे समय तक आपको स्वस्थ रखते हैं। आयुर्वेद उपचार पद्धति में शरीर के संपूर्ण स्वास्थ्य के महत्व पर जोर दिया जाता है, जिसके कारण ना सिर्फ आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है बल्कि प्रदूषण और मौसम में परिवर्तन के कारण जो श्वसन संबंधित समस्याएं आती हैं, उससे बचाव में भी मदद मिलती है।'

**ये औषधियां हैं कारगर:** आयुर्वेद विशेषज्ञों के अनुसार, शाकाहारी सिल्वर वरक, शुद्ध केसर, मुक्ता पंचामृत और शुद्ध शहद जैसी आयुर्वेदिक औषधियां हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता तो बढ़ाती ही हैं, साथ ही ये औषधियां श्वसन स्वास्थ्य के लिए विशेष रूप से फायदेमंद हैं। **डॉ. तोमर** कहते हैं, 'सिल्वर वरक अपने कायाकल्प गुणों के लिए जाना जाता है। शुद्ध केसर जीवन शक्ति को बढ़ाता है। मुक्ता पंचामृत, श्वसन स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है। शुद्ध शहद ऊर्जा को बढ़ाता है और एक प्राकृतिक प्रतिरक्षा बढ़ाने वाले के रूप में कार्य करता है। खांसी और जुकाम के लिए कफ कल्प या प्रतिरक्षा बढ़ाने के लिए रजतप्राश जैसे आयुर्वेदिक फॉर्मूलेशन का दैनिक सेवन कई लाभ प्रदान करता है। ये मौसमी संक्रमणों से लड़ने के लिए प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करते हैं, खांसी, जुकाम और अन्य श्वसन समस्याओं को कम करने में मदद करते हैं। ये प्रदूषण से होने वाली एलर्जी से भी राहत प्रदान करते हैं।' ***प्रस्तुतिः सेहत फीचर्स**

---

**मौसमी फल**

# स्वादिष्ट-गुणकारी अमरूद



अमरूद को कुदरत ने कई स्वास्थ्यवर्धक गुणों से भरपूर किया है। प्रांतीय भाषाओं में यह अनेक नामों से प्रसिद्ध है। जैसे जामफल, पेरु, सफरी, लताम और अमरूद। आयुर्वेद के विद्वानों ने उत्तम स्वास्थ्य के लिए फलों का सेवन उपयोगी बताया है। अन्य फलों की तरह ही अमरूद को भी स्वास्थ्यवर्धक और गुणकारी फल माना जाता है। अपने स्वाद और गुणों के कारण ही यह आम लोगों का प्रिय फल माना जाता है। जाड़ों में इसकी पैदावार खूब होती है। एक दूसरी जाति के अमरूद के अंदर का हिस्सा लाल होता है, जो अधिक गुणकारी होता है। इसमें कई जरूरी पोषक तत्व पाए जाते हैं जैसे-प्रोटीन, खनिज लवण, कार्बोहाइड्रेट, कैल्शियम, फास्फोरस और आयरन आदि। इसके बीजों में आयरन की मात्रा अधिक होती है। अमरूद खाते समय इसके बीजों को फेंकने के बजाय खूब चबा-चबा कर खाना चाहिए। इससे विटामिन सी की प्राप्ति होती है। लेकिन अगर अमरूद ज्यादा खा लें तो तुरंत हजम करने के लिए जरा सी सौंफ या गुड़ खाने से शीघ्र लाभ मिलता है। बच्चों को अमरूद खिलाते समय ध्यान रखें कि इसको बीज, छिलके समेत चटनी की तरह खूब पीस कर खिलाना हितकर है। यह भी ध्यान रखें कि अमरूद कच्चा न हो और छील कर भी न खाया जाए। नहीं तो कब्ज हो सकता है।

**कई तरह से लाभकारी:** जिनको हाथ-पैरों में जलन महसूस होती हो उनको भोजन के बाद अमरूद अवश्य खाना चाहिए। जो लोग कब्ज से परेशान हैं, उनके लिए भोजन से पहले अमरूद खाना लाभकारी है।

गठिया रोग से ग्रस्त लोगों को दर्द से राहत के लिए इसको खूब पीस कर जोडों पर लेप लगाना चाहिए। दांत दर्द, मसूड़ों की परेशानी में इसके पत्ते चबाने और पत्तों का काढ़ा बनाकर जरा सी फिटकरी मिला कर कुल्ला करने से खून आना बंद होता है। किसी भी प्रकार का सिर दर्द हो तो इसको पत्थर पर पीस कर सिर पर लेप लगाना लाभकारी है। लेकिन यह लेप सूरज निकलने से पहले करना जरूरी है। पुराना घाव जो भरता न हो तो इसकी जड़ का काढ़ा बनाकर घाव धोना लाभकारी है। खांसी-जुकाम हो तो भूभल में इसको भून कर नमक लगा कर खाना हितकर है। भांग या धतूरे का नशा दूर करने के लिए अमरूद खिलाना और इसके पत्तों का रस पिलाना लाभकारी है। यहां बताए गए उक्त सभी उपचार-उपाय सामान्य हैं। प्रयोग करने से पहले अपने स्थानीय वैद्यजी या आयुर्वेद विशेषज्ञ से सलाह अवश्य करें। *

**-वैद्य हरिकृष्ण पांडेय 'हरीश'**

---

सर्दी के मौसम में कई वजहों से लोग हाई बीपी से ग्रस्त हो जाते हैं। इससे कई तरह के हेल्थ रिस्क बढ़ सकते हैं। ऐसे में जरूरी है कि उन कारणों से बचा जाए, जो बीपी को हाई करते हैं। साथ ही डॉक्टर से कंसल्ट कर होम्योपैथिक दवा का भी सेवन कर सकते हैं।

# सर्दियों में हाई बीपी कर सकते हैं कंट्रोल

**ट्रीटमेंट**
डॉ. एम. डी. सिंह
होम्योपैथ स्पेशलिस्ट



आमतौर पर सर्दी के मौसम में बीमारियां कम होती हैं। खासतौर से बैक्टीरिया और पैरासाइट्स के कारण उत्पन्न होने वाली बीमारियां इस मौसम में कुछ कम हो जाती हैं। लेकिन कई लोगों को हाई बीपी की प्रॉब्लम घेर लेती है।

**हाई बीपी के कारण:** ठंड के कारण धमनियों का संकुचित हो जाना, जिससे रक्त के प्रवाह को सामान्य बनाए रखने के लिए हार्ट को अधिक कार्य करना पड़ता है। रक्त में गाढ़ापन और कभी-कभी थक्के बनना। इससे भी शिराओं और धमनियों में रक्त संचार धीमा और बलपूर्वक होने लगता है, जो ब्रेन, हार्ट, किडनी और फेफड़े चारों के लिए घातक है। धमनियों में अवरोध के कारण मस्तिष्क में रक्त संचार की कमी। जिसके कारण मस्तिष्क सुस्त होने लगता है। जिसकी पूर्ति ब्रेन, हार्ट रेट और रक्त संचार को बढ़ाकर करता है। पसीने से नमक काफी अधिक मात्रा में शरीर से बाहर जाता है। लेकिन जाड़े के मौसम में पसीना नहीं निकलता, जिसके कारण भी नमक का कंसंट्रेशन रक्त में बढ़ जाता है, जो उच्च रक्तचाप का एक प्रमुख कारण है। जाड़े के मौसम में ठंड और आलस्य के कारण लोग लिहाफ से बाहर नहीं निकलना चाहते। वार्मअप, व्यायाम और योगासन जैसी जरूरी और रक्त संचार को सक्रिय रखने वाली प्रक्रियाएं घट जाती हैं, जो रक्त के जमाव को प्रोत्साहित करती हैं। फलस्वरूप उच्च रक्तचाप बढ़ जाता है। जाड़े में स्पाइसी और तैलीय भोजन का प्रयोग बढ़ने से लिवर फंक्शन प्रभावित होता है। रक्त वाहिकाओं में कोलेस्ट्रॉल का जमाव होने लगता है, जो रक्तचाप को बढ़ावा देता है।

**हाई बीपी के दुष्प्रभाव:** रक्तचाप के बढ़ जाने से मस्तिष्क की धमनियां फट सकती हैं। जाड़े के दिनों में मॉर्निंग वॉक या टॉयलेट में इसे अकसर होते हुए पाया जाता है।

- रक्त के थक्के जम जाने, कोलेस्ट्रॉल की मात्रा बढ़ जाने, अथवा हार्ट को जमे हुए रक्त को संचालित करने के लिए ज्यादा काम करना पड़ता है। जिसके कारण उसके मस्कुलेचर को कोरोनरी आर्टरी प्रचुर मात्रा में रक्त प्रदान नहीं कर पाती। यही एंजाइना, हार्ट ब्लॉक और हार्ट अटैक का कारण बनता है।
- मस्तिष्क की अति सक्रियता के कारण अमाशय में एचसीएल और पेप्सिन का स्राव बढ़ जाता है, जो हाइपरएसिडिटी का कारण बनता है और पाचन को प्रभावित करता है।
- सिर दर्द, अवसाद, बेचैनी, चिड़चिड़ापन और बात-बात पर गुस्सा करना।

**बचाव के उपाय:** आप इन उपायों पर अमल करें-

- यथासंभव खुद को ठंडक से बचाइए।
- सुबह वार्म अप करके ही बाहर टहलने निकलें।
- रोज सुबह घर में ही व्यायाम किया जाए।
- सुबह पूरे शरीर में तेल की मालिश कर यदि संभव हो तो कुछ समय तक धूप का सेवन करें।
- हंसने और खिलखिलाने से परहेज न करें। इससे अवसाद से बच सकेंगे।
- हरी सब्जियों, सलाद, फल और दूध का सेवन करें।
- शहद का सेवन करें। भोजन में नमक की मात्रा कम करें।
- गर्म वस्त्रों और अन्य साधनों से शरीर के तापमान को नियंत्रित रखें।
- भोजन में विटामिन डी, ए, सी और बी12 को जरूर शामिल करें।
- फास्ट फूड और अत्यधिक तैलीय भोजन से बचें।



**होम्योपैथिक दवाएं:** अपने होम्योपैथिक डॉक्टर से कंसल्ट कर एकोनाइट, जेल्सीमियम, आरम मेटालिकम, बेराइटा म्यूर, आर्सेनिक एल्ब, लैकेसिस, थूजा, क्रेटेगस आक्स, आर्निका मांट, जिंजिबर, वेरेट्रम विरिडी, राउल्फिया सर्पेंटाइना, ऐड्रीनलिन और इग्नेशिया में से किसी दवा का सेवन कर सकते हैं। किसी भी दवा का अपने मन से सेवन कभी न करें। *

**-सेहत फीचर्स**

---

**डॉक्टर्स सजेशन**



डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# खतरनाक नहीं है एचएमपीवी संक्रमण



**मेरी उम्र 61 वर्ष है। इन दिनों एचएमपीवी संक्रमण के बारे में खबरें आ रही हैं। क्या यह बहुत खतरनाक है? इससे बचने के लिए हमें क्या सावधानियां बरतनी चाहिए?**

**-राम आसरे, जबलपुर**

यह वायरस सर्दी-जुकाम जैसे लक्षण उत्पन्न करने वाला है। इसलिए इससे घबराने की जरूरत नहीं है। अभी तक जो रिपोर्ट्स आ रही हैं, उससे पता चलता है कि यह कोरोना जितना खतरनाक भी नहीं है। लेकिन सर्दी के इस मौसम में आप इससे बचने की कोशिश करें। ध्यान रखें, ज्यादा एक्सपोजर न हो। घर से बाहर निकलें तो सिर और कान कवर करके ही निकलें। कोशिश करें कि सुबह और शाम जब ठंड अधिक हो तो घर से बाहर न निकलें।

**मेरी उम्र 46 वर्ष है। मैं जब सीढ़ी चढ़ता हूं या थोड़ा भी तेज चलता हूं तो सांस फूलने लगती है। क्या ऐसा हार्ट प्रॉब्लम की निशानी है? प्लीज बताएं मुझे क्या करना चाहिए?**

**-जगतवीर, झज्जर**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा ही लग रहा है कि आपको या तो हार्ट संबंधी समस्या होगी या फिर सांस रोग से संबंधित कोई प्रॉब्लम है। इसलिए आप इसमें लापरवाही न बरतें और तुरंत हार्ट रोग विशेषज्ञ से संपर्क करें। वे ईको और टीएमटी कराकर यह पता लगाएंगे कि क्या वाकई हार्ट की प्रॉब्लम है। उसके बाद ट्रीटमेंट शुरू होगा।

**मेरी उम्र 54 वर्ष है। सर्दी में जब भी मुझे जुकाम होता है तो उसके ठीक होने के बाद कई दिनों तक सूखी खांसी आती रहती है। ऐसा क्यों होता है? इसका कोई स्थाई उपचार बताएं।**

**-जतिन, कांकेर**

इस तरह की समस्या कई लोगों में देखी जाती है। इसका कारण एलर्जी होती है, जिससे सर्दी शुरू होते ही खांसी बढ़ जाती है। इसके लिए आप सुबह और शाम गुनगुने पानी से गरारा करें और दिन में गर्म पानी पिएं। इसके अलावा आप ठंडा पानी या फ्रिज में रखी ठंडी चीजें न खाएं। खट्टी चीजें खाने से भी परहेज करें। इस तरह आपको राहत मिलेगी।

**मेरी उम्र 39 वर्ष है। मुझे कई वर्षों से माइग्रेन की समस्या है। वैसे तो यह दर्द महीने-डेढ़ महीने में उभरता है। लेकिन जाड़े के मौस्म में सप्ताह में हर दूसरे-तीसरे दिन होता है। इससे राहत का कृपया प्रभावी उपचार बताएं।**

**-अविरल, भिलाई**

माइग्रेन की समस्या से राहत पाने के लिए थोड़ा आपको ध्यान रखना चाहिए। यानी उन चीजों से बचना चाहिए, जिनसे आपको लगता है कि माइग्रेन शुरू हो जाता है। जैसा कि आप बता रहे हैं सर्दी के मौसम में आपको माइग्रेन अधिक होता है, इसका सीधा अर्थ है आपको सर्दी से बचना चाहिए। इस मौसम में कम से कम एक्सपोजर करें। इसके अलावा अगर घर से बाहर निकलना पड़ रहा है तो आप पूरी तरह से वूलेन कपड़े पहन कर ही निकलें। सिर और कान ढंक कर निकलें। कोशिश करें मुंह-नाक पर मास्क लगाकर निकलें। इस तरह बचाव करने से ही आपको माइग्रेन से राहत मिल सकती है।

**मेरी उम्र 57 वर्ष है। मेरी किडनी में 3 मिमी के कुछ स्टोंस हैं। कभी-कभी बहुत पेट दर्द होता है। क्या ऑपरेशन करवाना पड़ेगा या यूरीन से यह निकल सकता है?**

**-महेंद्र, ईमेल से**

आपको डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। क्योंकि ट्रीटमेंट इस बात पर डिपेंड करता है कि किस जगह स्टोन है? डॉक्टर अल्ट्रासाउंड करा कर पता करेंगे और उसके बाद ही ऑपरेशन करने पर निर्णय लेंगे। लेकिन इसके चेकअप में आप देर न करें। जल्द डॉक्टर से संपर्क करें। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

रायपुर
गुरुवार, 16 जनवरी 2025
माघ कृष्ण पक्ष तृतीय
वर्ष : 23, अंक : 181
पृष्ठ : 16+4 +4 = 24 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 29.0
न्यून. 16.5

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



06 'इमरजेंसी' बांग्लादेश में नहीं होगी रिलीज

विचार पेज
क्या दिल्ली की सत्ता में खिलेगा कमल

यूजीसी द्वारा प्रारंभ किया गया था 'स्वयं पोर्टल'

# तकनीकी विवि ने प्राध्यापकों के 600 लेक्चर रिकॉर्ड किए, फूंक दिए डेढ़ करोड़ रुपए, बवाल के बाद जांच

रुचि वर्मा ▶▶ रायपुर

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

स्वामी विवेकानंद तकनीकी विवि में रिकॉर्डिंग को लेकर बवाल मचा हुआ है। विवि ने प्रोफेसर्स के 40 से 45 मिनट का एक लेक्चर रिकॉर्ड करने के लिए 25 हजार रुपए एजेंसी को दे दिए। बीते सत्र में पूरे 600 लेक्चर रिकॉर्ड किए गए। इन सभी का भुगतान प्रति लेक्चर 25 हजार की दर से किया गया है। इस तरह से सीएसवीटीयू ने एक करोड़ 50 लाख की राशि रिकॉर्डिंग पर खर्च डाली। वह भी तब, जब विवि के पास उनका स्वयं का रिकॉर्डिंग स्टूडियो है, जहां इस तरह की सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं। कुछ वर्ष पूर्व ही इसका उद्घाटन किया गया था। जब विवाद बढ़ा तो राजभवन तक शिकायत गई। वहां से मंत्रालय को आदेशित किया गया और मंत्रालय ने विवि प्रबंधन को शिकायत की जांच करने कहा। ▶▶ शेष पेज 2 पर

### सभी विश्वविद्यालयों को इसमें अपलोड करने थे अपने प्राध्यापकों के लेक्चर वीडियो

#### इधर... प्राध्यापकों को नहीं मिले पांच हजार

जिन प्राध्यापकों के व्याख्यान अपलोड करके वेबसाइट पर अपलोड किए गए हैं, उन प्राध्यापकों को पांच हजार रूपए प्रति व्याख्यान प्रदान किए जाने थे। रिकॉर्डिंग करने वाली एजेंसी को थोक में पैसे आवंटित कर दिए गए हैं, लेकिन प्राध्यापकों को अब तक पांच हजार रूपए की राशि भी प्रदान नहीं की जा सकी है।




#### छद्म पता

मंत्रालय से आदेश के पश्चात हमने जांच कमेटी बैठाई थी। जिस पते से शिकायत की गई थी, उसे पते पर खत लिखकर संबंधित व्यक्ति को उपस्थित होने कहा गया था, लेकिन पता ही छद्म पाया गया। ये तथ्य हमने आगे प्रेषित कर दिया है।
- **अंकित अरोरा**, कुलसचिव, सीएसवीटीयू

#### क्या है स्वयं

दरअसल, स्वयं यूजीसी द्वारा शुरु की गई एक योजना है। इस योजना के अंतर्गत विश्वविद्यालयों को अपने प्राध्यापकों के व्याख्यान रिकॉर्ड करके अपने पोर्टल पर अपलोड करने होते हैं। इस वीडियो को कोई भी छात्र निशुल्क रूप से देख सकता है। इस योजना को लागू करने के पीछे उद्देश्य यह था कि यदि कोई छात्र कक्षा में अनुपस्थित रहता है अथवा उसे कोई पुराना लेक्चर पुनः देखना है तो उसके लिए ये चीजें सहजता के साथ उपलब्ध रहें।

## खबर संक्षेप

### एलटीसी में तेजस, वंदे भारत में कर सकेंगे सफर

**नई दिल्ली।** केंद्र ने अपने कर्मचारियों को अवकाश यात्रा रियायत (एलटीसी) के तहत तेजस, वंदे भारत और हमसफर ट्रेनों से यात्रा करने की अनुमति दे दी है। यह कदम विभिन्न कार्यालयों और व्यक्तियों से कई सुझाव मिलने के बाद उठाया गया है। मौजूदा राजधानी, शताब्दी और दुरंतो ट्रेनों के अलावा अब सरकारी कर्मचारियों की पात्रता के अनुसार एलटीसी के तहत तेजस एक्सप्रेस, वंदे भारत एक्सप्रेस और हमसफर एक्सप्रेस ट्रेनों में यात्रा की अनुमति होगी।



### पूजा खेडकर को 14 फरवरी तक राहत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने आरोपी आईएएस की पूर्व प्रशिक्षु अधिकारी पूजा खेडकर को 14 फरवरी तक गिरफ्तारी से राहत दी। खेडकर पर आरक्षण का लाभ लेने के लिए यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा, 2022 के आवेदन में गलत जानकारी देने का आरोप है। न्यायमूर्ति बी. वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने अग्रिम जमानत के अनुरोध वाली खेडकर की याचिका पर दिल्ली सरकार और यूपीएससी को नोटिस जारी किया।



### रेलगाड़ी के आगे पटरी पर रखा बड़ा पत्थर

**बरेली।** यूपी के बरेली जिले में बरेली-पीलीभीत रेल खंड पर यात्री रेलगाड़ी का इंजन किसी अज्ञात द्वारा पटरी पर रखे गए बड़े पत्थर से टकरा गया। हालांकि किसी बड़ी हानि की सूचना नहीं है। जब टनकपुर से बरेली सिटी जाने वाली रेलगाड़ी संख्या 75302 शाही रेलवे स्टेशन से रवाना होकर बिजौरिया रेलवे स्टेशन की ओर जा रही थी।



बस्तर में गड़बड़ी, रायपुर की टीम ने निरीक्षण कर सौंपी रिपोर्ट, पर मामला डंप

# सड़क ही नहीं, आवास में भी घोटाला, मकान पूरे बने नहीं और हो गया 20 करोड़ का भुगतान

महेंद्र विश्वकर्मा ▶▶ जगदलपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ के धुर नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में हाउसिंग बोर्ड के एक ठेकेदार और बोर्ड अफसरों की अनियमितता का मामला सामने आया है। बताया गया है कि यहां एक ठेकेदार ने पहले तो तय समय पर काम पूरा नहीं किया। कार्य अवधि बढ़ाने की मंजूरी के बिना उससे काम लिया जा रहा है। यही नहीं, इस ठेकेदार को 20.65 करोड़ रुपए का भुगतान बिना काम पूरा किए ही कर दिया गया। इसके पीछे ठेकेदार और बोर्ड के संबंधित अधिकारियों पर मिलीभगत के आरोप लग रहे हैं। इससे भी महत्वपूर्ण तथ्य ये है कि इस मामले की जानकारी मिलने के बाद बोर्ड के रायपुर मुख्यालय की टीम ने यहां आकर जांच निरीक्षण किया और अपनी रिपोर्ट सौंप ▶▶ शेष पेज 2 पर

### काम अधूरा फिर भी माप कर कर दिया भुगतान

निरीक्षण में पता चला कि बीजापुर, भैरमगढ़, भोपालपट्टनम एवं ऊसूर (आवापल्ली) में सामान्य प्रशासन विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों हेतु जीएडी आवास भवनों का निर्माण एवं विकास कार्य जांच समिति के निरीक्षण 2 अगस्त 2024 तक पूर्ण नहीं हुआ है। विकासखण्ड भोपालपट्टनम एवं ऊसूर (आवापल्ली) में कार्यस्थल पर जिन आयटमों का कार्य संपादन नहीं हुआ है, उन आयटमों का भी माप दर्ज कर भुगतान किया जा चुका है तथा निर्माण कार्य हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त अतिरिक्त समयावृद्धि अवधि 28 फरवरी 2022 समाप्त होने पश्चात कार्य कराया जा रहा है, परन्तु अतिरिक्त समयावृद्धि ▶▶ शेष पेज 2 पर



#### एनके कंस्ट्रक्शन को मिला है ठेका

बताया गया है कि यह कार्य दुर्ग के अ श्रेणी ठेकेदार मेसर्स एनके कंस्ट्रक्शन को दिया गया था। 4 सितंबर 2017 को इनसे अनुबंध किया गया। इसके मुताबिक 3 मार्च 2019 को निर्माण का पूर्ण होना था, लेकिन कार्य अभी भी निर्माणाधीन है। विकासखण्ड भैरमगढ़, भोपालपट्टनम एवं ऊसूर (आवापल्ली) के कार्य अंतर्गत ▶▶ शेष पेज 2 पर

#### इन अधिकारियों ने की थी जांच

बोर्ड के आयुक्त के निर्देश पर हाऊसिंग बोर्ड प्रक्षेत्र जगदलपुर के अपर आयुक्त एसके भगत, मुख्यालय वृत्त नवा रायपुर उपायुक्त बीबी सिंह, नवा रायपुर के कार्यपालन अभियंता दिलीप राठी एवं रायपुर के उप अभियंता सुरज पटेल संभाग के बीजापुर जिला अंतर्गत 4 विकासखण्ड मुख्यालयों में निर्माणाधीन आवासों को निरीक्षण किया था।

#### निरीक्षण के दौरान बंद रहा निर्माण कार्य

विकासखण्ड बीजापुर में 6 एफ-टाइप, 18 जी-टाइप, एवं 20 एच-टाईप का निर्माण एवं विकास कार्य पूर्ण हो चुका है तथा भवनों का हस्तांतरण कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग पश्चिम बस्तर संभाग बीजापुर को 16 अक्टूबर 2023 को किया जा चुका है। निरीक्षण 2 अगस्त 2024 को भवनों में अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा निवास किए जाने के कारण भवनों के अन्दर प्रवेश कर अवलोकन नहीं किया जा सका। निरीक्षण के दौरान कार्यस्थल पर लगभग 20-25 श्रमिक कार्य कर रहे थे तथा कार्य प्रगति पर होना पाया गया एवं ठेकेदार की ओर से 2 सुपरवाईजर देख-रेख हेतु उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान केवल एफ-टाईप ब्लॉक में भू-तल एवं प्रथम तल पर ब्रिक मेशनरी का कार्य किया जा रहा था तथा 3 जी एवं 2 एच ब्लॉक का कार्य यथास्थिति में बंद था।

चुनाव से पहले झटका

# भाजपा प्रत्याशी प्रवेश की मुश्किलें बढ़ी, जूते बांटने पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार प्रवेश वर्मा के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन के मामले की पुलिस जांच करेगी। नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी ने कहा है कि प्रवेश वर्मा द्वारा कथित तौर पर चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करते हुए ▶▶ शेष पेज 2 पर



#### वीडियो में दिखाया जूता बांटते

शिकायतकर्ता ने दो वीडियो प्रस्तुत किए हैं जिसमें कथित तौर पर वर्मा महिलाओं को जूते बांटते हुए दिखाई दे रहे थे। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 (1) (ए) की धारा 123 के तहत, किसी उम्मीदवार या उनके एजेंट या उम्मीदवार की सहमति से किसी भी व्यक्ति द्वारा मतदाता को कोई उपहार, रिश्वत आदि वितरित करना भ्रष्ट आचरण माना जाता है।

### इधर, केजरीवाल पर चलेगा केस

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए ईडी को मंजूरी दे दी है। संघीय एजेंसी ने केजरीवाल (56) को पिछले साल मार्च में गिरफ्तार करने के बाद यहां विशेष धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) अदालत के समक्ष उनके खिलाफ आरोपपत्र दायर किया था। इस मामले में फिलहाल जमानत पर बाहर केजरीवाल यहां नयी दिल्ली सीट से दिल्ली का विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं।



# आर्मी डे परेड में पहली बार 'रोबोटिक आर्मी'

**पुणे।** आर्मी डे की परेड में पहली बार रोबोटिक म्यूल शामिल हुए हैं। आर्मी ने इन्हें हाल ही में एलएसी पर तैनात भी किया है। परेड में एनसीसी की गर्ल्स मार्चिंग टुकड़ी भी शामिल हुई। चार विषयगत झांकियां भी प्रदर्शित की गई। इन झांकियों में एनसीसी के मिशन ओलंपिक प्रकोष्ठ पर आधारित एक झांकी भी होगी। रोबोटिक म्यूल्स भार उठाने और सर्विलांस का काम बखूबी कर सकते हैं। नॉर्दन बॉर्डर पर तैनात ये म्यूल्स थर्मल कैमरे और सेंसर से लैस हैं। ये 30 किलो तक का वजन उठा सकते हैं, और 10 फीट ऊंचाई तक चढ़ने में सक्षम हैं। आधुनिक तकनीक से लैस ये म्यूल्स जल्द ही हथियारों से भी लैस किए जाएंगे।



■ गर्ल्स की एनसीसी टुकड़ी भी शामिल

### अब 'इंदिरा भवन' में शुरू होगी कांग्रेसी हलचल



46 सालों के बाद कांग्रेस का मुख्यालय बदला

252 करोड़ रुपए लागत
80 हजार स्केवयर फिट
06 फ्लोर बना है भवन

9-ए कोटला रोड, एआईसीसी का नया पता

**नई दिल्ली।** मकर संक्रांति के एक दिन बाद वास्तुशास्त्र के हिसाब से शुभ मुहुर्त में दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय का पता बदल गया। कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी के साथ पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में नए कांग्रेस भवन का उद्घाटन किया। नए भवन का नाम रखा गया इंदिरा भवन।



# पोर्टल की आड़ में महादेव सट्टा, डेढ़ करोड़ रुपए से ज्यादा का लेनदेन, एक अरेस्ट

### बैंक खाते से हुआ था 1.65 करोड़ का लेनदेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

महादेव सट्टा के तार दुर्ग-भिलाई में सुलझने के बाद लगातार उलझते जा रहे हैं। सैकड़ों की गिरफ्तारी के बाद भी यह अवैध कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। बुधवार को पुलिस ने फरार चल रहे रवि मिश्रा को गिरफ्तार किया है। उसका एक साथी गोविंदा चौहान अब भी फरार है। दोनों के खिलाफ पुलिस ने धारा 420 के तहत अपराध दर्ज किया था, तब से दोनों फरार चल रहे थे। दोनों न्यूज पोर्टल चलाया करते थे। इसके बाद एक चाय वाले धीरज महतो के नाम से बैंक खाता खोला, लेकिन मोबाइल ▶▶ शेष पेज 2 पर



#### फरारी के दौरान कर ली सगाई

रवि मिश्रा ने फरारी के दौरान एक लड़की से सगाई तक कर ली है। देर रात सुपेला पुलिस की एक टीम रवि मिश्रा के फ्लैट में पहुंची और उसे वहां गिरफ्तार कर थाने लाई। बहरहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है कि उसके पास महादेव की आईडी कहां से आई। दोनों आरोपी एक एक मध्यम वर्ग परिवार से आते हैं। ▶▶ शेष पेज 2 पर

### लाभांडी के पास ट्रैफिक नियम उल्लंघन करने का आरोप

# कार मालिक का कटा चालान, कहा हेलमेट नहीं लगाया, पांच सौ रुपए फाइन दो!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खास खबर

ट्रैफिक पुलिस ने एक ऐसा चालान काटा है, जिसे देख कार मालिक अचंभित है। ट्रैफिक पुलिस ने महासमुंद, बागबहरा के कार मालिक का पांच सौ रुपए का ई-चालान भेजा है। ई-चालान में उल्लेख किया गया है कि कार मालिक बगैर हेलमेट कार चला रहा था। हैरान परेशान कार मालिक ने कहा, कि मैं कई दिन से रायपुर ही नहीं गया। जिस नंबर का चालान भेजा गया है वह मेरी कार का है। लेकिन फाइन ▶▶ शेष पेज 2 पर


Notice No : CG/2025/0008464
RAIPUR NOTICE
Offence Details
Driving Without Helmet

#### कार मालिक ने कहा, रायपुर आया ही नहीं

कार मालिक ने बताया है कि वो पिछले तीन-चार दिनों से रायपुर नहीं आया है। ऐसे में उनकी कार के नाम से ई-चालान कैसे कट गया। इस बात को लेकर कार मालिक परेशान है। कार मालिक के अनुसार भले ही वह जुर्माना से बच जाएगा, लेकिन उसे चालान ठीक कराने रायपुर आना पड़ेगा। इसके चलते उनका जितना का ई-चालान कटा है, उससे ज्यादा राशि रायपुर आने-जाने पेट्रोल में खर्च करना पड़ेगा।

#### अफसरों ने मानी गड़बड़ी, कहा ऑटो करेक्ट की वजह से हुआ

चालान में गड़बड़ी को लेकर ट्रैफिक डीएसपी गुरजीत सिंह से संपर्क किया तो उनका कहना है कि एनपीआर कैमरा में कई बार ऑटो करेक्शन हो जाने की वजह से गलत नंबर रीड कर लेता है। इसी तकनीकी खामी की वजह से कार मालिक के पास ई-चालान पहुंचा। ट्रैफिक डीएसपी ने बताया कि सीजी 06 जीयू 5409 बुलेट के नंबर को एनपीआर कैमरा ने नौ को जीरो रीड कर लिया। इस वजह से कार मालिक के पास चालान पहुंच गया।



## जैकेट के शेष

### शराब घोटाले में पूर्व मंत्री कवासी...

गया है। पूछताछ के लिए ईडी ने कवासी लखमा के बेटे तथा उनके सीए को भी तलब किया था। हरीश से पूछताछ करने के बाद उन्हें छोड़ दिया गया। कोर्ट में पेश होने के दौरान कवासी लखमा ने कहा कि उनके पास से एक रुपए की जब्ती नहीं की गई है। साथ ही किसी तरह के दस्तावेज बरामद नहीं किया गया है। पूर्व आबकारी मंत्री ने आरोप लगाया है कि केंद्र सरकार के इशारों पर उनके खिलाफ ईडी फर्जी मामला बनाकर उसे परेशान कर रही है। उल्लेखनीय है कि कवासी लखमा के सीए को भी ईडी ने पूछताछ करने नोटिस जारी किया था। पूछताछ में कवासी ने बताया कि उनके सीए बाहर हैं, इस वजह से सीए पूछताछ में शामिल नहीं हो सके।

**शराब घोटाला का पूरा मामला यह है** : वर्ष 2019 से वर्ष 2022 के बीच बड़े पैमाने पर शराब घोटाला होने के आरोपों की ईडी के साथ ईओडब्लू जांच कर रही है। आरोप है कि राज्य में डिस्टलरीज से साठ-गांठ कर बड़े पैमाने पर नकली होलोग्राम लगाकर शराब की आपूर्ति की गई। नकली होलोग्राम लगाकर शराब आपूर्ति करने से राज्य के राजस्व को करोड़ों का नुकसान होने का आरोप है। ईडी तथा ईओडब्लू ने अपनी जांच में शराब कारोबारी, आबकारी अफसर, मंत्री के साथ आईएएस अफसर की मिलिभगत से घोटाला होने का आरोप लगाया है।

**एक्स में आपत्तिजनक साक्ष्य मिलने का दावा** : ईडी ने 28 दिसंबर 2024 को कवासी लखमा, उनके बेटे हरीश सहित सात अन्य लोगों के धमतरी, रायपुर तथा सुकमा स्थित निवास पर छापे की कार्रवाई की थी। छापे की कार्रवाई के बाद ईडी ने अपनी अधिकृत वेबसाइड के साथ एक्स में छापे की कार्रवाई के दौरान आपत्तिजनक डिजिटल के साथ दस्तावेजी साक्ष्य मिलने का दावा किया था।

### दर्जनभर गिरफ्तार...

अनवर ढेबर, अरविंद सिंह, नितेश पुरोहित, सुनील दत्त, त्रिलोक सिंह ढिल्लन, दिलीप पाण्डेय, दीपक द्वारी, अनुराग सिंह, अनुराग द्विवेदी तथा विकाश अग्रवाल को गिरफ्तार कर चुकी है।

### कवासी बने भूपेश के...

को मोहरे के तौर इस्तेमाल किया। शराब का पूरा घोटाला भूपेश बघेल की सरपरस्ती में हुआ। बघेल ने जन-धन की लूट मचाकर छत्तीसगढ़ को गांधी परिवार का एटीएम बनाया। यह पैसा सोनिया-राहुल तक भी गया। श्री कश्यप ने कहा कि कवासी लखमा को जान-बूझकर आबकारी मंत्री बनाया था ताकि वह इस घोटाले को अंजाम दे सकें। यह एकदम साफ है कि भूपेश बघेल ही शराब घोटाले के प्रमुख घोटालेबाज हैं और कवासी लखमा को इसमें एक मोहरे के तौर पर फंसाया गया है।

### आकाओं के इशारे पर...

को बदनाम करने की साज़िश रच रही है। पूरी कांग्रेस पार्टी कवासी लखमा के साथ खड़ी है।

### एसआईटी जांच में खुलासा...

बड़े अफसरों पर आरोप भी निराधार पाए गए। इसके अलावा उसकी मौत भी आत्महत्या होना ही पाया गया।

उल्लेखनीय है कि 17 दिसंबर को आरक्षक भर्ती मामले में गड़बड़ी पकड़े जाने के बाद ही संदिग्ध लोगों की सूची तैयार की गई थी। इस सूची में शामिल आरक्षक अनिल रत्नाकर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। उसने अपने हाथ में एक सुसाईडल नोट भी लिखा था। जिसके बाद जांच के लिए आईजी दीपक झा ने एसआईटी का गठन किया था। समुचित जांच के लिए देवचरण पटेल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के नेतृत्व में 4 सदस्यीय विशेष जांच टीम का गठन 22 दिसंबर को किया गया था। विशेष जांच टीम द्वारा अंतरिम जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है।

### अधिकारियों के शामिल...

गवाहों के कथनों से किसी भी वरिष्ठ अधिकारी का भर्ती प्रक्रिया की गड़बड़ी में शामिल होने के साक्ष्य नहीं पाया गया है।

## पेज एक के शेष

### तकनीकी विवि ने ...

रिकॉर्डिंग का कार्य किसी एजेंसी अथवा व्यक्ति विशेष को देने के लिए सीएसवीटीयू ने टेंडर ही नहीं निकाला। स्वतः ही एजेंसी निर्धारण के लिए एक कमेटी बनाई और इस कमेटी द्वारा तय किए गए नाम को ही पूरे काम का ठेका दे दिया। इस पर विवि प्रबंधन का कहना है कि यूजीसी ने इस कार्य के लिए टेंडर जैसी कोई शर्त नहीं रखी थी। अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, जब 40 से 45 मिनट के एक लेक्चर रिकॉर्ड करने के लिए 25 हजार रूपए देने का निर्णय किया गया तो विवि के एक धड़े ने इसका विरोध किया। विवि परिसर में ही स्थित रिकॉर्डिंग रूम का ही इस्तेमाल करने भी प्रस्ताव रखा गया। बाद में पूरे मामले की शिकायत राजभवन को लिखित रूप में की गई। राजभवन से मंत्रालय को आदेश दिया गया। मंत्रालय द्वारा विवि प्रबंधन को जांच संबंधित आदेश प्राप्त होने के बाद विवि द्वारा कमेटी तो बैठाई गई, लेकिन कोई ठोस नतीजा नहीं निकल सका और ना ही जिम्मेदारी तय हो सकी।

### सड़क ही नहीं...

दी, लेकिन रिपोर्ट मिलने के पांच महीने बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

**पांच माह पहले ही मुख्यालय को भेजी है रिपोर्ट** : हाऊसिंग बोर्ड प्रक्षेत्र जगदलपुर के अपर आयुक्त एसके भगत ने बताया कि मुख्यालय से पहुंची टीम के साथ बीजापुर जिले के 4 ब्लॉक मुख्यालय में निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण कर रिपोर्ट मुख्यालय को पांच माह पूर्व भेजी जा चुकी है।

### काम अधूरा फिर भी...

स्वीकृति हेतु ठेकेदार द्वारा आवेदन प्रस्तुत नहीं किया गया है, न ही कार्यपालन अभियंता द्वारा अतिरिक्त समयावृद्धि हेतु प्रकरण उपायुक्त को प्रेषित किया है।

### एनके कंस्ट्रक्शन ...

सहायक अभियंता द्वारा दर्ज कर भुगतान हेतु प्रस्तावित किया जाना तथा कार्यपालन अभियंता द्वारा दर्ज माप अनुसार संभागीय कार्यालय में अंकेक्षण उपरांत देयकों का भुगतान किया गया। इसमें कार्य में अनुबंधानुसार 20 करोड़ 85 लाख 42 हजार 381 रुपए का व्यय किया जाना है, परन्तु अनुबंध अंतर्गत प्रथम चलदेयक से सत्रहवें चल देयक तक 20 करोड़ 65 लाख 55 हजार रुपए का भुगतान कर दिया गया है।

### भाजपा प्रत्याशी प्रवेश...

वाल्मीकि मंदिर में मतदाताओं को जूते बांटने की घटना की जांच करने का पुलिस को निर्देश दिया गया है। अधिकारी ने कहा है कि पुलिस इस मामले की जांच कर जल्द से जल्द रिपोर्ट सौंपे।

### पोर्टल की आड़ में...

नंबर अपना दिया। इस खाते में आरोपियों ने करीब 1.65 करोड़ रुपए का लेनदेन किया। पुलिस जांच में दोनों के महादेव आईडी चलाने के बारे में जानकारी मिली। इसके बाद से पुलिस दोनों की तलाश कर रही थी। बहरहाल इस मामले में पुलिस की जांच जारी है। सुपेला पुलिस ने बताया कि रविकांत मिश्रा और गोविंदा चौहान के खिलाफ सितंबर 2024 में अपराध दर्ज किया गया था।

**पैसों का लालच देकर फर्जी खाता खुलवाया था** : पुलिस ने धीरज महतो नाम के युवक को गिरफ्तार किया था। उसने पुलिस को बताया कि वो जुनवानी रोड में चाय की दुकान चलाता था। रवि और गोविंदा खुद को पत्रकार बताकर अक्सर उनकी दुकान आया-जाया करते थे। उसके दोस्त मुकेश तांडी को पैसों का लालच देकर फर्जी खाता खुलवाया था। रवि और गोविंदा ने उनके नाम पर आईडीएफसी बैंक नेहरू नगर में खाता तो खुलवाया, लेकिन मोबाइल नंबर अपना डलवाकर उस खाते का खुद ही संचालन करने लगे। एटीएम भी अपने पास रखे हुए थे। सुपेला पुलिस ने गोविंदा चौहान के खिलाफ दुष्कर्म का मामला भी दर्ज किया है। पीड़िता ने शिकायत में बताया था कि गोविंदा ने मई 2013 से साल 2017 तक उसका शारीरिक शोषण किया। मई 2013 में रात को गोविंदा उसके घर आया। पीने के लिए पानी मांगा। जैसे ही वो पानी लेने अंदर गई वो भी अंदर घुस गया और उसके साथ जबरदस्ती संबंध बनाया। पुलिस दोनों ही मामलों में जांच कर रही है।

### फरारी के दौरान ...

कुछ महीने के अंदर ही दोनों के पास खुद का मकान फ्लैट, थार और स्कार्पियो गाड़ी आ गई थी। महंगी बाइक चलाया करते थे।

### कार मालिक का कटा ...

हेलमेट नहीं पहनने पर लगाया गया है। पेशे से कारोबारी राहुल अग्रवाल ने बताया कि कार उनकी मां सुधा अग्रवाल के नाम से पंजीकृत है। उनके पास मंगलवार को एक मैसेज आया। मैसेज खोलने पर पाया कि वह रायपुर ट्रैफिक पुलिस द्वारा जनरेट किया गया ई-चालन है, जिसमें घटना दिनांक को लाभांडी के पास सुबह 11 बजकर 54 मिनट पर कार चलाते हुए हेलमेट नहीं पहनने पर ई-चालान भेजा गया है। कार चलाते वक्त हेलमेट नहीं पहनने पर ई-चालान काटे जाने से परेशान कार मालिक ने आरटीओ का काम करने वाले एक एजेंट से संपर्क किया।

कार मालिक को एजेंट ने रायपुर ट्रैफिक पुलिस से संपर्क कर हल निकालने का आश्वासन दिया।

**ई-चालान ऑटो डिलीट हो जाएगा** : ट्रैफिक अफसर के अनुसार गलत नंबर रीड हो जाने के बाद गलत ई-चालान 24 घंटे के भीतर ऑटो डिलीट हो जाता है। अफसर के अनुसार कार मालिक को ई-चालान पटाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। परेशान होने की जरूरत भी नहीं है।

## आत्मनिर्भर भारत को मिली नई ताकत

# प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय नौसेना को समर्पित किए तीन नए युद्धपोत




**हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आर्मी दिवस के अवसर पर बुधवार को भारतीय नौसेना डॉकयार्ड में तीन नए युद्धपोतों को राष्ट्र को समर्पित किया। ये युद्धपोत हैं- आईएनएस सूरत, आईएनएस नीलगिरि, और आईएनएस वाघशीर. इन युद्धपोतों के समर्पण से भारतीय समुद्री ताकत को बढ़ावा मिलेगा और ये आत्मनिर्भर भारत अभियान को मजबूती प्रदान करेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह दिन भारतीय नौसेना की गौरवशाली इतिहास और भारत की समुद्री विरासत के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि यह पहली बार है जब एक डिस्ट्रॉयर, एक फ्रिगेट, और एक सबमरीन को एक साथ कमीशन किया जा रहा है। उन्होंने गर्व से बताया कि ये तीनों युद्धपोत 'मेड इन इंडिया' हैं और देश की आत्मनिर्भरता का प्रतीक हैं।

### भारत विकासवाद में विश्वास रखता है

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत पूरी दुनिया में, विशेष रूप से ग्लोबल साउथ में, एक विश्वसनीय और जिम्मेदार साथी के रूप में पहचाना जाता है। उन्होंने जोर दिया कि भारत विस्तारवाद में नहीं, बल्कि विकासवाद में विश्वास रखता है। उन्होंने बताया कि जल, थल, नभ, गहरा समुद्र या अंतरिक्ष, हर क्षेत्र में भारत अपने हितों की रक्षा कर रहा है और निरंतर सुधार किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने भारतीय नौसेना की बहादुरी की भी सराहना की, जिन्होंने हाल के महीनों में हजारों लोगों की जान बचाई और लाखों डॉलर के राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय कार्गो को सुरक्षित किया। अंत में, प्रधानमंत्री ने एनडीए सरकार के तीसरे कार्यकाल के दौरान लिए गए बड़े निर्णयों का जिक्र करते हुए कहा कि देश के कोने-कोने में विकास तेज गति से पहुंच रहा है और हमारी नीतियां देश की जरूरतों के अनुसार बनाई गई हैं।

## सुप्रीम कोर्ट ने की ईडी की खिंचाई

# 'कानून के खिलाफ दलीलें देना बर्दाश्त नहीं करेंगे'

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि वह केंद्र सरकार की तरफ से कानून के विपरीत दी गई कानूनी दलीलों को बर्दाश्त नहीं करेगा। सुप्रीम कोर्ट ने यह सख्त टिप्पणी प्रवर्तन निदेशालय के इस तर्क को नकारने के बाद की है कि पीएमएलए की धारा 45 का प्रावधान किसी महिला पर लागू नहीं होगा। जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्ज्वल भुइंया की बेंच ने कहा, 'यूनियन ऑफ इंडिया द्वारा कानून के विपरीत दी गई दलीलें देने के आचरण को बर्दाश्त नहीं करेंगे। इससे पहले कोर्ट ने एडिशनल सॉलिसिटर जनरल की जमकर खिंचाई की थी।


**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, दन्तेवाड़ा**
( फोन / फैक्स नं. 07856-252362, ई मेल eedan phe-cg@nic.in)

**ऑनलाईन निविदा निरस्तीकरण सूचना**

जी क्रमांक - 242504400

इस कार्यालय द्वारा नीचे दर्शित कॉलम अनुसार निम्नलिखित ऑनलाईन निविदा में एकल निविदाकार होने के कारण निरस्त किया जाता हैं। विवरण निम्नानुसार है।

| स. क्र. | निविदा सिस्टम क्रमांक |
|---|---|
| 1 | system no 162395 |

जी क्रमांक - 242504400

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड दंतेवाड़ा

G-242505349/3

**आम सूचना**

**(ग्राम ढेकुना, प.ह.नं. 03 तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ. ग. स्थित कृषि भूमि ख.नं. 855/1857, 858/1 व 1010/1 के संबंध में)**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने 1. श्री मुकेश जेठवानी पिता श्री भजन लाल जेठवानी निवासी अग्रसेन चौक, तिल्दा, रायपुर, 2. श्री राजकुमार भिखवानी पिता श्री उधोमल भिखवानी निवासी संत कवर राम वार्ड, तिल्दा, रायपुर एवं 3. श्री अमन पर्यानी पिता श्री नरेश कुमार पर्यानी निवासी कविता नगर, शंकर नगर, रायपुर से उनके संयुक्त भूमि स्वामी हक वो आधिपत्य की कृषि भूमि ग्राम - ढेकुना, प.ह.नं. 03, रा.नि.मं. दामाखेड़ा तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) स्थित खसरा नं. 855/1, 857, 858/1 व 1010/1 रकबा क्रमशः 0.1600, 0.5800, 0.0700 व 0. 1000 हैक्टेयर अर्थात कुल रकबा 0.9100 हैक्टेयर है, को क्रय करने का पक्का सौदा तय कर ब्याना राशि अदा कर चुके है। अब केवल सौदे की शेष राशि अदा कर विक्रय विलेख का निष्पाद एवं पंजीयन कराया जाना शेष है।

अतः उपरोक्त संव्यवहार या उसके किसी भाग के स्वामित्व, आधिपत्य एवं अंतरण के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, निकाय, बोर्ड या निगम, प्राधिकरण, साहूकार, शासन एवं प्रशासन आदि को कोई उजर, दावा या आपत्ति हो तो वह इस सूचना प्रकाशन तिथि से 15 (पंद्रह दिनों के भीतर अपनी लिखित आपत्ति नीचे लिखे पते पर सुसंगत दस्तावेजों के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा समयावधि उपरांत उक्त भूमि का पंजीयन मेरे पक्षकार द्वारा अपने पक्ष में या अपने इच्छित व्यक्ति के नाम पर करवा लिया जावेगा, तत्पश्चात प्राप्त कोई भी आपत्ति या दावा झूठा एवं नाजायज माना जावेगा तथा वह मेरे पक्षकार पर बंधनकारी वो बाध्यकारी नही होगा। सो सूचना जाने।

स्थान : रायपुर (छ.ग.)
दिनांक : 15/01/2025

भवदीय
हेमन्त डहरवाल, अधिवक्ता
शॉप नं. 02, प्रथम तल, बाबजी काम्पलेक्स,
श्याम टॉकिज रोड, बुढ़ापारा, रायपुर छ.ग.
मोबाईल नं. 9993952220

**आम सूचना**

**(ग्राम-संजारी नवागांव, प.ह.नं. 04, तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. स्थित कृषि भूमि ख.नं. 428,462 / 3 व 467 के संबंध में)**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने 1. श्री मुकेश जेठवानी पिता श्री भजन लाल जेठवानी निवासी-अग्रसेन चौक, तिल्दा, रायपुर, 2. श्री राजकुमार भिखवानी पिता श्री उधोमल भिखवानी निवासी संत कवर राम वार्ड, तिल्दा, रायपुर एवं 3. श्री अमन पर्यानी पिता श्री नरेश कुमार पर्यानी निवासी कविता नगर, शंकर नगर, रायपुर से उनके संयुक्त भूमि स्वामी हक वो आधिपत्य की कृषि भूमि ग्राम -संजारी नवागांव, प.ह.नं. 04, रा. नि.मं. दामाखेड़ा तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) स्थित खसरा नं. 428 462/3 व 467 रकबा क्रमशः 0.2600, 0.3600 व 0.1700 हैक्टेयर अर्थात कुल रकबा 0.7900 हैक्टेयर है, को क्रय करने का पक्का सौदा तय कर ब्याना राशि अदा कर चुके है। अब केवल सौदे की शेष राशि अदा कर विक्रय विलेख का निष्पादन एवं पंजीयन कराया जाना शेष है।

अतः उपरोक्त संव्यवहार या उसके किसी भाग के स्वामित्व, आधिपत्य एवं अंतरण के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, निकाय, बोर्ड या निगम, प्राधिकरण, साहूकार, शासन एवं प्रशासन आदि को कोई उजर, दावा या आपत्ति हो तो वह इस सूचना प्रकाशन तिथि से 15 (पंद्रह दिनों के भीतर अपनी लिखित आपत्ति नीचे लिखे पते पर सुसंगत दस्तावेजों के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा समयावधि उपरांत उक्त भूमि का पंजीयन मेरे पक्षकार द्वारा अपने पक्ष में या अपने इच्छित व्यक्ति के नाम पर करवा लिया जावेगा, तत्पश्चात प्राप्त कोई भी आपत्ति या दावा झूठा एवं नाजायज माना जावेगा तथा वह मेरे पक्षकार पर बंधनकारी वो बाध्यकारी नही होगा। सो सूचना जाने

स्थान : रायपुर (छ.ग.)
दिनांक : 15/01/2025

भवदीय
हेमन्त डहरवाल, अधिवक्ता
शॉप नं. 02, प्रथम तल, बाबजी काम्पलेक्स,
श्याम टॉकिज रोड, बुढ़ापारा, रायपुर छ.ग.
मोबाईल नं. 9993952220

**कार्यालय, कार्यपालन अभियंता,**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बालोद**
Phone No. :- 07749-222370, Email Id :- ee-res.balod@gov.in

**( E-Tender) सूचना प्रथम बार**

**क्रमांक / 15 / व.ले.लि./ग्रा.यां.से./2024-25 बालोद, दिनांक 15.01.2025**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग में "डी" - वर्ग एवं उच्च श्रेणी में ठेकेदारों पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र - "अ" पर दर्शित कार्य हेतु प्रतिशत दर प्राप्त करने ऑनलाइन ई-निविदा दिनांक 31.01.2025 तक आमंत्रित की जाती है । कार्य पूर्ण करने की अवधि 04 माह वर्षा ऋतु सहित

| क्रमांक | कार्य का नाम एवं स्थल | ठेके की अनुमानित लागत लाख रू. में | धरोहर राशि रू. में |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | सीसीरोड निर्माण कार्य राजाराव पठार बाबा पूजा स्थान एन. एच. - 30 से देव स्थल तक 400 मीटर ग्राम एवं ग्राम पंचायत करेंझर विकासखण्ड गुरूर जिला बालोद टेण्डर न. | 38.50 | 28900/- |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 15.01.2025 से देखी जा सकती है ।

कार्यपालन अभियंता ग्रामीण
यांत्रिकी सेवा संभाग बालोद
जिला – बालोद (छ. ग.)

G-242505337/3

**कार्यालय नगर पालिका परिषद गोबरा नवापारा, जिला-रायपुर (छ.ग.)**
फोन नं. 07701-233830, 234830 Email-cmognawapara@gmail.com

क्रमांक/2171/न.पा./2025 गोबरा नवापारा, दिनांक 15/01/2025

**बिड ऑफर सूचना**

नगर पालिका परिषद गोबरा नवापारा अंतर्गत वार्ड क्र. 21 में स्थित बैडमिंटन हॉल/इंडोर स्टेडियम हॉल के कुशल संचालन हेतु त्रिफाफा पद्धति से सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्म/ठेकेदार से बिड ऑफर सूचना दिनांक 06/02/2025 तक आमंत्रित की जाती है। बिड ऑफर में एक लिफाफा में अमानत राशि एफ.डी.आर, दूसरे लिफाफा में भवन के मासिक किराया दर एवं तृतीय लिफाफा में दोनों लिफाफा को सीलबंद कर बिड ऑफर आमंत्रित की जाती है जिसका शासकीय मासिक किराया दर 12000/- रू. निर्धारित है। अतः विस्तृत नियम एवं शर्त कार्यालय में कार्यालयीन समय में एवं वेबसाईट www.cguad.gov.in में डाउनलोड की जा सकती है।

| क्र. | भवन का नाम | अमानत राशि | बिड ऑफर जमा हेतु अंतिम तिथि | बिड ऑफर खोलने की तिथि एवं समय | संचालन की समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 21 गुलाब गार्डन में स्थित बैडमिंटन हॉल/इंडोर स्टेडियम हॉल | 1,20,000.00 | 06/02/2025 | 07/02/2025 समय प्रातः 11:00 बजे | 03 वर्ष |

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद गोबरा नवापारा

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रिसाली**
रिसाली सेक्टर बी. एस. पी. स्कूल नं.-35, पिन-490006 Website:-risali.urbanecg.gov.in

क्रं. / लो.क. वि. / 2025 / 1730 रिसाली, दिनांक 14/01/2025

**-:: निविदा सूचना ::-**

नगर पालिक निगम, रिसाली की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु लोक कर्म विभाग में एकीकृत पंजीयन प्रणाली में सक्षम श्रेणी में पंजीकृति ठेकेदारो से लो.क.वि. भवन एस.ओ. आर 01.01.2015 एवं रोड एस.ओ.आर. 01.01.2015 दर के आधार पर प्रतिशत दर पर निविदा आमांत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का नाम | निविदा लागत (रू. लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्रं. 01 तालपुरी ब्लॉक बी रिसाली त्रिंगलदीपा उद्यान का सौंदर्यीकरण कार्य | 15.19 |
| 2 | वार्ड क्र. 02 लक्ष्मण यादव घर से शीतला मंदिर से गोपाल पटेल घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य | 13.17 |
| 3 | वार्ड क्रं. 06 नारीजाग्रन समिति के पास डोम शेड निर्माण कार्य | 14.63 |
| 4 | वार्ड क्र. 08 अशोक ठेला से जगताप हाउस तक पेवर ब्लॉक लगाने का कार्य | 14.62 |
| 5 | वार्ड क्र. 13 शुक्ला हाउस के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य | 15.60 |
| 6 | वार्ड क्र. 17 पुहुक राम निषाद घर से नर्सरी तक नाली निर्माण कार्य | 2.24 |
| 7 | वार्ड क्र. 17 विनय विद्या निकेतन से लालता प्रसाद चौक तक नाली निर्माण कार्य | 12.47 |
| 8 | वार्ड क्र. 20 प्राथमिक विद्यालय से सेन घर तक नाली निर्माण कार्य | 11.69 |
| 9 | वार्ड क्रं. 21 किशोर घर से पूर्णिमा घर तक नाली निर्माण कार्य | 5.18 |
| 10 | वार्ड क्रं. 21 राजू नायक घर से देवराज घर से मुख्य नाला तक नाली निर्माण कार्य | 3.92 |
| 11 | वार्ड क्रं. 21 रुपेश घर से कौशल भारती घर तक नाली निर्माण कार्य | 2.66 |
| 12 | वार्ड क्रं. 21 शिव चौड़ी घर से कमल जांगडे घर तक नाली निर्माण कार्य | 2.10 |
| 13 | वार्ड क्र. 21 तोशिबा हर्बल घर से संत राम घर तक नाली निर्माण कार्य | 3.64 |
| 14 | वार्ड क्र. 22 अवन्ती उद्यान से शंकर होटल सड़क न 20 तक नाली निर्माण कार्य | 1.82 |
| 15 | वार्ड क्रं. 22 नारायण चंद्राकर घर से लोकेश साहू सड़क 3 तक नाली निर्माण कार्य | 2.94 |
| 16 | वार्ड क्रं. 22 पलाश टूर से अक्सोटिका टूर तक नाली निर्माण कार्य | 6.59 |
| 17 | वार्ड क्रं. 22 रामधर सिंह घर से दिनेश डेयरी सड़क 20 तक नाली निर्माण कार्य | 4.20 |
| 18 | वार्ड क्र. 23 बालाजी अपार्टमेंट से मुख्य नाली आरसीसी पुलिया और नाली निर्माण कार्य | 5.86 |
| 19 | वार्ड क्रं. 23 सड़क नं. 19 से 20 और सड़क 16 अ तक सीसी रोड और मैत्री कुंज चौबे सर लाइन तक आरसीसी नाली निर्माण कार्य | 13.64 |
| 20 | वार्ड क्रं. 25 सड़क न 12 मैत्री जी घर से शक्ति भमन घर तक नाली निर्माण कार्य | 9.25 |

नियम एवं शर्ते तथा कार्यों का विस्तृत विवरण संचालनालय की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in एवं विभागीय risali.urbanecg.gov.in में भी देखी जा सकती है ।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम, रिसाली

**झारखण्ड सरकार**
**कार्यालय जिला शिक्षा पदाधिकारी, धनबाद**
**मिश्रित भवन, भू-तल,**
**पो0- धनबाद, जिला- धनबाद-826001**
**E-mail Id – dhanbad.rmsa@gmail.com**

**Corrigendum** Date: 15/01/2025

Reference to Tender Notice RFP No: SSA-06 (PR 343912) issued on date: 09 /01/2025, can be downloaded from the website (https://dhanbad.nic.in).
The following additional clause is hereby amended under section "Commercial terms & Conditions" & sub-section "1.1 Rate" in RFP No: SSA-06
"The finalized rate by tender committee will be valid for the next two years from the date of issue of work order" .

PR 344344 School Education and Literacy(24-25).D
DISTRICT EDUCATION OFFICER DHANBAD

**झारखण्ड सरकार**
**कार्यालय जिला शिक्षा पदाधिकारी, धनबाद**
**मिश्रित भवन, भू-तल,**
**पो0- धनबाद, जिला- धनबाद-826001**
**E-mail Id – dhanbad.rmsa@gmail.com**

**Corrigendum** Date: 13/01/2025

Reference to Tender Notice RFP No: SSA-08 (PR 343916) issued on date: 09 /01/2025, can be downloaded from the website (https://dhanbad.nic.in).
The following additional clause is hereby amended under section "Commercial terms & Conditions" & sub-section "1.1 Rate" in RFP No: SSA-08
"The finalized rate by tender committee will be valid for the next two years from the date of issue of work order" .

PR 344343 School Education and Literacy(24-25).D
DISTRICT EDUCATION OFFICER DHANBAD

**राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा,**
**छत्तीसगढ एकीकृत शिक्षा भवन, द्वितीय तल, बोर्ड ऑफिस परिसर, टैगोर नगर, पेंशन बाड़ा, रायपुर (छ. ग.)**
टेलीफोन नं. 0771-2445052
Email Id- mis.head@gmail.com, ssbalwadi@gmail.com

पत्र क्र./5367/समग्र शिक्षा/बालवाड़ी/F-01/2024-25 रायपुर, दिनांक 14.01.2025

**Request for Tender (RFT) की सूचना**

ECCE मद के अंतर्गत Child Friendly Furniture - NR मद में छत्तीसगढ़ राज्य के समग्र शिक्षा के अंतर्गत पूर्व प्राथमिक शालाओं (बालवाड़ी) हेतु सामग्री क्रय किये जाने हेतु ऑनलाईन RFT आमंत्रित की जाती है। समस्त विवरण **Govt. E Market Place (GeM)** की वेबसाईट https://gem.gov.in में उपलब्ध है ।

अंतिम तिथि 01 फरवरी 2025 निविदा संबंधी किसी भी प्रकार की अद्यतन जानकारी के लिए जेम पोर्टल का निरंतर अवलोकन करें।

(प्रबंध संचालक महोदय द्वारा अनुमोदित)

| 5. | Address for Submitting bids | Office of Deputy Director of Agriculture, Near Agriculture Collage, In front of Kshirsagar, Dantewada, Chhattisgarh, PIN: 494449, Phone No: 07856-252360 |
| 6. | Place of Opening Tender | Office of Deputy Director of Agriculture, Dantewada |

**Deputy Director of Agriculture**
**South Bastar Dantewada**

S-242505354/4

---

## कार्यालय वनमंडलाधिकारी मरवाही वनमंडल, पेंड्रारोड (छ.ग.)
**E-Mail-dfomarwahi@yahoo.com**

### नीलाम-सूचना

सर्व सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि मरवाही वनमंडल, पेंड्रारोड के मड़ना डिपों एवं अन्य डिपों में निम्न विवरण अनुसार वनोपज ई-ऑक्सन द्वारा निवर्तन किया जाना है। इच्छुक व्यापारी ई-ऑक्सन में अवश्य भाग लेवें। ई-ऑक्सन की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय अथवा मड़ना काष्ठागार से प्राप्त कर सकते हैं।

**डिपों का नाम - मड़ना काष्ठागार, नीलाम दिनांक - 24.01.2025**
**नीलामी प्रारंभ- प्रातः 09.00 बजे से**
**वनोपज की अनुमानित मात्रा**

| डिपों का नाम | प्रजाति | लट्ठा (घ.मी.) | | बल्ली नग | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | पुराना | नया | पुराना | नया |
| मड़ना डिपो | सागौन | 47.401 | - | 681 | - |
| | साल | 68.770 | 6.500 | 88 | 410 |
| | साजा | 4.271 | - | - | - |
| | बीजा | 10.527 | - | - | - |
| | हल्दू/मु./ख | 0.842 | - | - | - |
| | धावडा | 0.802 | 1.000 | - | - |
| | अन्य | 3.711 | 1.200 | 87 | - |
| | नीलगिरी | - | 77.000 | - | 1450 |
| | R.T.L साल-साजा | 394.792 | - | - | - |
| | R.T.L अन्य | 168.249 | - | - | - |
| | **योग :-** | **699.365** | **85.700** | **856** | **1860** |
| जलाऊ डिपो पेण्ड्रा | सागौन जलाऊ | 02 | - | - | - |
| | नीलगिरी जलाऊ | - | 40 | - | - |
| | **योग :-** | **02 Chatta** | **40 Chatta** | - | - |

टीपः- 1. क्रेताओ को ई-ऑक्सन के पूर्व एम. एस. टी. सी. ई-कार्मस पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है।
2. क्रेताओ को ई-ऑक्सन के पूर्व क्रय लाटो के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई. एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है।
3. लाट की थप्पी सूची एवं फोटो एम.एस.टी.सी.ई - कार्मस पोर्टल में अपने आई.डी. से लॉगइन करके देख सकते है।

**वनमंडलाधिकारी मरवाही**
**वनमंडल, पेंड्रारोड**

G-242505345/3

---

## MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR

**e-Procurement Tender Notice**
**Main Portal : http://eproc. cgstate.gov.in**

**NIT NO: 2665/RMC/2025** **RAIPUR DATED : 15/01/2025**

Online bids are invited for the following works up to 05/02/2025 at 17:30 hours.

| Sr. No | System Tender No. | Name of Work/ Description of work | स्वागत द्वार की संख्या/फेस | Min Reserve Price |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 164346 | Telibandha Expressway Double face 102x10 sq feet | 01 (02 फेस) | 35,00,000/- |
| 2 | | Gaurav Path Anand Nagar Turn Double Face 100x10 sq feet | 01 (02 फेस) | |
| 3 | | In front of Pandri Bus Stand Double Face 75x10 sq feet | 01 (02 फेस) | |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of chhattisgarh. e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in from 15/01/2025, 17:30 Hours (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above mentioned portal NIT Details and other documents.

**Note:-** (1) All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal (2) Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. ***Help Desk at Toll Free No. 18004199140*** or through Email ID helpdesk.eproc@cgswan.gov.in

घरों से निकलने वाले गीला और सूखा कचरे को सफाई (मित्र) वाहन को देवें

**TOWN PLANNER**
**MUNICIPAL CORPORATION**
**RAIPUR (C.G.)**

---

## कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायपुर (छ.ग.)
## जिला न्यायालय परिसर, रायपुर
दूरभाष क्रमांक 0771-2425944 फैक्स दूरभाष क्रमांक 0771-2420077
E-mail : dlsa. raipur@gmail.com

### // संक्षिप्त विज्ञप्ति //

**क्रमांक 57/ जि.वि.से.प्रा.(LADCS)/2025** **रायपुर 14/01/2025**

**विषय :-** ऑफिस असिस्टेंट एवं कार्यालय - भृत्य के रिक्त पदों पर एकवर्षीय संविदा भर्ती संबंधी सूचना ।

कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर जिला - रायपुर (छ०ग०) के अंतर्गत संचालित लीगल एड डिफेंस कांउसिल रायपुर के स्थापना हेतु पद ऑफिस असिस्टेंट एवं कार्यालय-भृत्य के भर्ती के संबंध निर्धारित मानदेय पर एकवर्षीय संविदा नियुक्ति हेतु विज्ञापन क्रमांक 21 / जि.वि.से.प्रा. (LADCS) / 2025 रायपुर दिनांक 14/01/2025 प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, रायपुर के वेबसाईट https://raipur.dcourts.gov.in में अपलोड कर दिनांक 15/01/2025 से 31/01/2025 की शाम 5:00 बजे तक आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में आमंत्रित किये गये है। अभ्यर्थी उक्त भर्ती के संबंध में कार्यालय के वेबसाईट से विज्ञापन एवं आवेदन फार्म डाउनलोड कर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते है ।

**अध्यक्ष,**
**परीक्षा सेल /भर्ती एवं नियुक्ति समिति,**
**जिला एवं सत्र न्यायालय, रायपुर, छ.ग.**

G- 242505351/1

---

## कार्यालय वन मण्डलाधिकारी बलौदाबाजार वनमण्डल बलौदाबाजार (छत्तीसगढ़)
E- Mail dfo_balodabazar@rediffmail.com, Phone: 07727-296526

### // नीलाम सूचना//

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि बलौदाबाजार वनमण्डल बलौदाबाजार के निस्तार / उपभोक्ता / अस्थाई पड़ाव डिपो में संग्रहित जलाऊ चट्टा/ व्यापारिक बांस/औद्योगिक बांस का E-Auction द्वारा निर्वतन निम्नानुसार किया जावेगा । इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है कि वे E-Auction में भाग लेवें। E-Auction की शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय बलौदाबाजार से प्राप्त की जा सकती ।

**नीलाम दिनांक 20.01.2025 को सुबह 09:00 बजे से प्रारंभ किया जावेगा ।**

**वनोपज की अनुमानित मात्रा**

| क्र. | डिपो का नाम | नीलाम में रखी जाने वाली वनोपज | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | जलाऊ चट्टा | व्यापारिक बांस (नग में) | | औद्योगिक बांस (नो.टन) |
| | | नया | पुराना | नया | पुराना |
| 1 | बरपाली | 233 | 4649 | 0 | 0 |
| 2 | थरगांव | 0 | 2690 | 0 | 0 |
| 3 | नि.डि महराजी | 0 | 303 | 0 | 0 |
| 4 | अ.प.नवागांव | 414 | 0 | 0 | 422 |
| 5 | बलौदा बाजार | 8 | 0 | 0 | 0 |
| 6 | भाटापारा | 217 | 0 | 0 | 0 |
| 7 | सण्डी | 11 | 0 | 355 | 0 |
| 8 | सिमगा | 28 | 0 | 0 | 0 |
| 9 | पलारी | 0 | 0 | 404 | 0 |
| 10 | ठाकुरदिया | 100 | 0 | 0 | 0 |
| | योग :- | 1011 | 7642 | 759 | 422 |

**टीप :-** (1) क्रेताओं को E-Auction के पूर्व एम. एस. टी. सी. ई-कामर्स पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है ।
(2) क्रेताओं को E-Auction के पूर्व क्रय लॉटों के अपसेट प्राइज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है । सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई. एम. डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है ।
(3) लॉट की थप्पी सूची एवं फोटो एम. एस. टी. सी. ई-कामर्स पोर्टल में अपने आईडी से लॉगइन करके देख सकते हैं

**वनमण्डलाधिकारी**
**बलौदाबाजार वनमण्डल, बलौदाबाजार**

G-242505360/2

---

## कार्यालय, कलेक्टर (जिला निर्माण समिति), जिला उत्तर बस्तर-कांकेर

### -: अल्पकालिन निविदा :–

एन.आई.टी. क्रमांक / 70 से 73 / जि.नि.स./2024-25 कांकेर, दिनांक 14.01.2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों के लिए निम्नानुसार मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है :

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि- 05/02/2025 (सायं 5:00 बजे तक) (रजिस्टर्ड डाक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से )
2. आवेदन परीक्षण पश्चात् मनी रसीद कटाने की अंतिम तिथि - 07/02/2025 (सायं 05:00 बजे तक)
3. निविदा प्रपत्र वितरण की तिथि - 10/02/2025 (प्रातः 11:00 बजे से )
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि - 17/02/2025 (सायं 05:00 बजे तक)
5. निविदा खोले जाने की तिथि - 18/02/2025 (दोपहर 12:30 बजे से)

**इस कार्य की विस्तृत निविदा प्रारूप कार्यालयीन अवधि अंतर्गत कार्यालय में देख सकते हैं।**

| क्र. | NIT No. | कार्य का नाम | लागत (लाख में) | धरोहर राशि | टीप |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 70 | विकासखण्ड़-कोयलीबेड़ा के एल -030 कुरूसबोडी से कोटोडी मार्ग आर. डी. 6000 मीटर में वृहद पुल निर्माण कार्य, (लम्बाई 62.40 मीटर)। | 253.34 | 1,27,000/- | 1St Call |
| 2 | 71 | विकासखण्ड-कोयलीबेड़ा के 04, 03 कि.मी. ऑफ कोयलीबेड़ा प्रतापपुर जिरामतराई से कड़में मार्ग की आर.डी. 6600 मीटर में वृहद पुल निर्माण कार्य, (लम्बाई 140.00 मीटर)। | 628.01 | 3,15,000/- | 1St Call |
| 3 | 72 | विकासखण्ड-कोयलीबेड़ा के एल-030 कुरूसबोडी से कोटोडी मार्ग आर. डी. 2000 मीटर में वृहद पुल निर्माण कार्य, (लम्बाई 83.20 मीटर)। | 454.08 | 2,28,000 /- | 1St Call |
| 4 | 73 | जिला कांकेर में एस्ट्रटॉर्फग्रासी फुटबाल विध रंनिग ट्रैक मैदान निर्माण कार्य | 550.78 | 2,76,000 /- | 1St Call |

**कलेक्टर**
**जिला उत्तर बस्तर - कांकेर**

G-242505347/4



# छह साल बाद कमबैक कर रहे हैं नील नितिन मुकेश...

**मुंबई।** नील नितिन मुकेश चंद माथुर को दर्शक नील नितिन मुकेश के नाम से जानते हैं। नील का जन्म 15 जनवरी 1982 को मुंबई में हुआ। वे पार्श्व गायक नितिन मुकेश के बेटे और गायक मुकेश के पोते हैं। 2019 में आई साहो फिल्म के बाद नील ने फिल्मों से दूरी बना ली थी, लेकिन अब फिर से नील 'हिसाब बराबर' से अपना बॉलीवुड कमबैक कर रहे हैं। इस फिल्म में नील के अलावा आर. माधवन भी नजर आएंगे। इस फिल्म का ओटीटी प्रीमियर 24 जनवरी को जी5 पर होगा। फिल्म 'हिसाब बराबर'का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। यह फिल्म हिंदी के अलावा तमिल, तेलुगु भाषा में भी रिलीज होगी।

लाइफ Style

# कंगना



## 'इमरजेंसी' बांग्लादेश में नहीं होगी रिलीज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कंगना रनौत की 'इमरजेंसी' को रिलीज से पहले ही झटका मिला है। यह फिल्म बांग्लादेश में रिलीज नहीं होगी। पूर्व भारतीय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के जीवन पर आधारित कंगना रनौत निर्देशित आगामी फिल्म 'इमरजेंसी' बांग्लादेश में रिलीज नहीं होगी।

दोनों पड़ोसी देशों के बीच राजनीतिक संबंध तनावपूर्ण बने हुए हैं। यह फिल्म 1975 में इंदिरा गांधी की भारत में घोषित इमरजेंसी के अशांत काल को दर्शाती है। मामले से जुड़े एक सूत्र ने बताया, 'बांग्लादेश में 'इमरजेंसी' की स्क्रीनिंग रोकने का फैसला भारत और बांग्लादेश के बीच मौजूदा तनावपूर्ण संबंधों से जुड़ा है। प्रतिबंध फिल्म कंटेंट से कम और दोनों देशों के बीच चल रही राजनीतिक तनाव से ज्यादा जुड़ा है।' मालूम हो कि इंदिरा गांधी ने पाकिस्तान से बांग्लादेश की आजादी में अहम भूमिका निभाई थी। हालांकि, अमेरिका ने उनसे दोनों देशों के मामलों में दखल न देने की मांग की थी। फिर भी, इंदिरा आगे बढ़ीं। क्योंकि, उन्हें लगा कि लाखों शरणार्थियों को शरण देने के बजाय, पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध करना भारत के लिए आर्थिक रूप से बेहतर होगा, जिसके परिणामस्वरूप 1971 का भारत-पाकिस्तान युद्ध हुआ। 'इमरजेंसी' साल 1971 के बांग्लादेश स्वतंत्रता संग्राम में भारतीय सेना और इंदिरा गांधी सरकार की भूमिका और शेख मुजीबुर रहमान को दिए गए समर्थन पर प्रकाश डालती है, जिन्हें बांग्लादेश का राष्ट्रपिता कहा जाता है। इन्होंने ही इंदिरा गांधी को देवी दुर्गा कहा था।

## हॉलीवुड मसाला



# 'अनटिल डान' का पहला लुक जारी

**लॉस एंजिल्स।** सोनी पिक्चर इंडिया की आगामी हॉरर थ्रिलर फिल्म अनटिल डान का पहला लुक सामने आ गया है। फिल्म का निर्देशन डेविड एफ. सैंडबर्ग ने किया है। फिल्म प्लेस्टेशन स्टूडियो वीडियो गेम पर आधारित है। यह फिल्म भारत में 25 अप्रैल को रिलीज होने वाली है। यह कहानी है, एक अजीब से चक्रव्यूह में फंसी क्लोवर और उसके दोस्तों की। जो अपनी बहन की मौत के रहस्य को सुझलाने के लिए एक ऐसी जगह पर चले जाते हैं, जहां उन्हें खुद ही जीवित रहने की बात पर संदेह होने लगता है।



# 96 साल में पहली बार कैंसिल होगी अवॉर्ड सेरेमनी...

**लॉस एंजिल्स।** लॉस एंजिल्स में लगी आग के बीच 2025 के एकेडमी अवॉड्र्स को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। एक रिपोर्ट में बताया गया है कि आग के कारण 97वें एकेडमी अवॉड्र्स को रद्द किए जाने की कगार पर रखा गया है। हालांकि, अगर ऐसा होता है कि यह 96 साल में पहली बार होगा जब, ऑस्कर अवॉड्र्स को रद्द किया जाएगा। लॉस एंजिल्स की धधकती आग रुकने का नाम नहीं ले रही है। ऐसे में खतरा बना हुआ है। जंगल में लगी आग ने हॉलीवुड के पुरस्कार समारोह को बाधित कर दिया है, जिससे क्रिटिक्स चॉइस अवाड्र्स और प्रोड्यूसर्स गिल्ड अवाड्र्स नॉमिनेशन जैसे कार्यक्रम काफी प्रभावित हुए हैं। यही नहीं, डचेस ऑफ ससेक्स की नेटफ्लिक्स सीरीज लव, मेघन की रिलीज को भी स्थगित कर दिया गया है। यह सीरीज अब 15 जनवरी के बजाय 4 मार्च को प्रीमियर होगी।



# नव्या ने शेयर की कच्छ के रण की तस्वीरें

**मुंबई।** अमिताभ बच्चन की नातिन नव्या नवेली नंदा ने देश के गुजरात के कच्छ से तस्वीरें साझा की हैं। उनके साथ उनकी नानी जया बच्चन और मां श्वेता बच्चन भी थीं। उनकी तस्वीरें वायरल हो गईं और प्रशंसक इस पर अपनी प्रतिक्रिया देते नजर आए। उन्होंने कैप्शन में लिखा- कच्छ का रण वह अपनी नानी और मां के साथ रण में पोज देती नजर आ रही हैं। तस्वीरों को फैंस ने पसंद किया है। एक प्रशंसक ने लिखा, 'अद्भुत।' दूसरे ने लिखा, 'बहुत खूबसूरत तस्वीर।' एक अन्य फैन ने कहा, आप वाकई बहुत खूबसूरत हैं। गुजरात के सफेद रण में नव्या नवेली नंदा एंजॉय करती नजर आ रही हैं। नव्या ने सोशल मीडिया पर रात और सुबह कच्छ के रण से तस्वीरें साझा की हैं। इन तस्वीरों को फैंस ने बहुत पसंद किया है। नव्या अक्सर सोशल मीडिया पर अपनी तस्वीरें साझा करती रहती हैं।



# साझा कीं 'पंजाब 95' की झलकियां...

**मुंबई।** दिलजीत दोसांझ के 'दिल-लुमिनाती' टूर ने भारत और दुनिया भर में दर्शकों का मनोरंजन किया। अब गायक और अभिनेता अपनी आगामी फिल्म 'पंजाब 95' के साथ चर्चा बटोर रहे हैं। बुधवार को अभिनेता ने इंस्टाग्राम पर फिल्म से कई मनमोहक तस्वीरें साझा कीं। इन तस्वीरों के जरिए दिलजीत ने अपने किरदार की कुछ झलकियां साझा की हैं। अभिनेता ने घोषणा की कि फिल्म का टीजर 17 जनवरी को जारी किया जाएगा। दिलजीत की फिल्म पंजाब '95, मानवाधिकार कार्यकर्ता जसवंत सिंह खालरा के जीवन पर आधारित है। यह फिल्म एक साल से भी अधिक समय से केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड से मंजूरी मिलने का इंतजार कर रही थी। दिल्जीत्त दोसांझ द्वारा साझा की गईं तस्वीरों में से एक में अभिनेता जसवंत सिंह खालरा के रूप में सलाखों के पीछे बैठे हैं।

## टीवी मसाला




# 19 जनवरी को होगा फिनाले

**नई दिल्ली।** बिग बॉस के हालिया एपिसोड से शिल्पा शिरोडकर को घर से बेघर कर दिया गया है। इसके बाद बिग बॉस के घर में टॉप 6 कंटेस्टेंट बचे हैं। शो के विनर को लेकर फैंस के बीच अब उत्सुकता बढ़ती जा रही है। बिग बॉस 18 में शिल्पा शिरोडकर के घर से बेघर होने के बाद अब घर में 6 कंटेस्टेंट्स घर के अंदर बचे हैं। इसमें अविनाश मिश्रा, चुम दरांग, ईशा सिंह, करणवीर मेहरा, रजत दलाल, विवियन डीसेना शामिल हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले कई हफ्तों से इन तीन कंटेस्टेंट्स ने टॉप 3 में जगह बनाई है। वहीं, रजत दलाल नंबर वन पर बने हुए हैं। बिग बॉस 18 का फिनाले 19 जनवरी को होने वाला है। शो के ग्रैंड फिनाले और विनर के नाम को जानने के लिए फैंस बहुत एक्साइटेड हैं। फैंस अपने फेवरेट कंटेस्टेंट को लेकर सोशल मीडिया पर चर्चा कर रहे हैं।

## 'सोढ़ी' की मदद न करने पर मेकर्स पर भड़कीं जेनिफर

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के पूर्व सोढ़ी उर्फ गुरुचरण सिंह पिछले कुछ दिनों से अस्पताल में भर्ती हैं। अभिनेता की हालत गंभीर है और उनकी दोस्त भक्ति सोनी ने कुछ दिन पहले खुलासा किया था कि गुरुचरण ने खाना खाना बंद कर दिया है, जिससे उनकी सेहत पर असर पड़ा है। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि अभिनेता कुछ फाइनेंशियल दिक्कतों का भी सामना कर रहे थे और उन पर डेढ़ करोड़ रुपए का कर्ज है। हाल ही में जेनिफर ने खुलासा किया कि उन्होंने शुरुआत में गुरुचरण की आर्थिक मदद करने की कोशिश की थी। उन्होंने गुरुचरण की मदद के लिए आगे नहीं आने के लिए तारक मेहता के कलाकारों की आलोचना की है। जेनिफर ने खुलासा किया कि अभिनेता पर 1.2 करोड़ रुपए का कर्ज था और कहा, 'गुरुचरण सिंह ने एक बार मुझसे अपने क्रेडिट कार्ड के बकाया को चुकाने के लिए 1 लाख रुपए की मदद मांगी थी। मैं उन्हें देने के लिए तैयार हो गई, लेकिन बाद में उन्होंने मुझसे कहा कि उन्हें अभी इसकी जरूरत नहीं है।' तारक मेहता के बाकी कलाकारों की आलोचना करते हुए अभिनेत्री ने कहा, 'वो लोग कोई नहीं हैं। मेरे केस में उन्होंने मेरे लिए स्टैंड नहीं लिया तो उनके लिए क्या लेंगे। जब मेरी बहन की मौत पिछले साल हुई थी, तब किसी ने मुझे कॉल भी नहीं किया था।



# सिनेमाघरों में 18 अप्रैल को रिलीज होगी 'घाटी'

**नई दिल्ली।** साउथ अभिनेत्री अनुष्का शेट्टी की आने वाली फिल्म 'घाटी' का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। फैंस लगातार फिल्म से जुड़ी नई जानकारियां पाने के लिए उत्सुक हैं। पहले ही फिल्म से अनुष्का शेट्टी की झलकियां सामने आ चुकी हैं, जिसमें अभिनेत्री का दमदार अवतार नजर आया था। वहीं, अब फिल्म में मुख्य नायक का किरदार निभाने वाले अभिनेता विक्रम प्रभु का भी लुक निर्माताओं ने जारी कर दिया है। अनुष्का इस महिला-केंद्रित फिल्म में मुख्य किरदार निभा रही हैं।' यह फिल्म 18 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म में विक्रम प्रभु, अनुष्का शेट्टी के साथ मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। आज विक्रम का जन्मदिन भी है और इसे खास बनाने के लिए 'घाटी' के निर्माताओं ने फिल्म से




अभिनेता का पहला लुक जारी कर दिया है। विक्रम फिल्म में देसी राजू के रूप में नजर आएंगे। पोस्टर में विक्रम कैमरे की ओर देखते हुए धांसू लुक में नजर आ रहे हैं।

# अंतरिक्ष और एलियन्स पर भारत की टॉप फिल्में

## कुछ तो फिक्शन, लेकिन कुछ हैं सच्ची कहानियां

***मुंबई।** हॉलीवुड में अंतरिक्ष और एलियन्स जैसे विषयों पर काफी फिल्में बनती हैं। भारतीयों को भी जब इस तरह के विषयों पर कोई फिल्म देखने का मन करता है तो हम हॉलीवुड का ही रुख करते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि बॉलीवुड में भी स्पेस और आउटर स्पेस जैसे विषयों पर कुछ अच्छी फिल्में बनी हैं जिन्हें ना सिर्फ जनता ने काफी प्यार दिया बल्कि इनमें आपको काफी कुछ देखने और सीखने को मिल सकता है।*

***रॉकेट्री :*** आर. माधवन की लिखी और निर्देशित की हुई फिल्म 'रॉकेट्री' अगर आपने अभी तक नहीं देखी है तो आपको आज ही देखनी चाहिए। यह फिल्म भारत के एक ऐसे महान वैज्ञानिक की कहानी सुनाती है, जिसने अंतरिक्ष के कई राज टटोले और इंडिया को खलोग विज्ञान के क्षेत्र में आगे ले गया। लेकिन साथ ही यह फिल्म हमें ये भी बताती है कि कैसे हम भारतीय कई बार अपने ही देश में मौजूद कुछ बहुत महत्वपूर्ण लोगों को पहचान नहीं पाते और उनकी तौहीन करते हैं।

***मिशन मंगल :*** भारत कैसे कम संसाधनों और पैसों के बावजूद भी आगे बढ़ सकता है, अगर उसे सरकारी सपोर्ट मिलता रहे, यह जानना है तो आपको साल 2019 में रिलीज हुई फिल्म 'मिशन मंगल' देखनी चाहिए। भारत में हुनर की कमी नहीं है, उसे सहारा देने वालों की कमी है। लेकिन अगर उस हुनर को




सपोर्ट किया जाए तो भारतीय क्या कमाल करके दिखा सकते हैं यह जानने के लिए आपको फिल्म 'मिशन मंगल' जरूर देखनी चाहिए।

***अंतरिक्षम 9000 केएमपीएच :*** तेलुगू फिल्म अंतरिक्षम 9000 केएमपीएच साल 2018 में रिलीज हुई थी। फिल्म की कहानी काल्पनिक है, लेकिन बावजूद इसके यह आपको स्पेस के बारे में बहुत कुछ बताती है। यह फिल्म 'देव' नाम के एक रिटायर्ड एस्ट्रोनॉट की कहानी है जिसे एक खास मिशन के लिए अप्रोच किया जाता है। मिशन है अंतरिक्ष में मौजूद एक सैटेलाइट को रिपेयर करना, जिसके ठीक नहीं होने पर दुनिया भर में कम्युनिकेशन प्रॉब्लम हो सकता है। लेकिन मिशन के बीच देव को पता चलता है कि यह काम इतना भी आसान नहीं है जितना लग रहा था।

***कोई मिल गया :*** राकेश रोशन के निर्देशन में बनी फिल्म 'कोई मिल गया' उस वक्त की सुपरहिट मूवी थी। इसके बाद राकेश रोशन ने 'कृष' सीरीज शुरू कर दी लेकिन 'कोई मिल गया' का मुकाबला नहीं कर पाई। फिल्म की कहानी एक ऐसे शहर के बारे में है जहां अचानक कुछ स्पेस शिप लैंड करते हैं और उनसे एक एलियन रह जाता है। एक लड़के की इस एलियन से दोस्ती हो जाती है और फिर यहां से उस लड़के की जिंदगी बदल जाती है।

***टिक टिक टिक :*** 'टिक टिक टिक' एक तमिल साइंस फिक्शन फिल्म है जो बताती है कि एक विशाल धूमकेतु चेन्नई पर गिरने वाला है। इसके बाद एक और गिरेगा जिसकी वजह से काफी तबाही होगी। भारत की सीक्रेट एजेंसी **RAW** को यह मामला हैंडल करने को दिया जाता है।

### 'तू बोला, तो मैं चला' डायलॉग आज भी बसा हुआ है लोगों के जेहन में

# सरकटे से पहले सज्जन ने बेताल बन लोगों में फैलाई दहशत

***नई दिल्ली।** हाल ही में हिंदी सिनेमा के दर्शकों के बीच 'स्त्री 2' के सरकटे ने दहशत फैलाई थी। सरकटे को देख दर्शक हैरान रह गए थे और उसकी हरकतों ने लोगों के दिलों में डर भी पैदा किया था, लेकिन क्या आप जानते हैं कि सरकटे से पहले भी दर्शकों के बीच ऐसा डर का माहौल बन चुका है, जिसके आतंक से पुराने जमाने में भी लोगों की बीच दहशत का माहौल पैदा हो गया था। वह था 'विक्रम और बेताल' के किरदार 'बेताल' का डर। रामानंद सागर के सीरियल 'विक्रम और बेताल' में अभिनेता सज्जन लाल पुरोहित 'बेताल' बने थे और घर-घर में मशहूर हो गए।*



## 'बेताल' बन टीवी पर छाए सज्जन

सज्जन लाल पुरोहित का जन्म 15 जनवरी, 1921 में जयपुर में हुआ था। सज्जन ने जोधपुर के जसवंत कॉलेज से ग्रेजुएशन किया था। वह अभिनेता नहीं बल्कि, वकील बनना चाहते थे, लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। ऐसे में वह फिल्मी दुनिया में आए और अभिनेता बन गए। टीवी की दुनिया में दस्तक देने से पहले ही सज्जन ने कई सारी फिल्मों में अभिनय किया था। ऐसे में जब उन्होंने टीवी का रुख किया तो अभिनेता ने बेताल के किरदार में भी जान फूंक दी थी।

## डायलॉग से भी मशहूर हुए सज्जन

सीरियल में विक्रम की भूमिका अरुण गोविल ने निभाया था, जो आगे चलकर टीवी के श्रीराम बने। वहीं, सज्जन ने 'बेताल' बन दर्शकों के बीच अलग ही आतंक फैलाया। यह भारत का पहला ऐसा शो था, जिसमें टीवी पर स्पेशल इफेक्ट्स दिखाए गए थे। डरावनी शक्ल और बड़ी आंखें और लंबे सफेद बालों वाले 'बेताल' का लुक उस जमाने में लोगों के बीच रोमांच के साथ एक तरह का डर भी पैदा कर रहा था। 'बेताल' द्वारा बोला गया डायलॉग 'तू बोला, तो मैं चला जा रहा हूं। मैं तो चला।' आज भी लोगों के जेहन में बसा हुआ है।

## ऐसे मिला 'बेताल' का रोल

सज्जन लाल पुरोहित पेशे से तो वकील थे, लेकिन अभिनय उनका शौक था। सज्जन ने देश की आजादी के पहले से ही फिल्मों में अभिनय करना शुरू कर दिया था। सज्जन ने विक्रम और बेताल में काम करने से पहले रामानंद सागर की फिल्म आंखें में उनके साथ काम किया था। इस फिल्म के बाद से ही सज्जन की अदाकारी रामानंद सागर के जेहन में बस गई थी। जब रामानंद सागर के मन में विक्रम और बेताल का ख्याल आया, तब उन्होंने बेताल के किरदार के लिए सज्जन को चुना। सज्जन ने भी देर न करते हुए सीधे हां कह दिया।

## सज्जन का फिल्मी कॅरियर

1985 में प्रसारित होने वाला टीवी शो विक्रम और बेताल पूरे देश का ध्यान खींचने में सफल रहा था। इस क्लासिक शो को आज भी अरुण गोविल और सज्जन की जोड़ी के लिए याद किया जाता है। सज्जन ने उन्होंने 150 से ज्यादा फिल्मों और टीवी शो 'विक्रम और बेताल' के साथ एक अन्य शो 'लेना-देना' में काम किया। सज्जन ने अपने करियर की शुरुआत मासूम (1941), चौरंगी (1942) जैसी फिल्मों में बतौर एक्स्ट्रा कलाकार की थी। उन्होंने मीना (1944) के संवाद और दूर चलें (1946) और धन्यवाद (1948) के गीत भी लिखे। सज्जन ने फिल्म 'धन्यवाद' से बॉलीवुड में मुख्य अभिनेता के तौर पर डेब्यू किया था। 1950-60 के दशक में इस बहुमुखी अभिनेता ने सैयां, रेल का डिब्बा, बहना, शीशा, मालकिन, निर्मोही, कस्तूरी, मेहमान, लगन, गर्ल स्कूल, परिधान, दो दूल्हे, घर-घर में दिवाली, हा-हा-ही-ही-हू-हू, पूनम झांझर, हल्ला-गुल्ला जैसी कई फिल्मों में अभिनय किया।



# डीपीएस के 16 वें वार्षिकोत्सव में 800 से अधिक बच्चों ने दी प्रस्तुति

# साय बोले-शिक्षा ही विकास की नींव छात्र- छात्राएं भविष्य के कर्णधार

दिल्ली पब्लिक स्कूल के 16 वें वार्षिकोत्सव के दौरान बच्चों की शानदार प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग कार्यक्रम में गणेश वंदना, आर्मी डांस, घूमर, हारर डांस, फ्यूजन डांस, रामायण, राधे-राधे, भांगड़ा, इंडियन कल्चर के साथ छत्तीसगढ़ी लोकनृत्यों की प्रस्तुति दी गई। इसके साथ ही सभी 9 रसों के बारे में नृत्य और गीत के माध्यम से उपस्थित सैकड़ों लोगों को बताया गया। 5 घंटे तक चले इस कार्यक्रम में स्कूल के 800 से अधिक बच्चों ने प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आयोजन की जमकर प्रशंसा की और कहा कि जिन बच्चों में इस छोटी सी उम्र में लोगों को बांधने की क्षमता है, निश्चय ही वह बड़े होकर अपने भविष्य को मजबूत बनाएंगे। उन्होंने स्कूल प्रबंधन द्वारा बच्चों की बुनियाद को मजबूत करने के प्रयास की भी सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा ही विकास की नींव है और इसके आधार को मजबूत बनाना होगा। दिल्ली पब्लिक स्कूल इस दिशा में बेहतर काम कर रहा है। उन्होंने डीपीएस स्कूल के छात्र- छात्राओं को भविष्य का कर्णधार कहकर उत्साह बढ़ाया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दिल्ली पब्लिक स्कूल बिलासपुर का सोलहवां वार्षिकोत्सव बड़े उल्लास और धूमधाम से मनाया गया। इस रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ गणमान्य अतिथियों के कर-कमलों द्वारा मंगलमयी गणेश वंदना व मंगलदीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। स्वागत नृत्य विद्यार्थियों द्वारा मनमोहक प्रस्तुति और डीपीएस एंथम द्वारा हार्दिक स्वागत किया गया। संस्था के प्राचार्य जसपाल सिंह ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए स्कूल की गत वर्ष की अभूतपूर्व उपलब्धियों की जानकारी दी। कार्यक्रम में भारतीय सभ्यता व परंपरा का रंग दिखाई दिया। विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रस्तुतियों से प्रकृति व नारी शक्ति का महत्व भी बताया। इस दौरान प्री नर्सरी से 12 वीं तक के बच्चों ने देश व प्रदेशों की विभिन्न की परंपरा का प्रदर्शन किया। वहीं विभिन्न देशों की संस्कृति का मंच से प्रदर्शन कर वसुधैव कुटुंबकम का संदेश दिया। गोधूलि बेला में आयोजित इस सांस्कृतिक कार्यक्रम ने सभी को बांधे रखा।




## नई शिक्षा नीति में रोजगार की भी पढ़ाई : मुख्यमंत्री

अपने संबोधन में सीएम विष्णुदेव साय ने डीपीएस स्कूल के छात्र- छात्राओं को भविष्य के कर्णधार कहकर उत्साह बढ़ाया। उन्होंने नववर्ष और मकर संक्रांति की प्रदेशवासियों को बधाई दी। उन्होंने कार्यक्रम में छात्र छात्राओं के शानदार प्रस्तुति के लिए विशेष बधाई दी। सीएम श्री साय ने कहा कि तिफरा डीपीएस स्कूल में 2300 छात्र छात्राएं अध्यनरत हैं। इनमें से 200 बच्चे निशुल्क शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। इसके लिए डीपीएस स्कूल और प्रबंधन बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ ने 25वें वर्ष में प्रवेश किया है। मैं प्रदेशभर के सभी लोगों को रजत जयंती के नज़दीक पहुंच चुके शिक्षा संस्थानों को बधाई देता हूँ। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नई शिक्षा नीति की शुरुआत की। इस नई शिक्षा नीति के तहत रोज़गार की भी पढ़ाई कराई जा रही है, जिससे हर एक छात्र नौकरी न लगने से अपने स्वयं का रोजगार कर स्वलंबी बन सकते हैं।



## सांस्कृतिक, अकादमिक और अनुशासन में मिला सम्मान

वर्ष भर की विभिन्न सांस्कृतिक, अकादमिक, शैक्षणिक, क्रीड़ा, अनुशासन सहित बहुमुखी क्षेत्रों में राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का अद्वितीय प्रदर्शन करने पर संस्था की विभिन्न छात्र प्रतिभाएं तालियों की गड़गड़ाहट के बीच पुरस्कारों से नवाजी गईं। जिनमें आल राउंडर प्री- नर्सरी से ईशान कौशिक, नर्सरी से मन्नत बंजारे,प्रेप से श्रीजा बंजारे, प्रथम कक्षा से दिशिता बंजारे, दूसरी कक्षा से आकिरा बिस्बास, तीसरी से आरव जायसवाल, चौथी से विधि टावरी, पांचवीं से शान शाजी मथाई और आदित्य जैन, छठवीं से वर्तिका अग्रवाल, सातवीं से विवान मिश्रा,आठवीं से शेख जयद और अर्शिया अविरति,नवमीं से अद्वित्य रविचंद्रन को पुरस्कार मिला। इसी तरहमोस्ट डिसिप्लेन एंड वैल मैनर्ड बॉय एंड गर्ल प्री- नर्सरी से अव्यान अग्रवाल, अनुकृति सिंह ठाकुर, नर्सरी से अद्विक पटेल, श्रीजा अग्रवाल, प्रेप से रक्षित गुरनानी, निश्का माखीजा, कक्षा बारहवीं से रुद्रांश सिंह और विजेता पाण्डे। मोस्ट डिसिप्लेन कक्षा बारहवीं ई तथा कक्षा अध्यापिका श्रीमती पुष्पिंदर कौर को सम्मानित किया गया। दसवीं से अनुष्का अग्रवाल 98.8%, सौम्या मिश्रा 97.8%, ग्यारहवीं विज्ञान संकाय में 95 % के साथ वेद श्री बेहरा, वाणिज्य संकाय टॉपर आदित्य राज 85%,हिस्ट्री टापर अलेश्का सिंह, ह्यूमैनिटी टॉपर मान्या श्री शर्मा 94.3% प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने के उपलक्ष्य में सम्मानित किया गया।

## इनकी रही खास उपस्थिति

कार्यक्रम में खास तौर पर भाग लेने मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय पहुंचे थे। उनके साथ डिप्टी सीएम अरुण साव, हरियाणा के पूर्व कैबिनेट मंत्री कैप्टन अभिमन्यु, वीर सेन सिंधु,हरिभूमि व आईएनएच न्यूज के प्रधान संपादक डॉ हिमांशु द्विवेदी, मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद उपस्थित थे। इसके साथ ही नगर विधायक अमर अग्रवाल, बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, पूर्व विधायक रजनीश सिंह, कमिश्नर महदेव कावरे, आईजी संजीव शुक्ला, कलेक्टर अवनीश शरण, एसपी रजनेश सिंह, एसईसीएल के सीवीओ हिमांशु जैन सहित अन्य लोग उपस्थित थे। इसके साथ ही डीपीएस बिलासपुर के प्राचार्य जसपाल सिंह मथ, इंडस पब्लिक स्कूल, दीपका से प्राचार्य संजय गुप्ता तथा डीपीएस दुर्ग के प्राचार्य यशपाल शर्मा उपस्थित थे।

## बगिया से निकलकर निर्विवाद सीएम तक का सफर: डॉ. द्विवेदी

कार्यक्रम में संबोधित करते हुए हरिभूमि-आईएनएच न्यूज के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने कहा कि आज डीपीएस के लिए गौरव का क्षण है। जिन्हें हम रोल मॉडल मानते हैं, ऐसी शास्खियत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय हमारे बीच मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि सीएम श्री साय ने जशपुर जिले के एक छोटे से गांव बगिया से निकलकर सीएम तक का सफ़र निर्विवाद रूप से तय किया है। आज वे न केवल मुख्यमंत्री के तौर में मौजूद हैं, बल्कि डीपीएस स्कूल के वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शिक्षा मंत्री के रूप में विराजमान हैं। डॉ द्विवेदी कहा कि सीएम श्री साय की आज की उपस्थिति छात्र-छात्राओं को आपात ऊर्जा देगी और देश में एक नई पहचान दिखाएगी। डॉ द्विवेदी ने डीपीएस स्कूल के सभी छात्र छात्राओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं भी दी और कहा कि आज पूरे दिन प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय केंद्रीय गुरु घासीदास विश्वविद्यालय में उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के साथ मौजूद रहे और इस समय डीपीएस स्कूल के वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में उपस्थित हैं। बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए डॉ हिमांशु द्विवेदी ने कहा कि-

*शब्दों को भी शमशीर (तलवार) बना सकते हैं हम,*
*पानी पर भी तस्वीर बना सकते हैं हम,*
*तक़दीर की क्या बात करते हो दोस्त हमसे,*
*तक़दीर की भी तक़दीर बना सकते हैं हम।*





## प्रिंसिपल कप एवं पीवीसी कप से नवाजे गए

शिक्षा जगत में श्रेष्ठ उपलब्धि अर्जित कर सम्मानित होने वाली छात्र प्रतिभाओं में हर प्रतिभावान विद्यार्थी का सपना होता है कि वह प्रिंसिपल कप एवं पीवीसी कप से सम्मानित होने का सौभाग्य प्राप्त कर सके। ऐसा ही अवसर प्राप्त करने वालो में प्रिंसिपल कप बायोलॉजी संकाय में टॉप करने तथा केमिस्ट्री और बायोलॉजी में टॉप करने पर अश्मिता सरकार को, गणित संकाय में टॉप करने पर मुक्त श्री पाठक को, ह्यूमैनिटी -साइकोलोजी और सोशियोलॉजी में इनाया शेख को टॉप करने पर प्रदान किया गया। वाणिज्य संकाय तथा स्कूल टॉपर आयुष सिन्हा को पीवीसी कप से सम्मानित किया गया। राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर तैराकी प्रतियोगिता में शरण्या निगम और अहाना श्रीवास्तव को, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर स्केटिंग प्रतियोगिता में आरव जायसवाल, अश्मि शर्मा तथा आर्यन प्रसाद को, मान्या अग्रवाल,अविका सिंह, अर्थ राठौर, जिज्ञासा प्रधान, आरना कुरैशी, कृतिका ठाकुर मनीत कौर मक्कड़, तरुन्या संजय सेंडये, अन्वेषा तिवारी और अन्वया तिवारी को राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर राइफल पिस्टल शूटिंग के लिए सम्मानित किया गया।

# 15 महीने बाद हमास-इजराइल में सीजफायर पर सहमति

- हमास ने शर्तें मानी, बाइडेन ने पुष्टि की, कतर पीएम बोले- 19 जनवरी से लागू होगा सीजफायर

**नई दिल्ली।** गाजा में 15 महीने से चल रहे युद्ध में उलझे इजरायल और हमास के बीच सीजफायर को लेकर सहमति बन गई है। समाचार एजेंसी ने एक अधिकारी के हवाले से खबर दी है कि गाजा में 15 महीने से चल रहे युद्ध में उलझे इजरायल और हमास के बीच संघर्ष विराम समझौता हो गया है। समाचार रिपोर्ट में कहा गया है कि इजरायल और हमास के बीच समझौते में छह हफ्ते के प्रारंभिक सीजफायर चरण का प्रावधान है और इसमें गाजा से इजरायली सैनिकों की व्यवस्थित वापसी और हमास द्वारा इजरायली बंधकों की अदला-बदली शामिल होगी। हालांकि, सीजफायर को लेकर अभी औपचारिक घोषणा नहीं की गई है। सीज फायर पर सहमति अमेरिका द्वारा समर्थित मिस्त्र और कतर के नेतृत्व में महीनों तक चली वार्ता के बाद बनी है। इस सीजफायर अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण से कुछ दिनों पहले हुई है, जिसे अमेरिका राष्ट्रपति जो बाइडेन प्रशासन की बड़ी सफलता बताया जा रहा है।

# कांग्रेस की नगरीय निकाय चुनाव समिति गठित, 18 वरिष्ठ नेताओं को मिली जगह

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

होने वाले नगरीय निकाय चुनाव में पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए कांग्रेस ने चुनाव समिति का गठन कर लिया है। समिति में दीपक बैज, चरणदास महंत, भूपेश बघेल, टीएस सिंहदेव समेत 18 वरिष्ठ नेताओं की जगह मिली है। चुनाव में पार्टी के बहुमत के लिए रणनीति तैयार करने के साथ कमेटी के सदस्य टिकट वितरण में भी अपनी प्रमुख भूमिका निभाएंगे।

दीपक बैज, महंत, भूपेश बघेल, सिंहदेव समिति में शामिल



अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा नगरीय निकाय चुनाव-2025 के लिए गठित समिति में दीपक बैज, डा. चरणदास महंत, भूपेश बघेल, टीएस सिंहदेव, एसए संपत कुमार, जरिता लैतलफांग, विजय जागिड़, ताम्रध्वज साहू, फूलोदेवी नेताम, रविन्द्र चौबे, राजेश तिवारी, देवेन्द्र यादव, मलकीत सिंह गैंदू, मोहन मरकाम, धनेन्द्र साहू, डा. शिवकुमार डहरिया, जयसिंह अग्रवाल, उमेश पटेल को शामिल किया गया है। समिति में विशेष आमंत्रित सदस्य में अध्यक्ष प्रदेश महिला कांग्रेस, मुख्य संगठक प्रदेश कांग्रेस सेवादल, अध्यक्ष प्रदेश युवा कांग्रेस तथा प्रदेश अध्यक्ष एनएसयूआई को जगह दी गई है।

# असफलता से घबराएं नहीं, जीवन में सीख लेते हुए आगे बढ़ें: धनखड़

**गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय के 11वें दीक्षांत समारोह में शामिल हुए उपराष्ट्रपति**



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय के 11वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने समारोह में उपाधि और गोल्ड मेडल प्राप्त विद्यार्थियों को अग्रिम जीवन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि बाबा गुरु घासीदास एकता और समानता के प्रतीक थे, हमें उनकी शिक्षाओं और संदेशों से प्रेरित होकर आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने युवाओं को बदलती तकनीक से तालमेल बिठाते हुए कौशल एवं नवाचार के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि जीवन में कभी भी असफलता से घबराएं नहीं, बल्कि उससे सीख लेते हुए आगे बढ़ें। उन्होंने विश्वास और साहस के साथ आगे बढ़ते हुए राष्ट्र के विकास में योगदान देने के लिए युवाओं को प्रोत्साहित किया। समारोह में सत्र 2022-23 के 78 और 2023-24 की प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले 77 विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय स्वर्णमंडित पदक, 9 दानदाता पदक, 1 गुरु घासीदास पदक तथा 1 कुलाधिपति पदक सहित 85 पदक प्रदान किए गए। इसके साथ ही सत्र 2022-23 और सत्र 2023-24 के कुल 122 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई।

## गुरु घासीदास विवि का देश में विशिष्ट स्थान- राज्यपाल

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका ने दीक्षांत समारोह के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय भारत के विशिष्ट शैक्षणिक, श्रेणीबद्ध स्वायत्त संस्थानों में से एक है। गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय अनुसंधान, पेटेंट और प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में प्रकाशन में विश्वविद्यालय द्वारा की गई प्रगति विश्व स्तरीय विश्वविद्यालयों के साथ प्रतिस्पर्धा करने की क्षमता को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि गुरु घासीदास विश्वविद्यालय एक ऐसी संस्था है जिसने लगातार छत्तीसगढ़ में शिक्षा और ज्ञान के मार्ग को रोशन किया है। राज्यपाल ने सम्मानित होने वाले विद्यार्थियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनके वर्षों के समर्पण, दृढ़ता और कड़ी मेहनत की पराकाष्ठा का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि गुरु घासीदास महान संत थे, जिनके नाम पर इस विश्वविद्यालय का नामकरण किया गया है। सत्य, अहिंसा, करुणा और सद्भाव की उनकी शिक्षाएं हम सभी के लिए मार्गदर्शक के रूप में काम करती हैं।

## छत्तीसगढ़ की बौद्धिक प्रगति में विश्वविद्यालय की महत्वपूर्ण भूमिका: साय

दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि दीक्षांत समारोह छात्र-छात्राओं के लिए केवल एक औपचारिकता नहीं है। यह एक अच्छा अवसर है जो बदलाव, आत्मंथन और प्रेरणा का प्रतीक है। हमारे लिए गर्व का अवसर और बढ़ जाता है कि छत्तीसगढ़ का इकलौता केंद्रीय विश्वविद्यालय महान संत बाबा गुरु घासीदास के नाम पर स्थापित है। जो ज्ञान, समावेशिता और सांस्कृतिक गर्व का प्रतीक है और अपनी स्थापना के समय से ही केंद्रीय विश्वविद्यालय ने छत्तीसगढ़ की बौद्धिक प्रगति को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसकी प्रतिष्ठा केवल हमारे राज्य तक सीमित नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी फैली है। उन्होंने कहा कि हमारा भारत विश्व गुरु के रूप में विख्यात रहा है। इसके पीछे नालंदा और तक्षशिला जैसे ज्ञान-विज्ञान से समृद्ध विश्वविद्यालय रहे हैं। इस विश्वविद्यालय ने एक ऐसा उदाहरण प्रस्तुत किया है कि किस तरह से संस्थान समाज की जरूरतों को पूरा कर सकता है।

**राजधानी से लगे धरसींवा ब्लाक का मामला, आरोपी पुलिस हिरासत में**

# सरपंच चुनाव के लिए लोकप्रिय होने 4.44 लाख लूट की झूठी रिपोर्ट लिखाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ धरसींवा

चुनाव नजदीक आते ही दावेदार लोकप्रिय होने तरह- तरह के हथकंडे अपना रहे हैं। कुछ ऐसा ही मामला राजधानी रायपुर से लगे धरसींवा ब्लाक मुख्यालय के ग्राम पंचायत अकोली में सामने आया है। सरपंच प्रत्याशी का चुनाव लड़ने लोकप्रियता हासिल करने के उद्देश्य से दस जनवरी को एक व्यक्ति ने चार लाख रुपए लूट की स्थानीय थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी। प्रार्थी से कड़ाई की गई तो उसने बताया कि पंचायत चुनाव में सरपंच प्रत्याशी बनने लोकप्रियता हासिल करना था, इसलिए झूठी कहानी गढ़ी थी।

## सरपंच बनना चाहता था

आरोपी चेतन लाल धीवर ने पूछताछ में बताया कि वह अपने ग्राम का सरपंच बनना चाहता था। पूर्व में हुए सरपंच चुनाव में वह हार गया था। उसे लगा कि वह चुनाव उसकी लोकप्रियता में कमी होने के कारण हारा था। जिस कारण से वह इस चुनाव के पूर्व लोकप्रिय होना चाहता था और उसने यह रास्ता चुना। लूट की झूठी रिपोर्ट लिखाकर पीड़ित के रुप में लोकप्रिय होना चाहता था।





## कानूनी कार्रवाई की जाएगी

धरसींवा धाना प्रभारी राजेंद्र दीवान ने बताया कि सरपंच बनने के लिए झूठी लूट की कहानी गढ़ लोकप्रियता हासिल करने के लिए षडयंत्र किया गया था। आरोपी को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## इस तरह रची गई लूट की झूठी कहानी

जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत अकोली मांढर निवासी चेतन लाल धीवर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह सागर टेलीकम सर्विस के नाम से जियो कम्पनी में डिस्ट्रीब्यूटर का कार्य करता है। जिसका ऑफिस मंदिर हसौद में स्थित है। 10 जनवरी को अपने छोटे भाई के मांढर स्थित टीएलडी टेलिकॉम सर्विस जियो कम्पनी के डिस्ट्रीब्यूटर के ऑफिस में था। शाम 7.30 बजे सेल्समेन हरीश वर्मा द्वारा मंदिर हसौद क्षेत्र के दुकानों से वसूली गई रकम 2 लाख 45 हजार रुपए नकद प्रार्थी के छोटे भाई के मांढर स्थित ऑफिस में लाकर दिया। इसके बाद चेतन लाल धीवर द्वारा टीएलडी टेलीकॉम सर्विस के सेल्समेनों एवं मांढर ऑफिस के गल्ले में रखे कुल 4 लाख 44 हजार रुपए के साथ स्टेट बैंक एवं केनरा बैंक की पास बुक, केनरा बैंक व आईसीआईसीआई बैंक की चेक बुक व एटीएम कार्ड 1 काले रंग के बैग में रखकर रात्रि लगभग 8.15 बजे चेतन अपने मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 एमएन 2070 तथा उसका छोटा भाई दूसरे दोपहिया वाहन में सवार होकर एक साथ घर जाने के लिए निकले। उसी दौरान प्रार्थी का छोटा भाई कुछ काम से आजाद चौक मांढर के पास रूक गया एवं प्रार्थी अकेले घर जाने लगा। कुछ समय बाद उसने थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी।

## खबर संक्षेप

### भारतपे की आईपीओ लाने की योजना

**नई दिल्ली।** वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी भारतपे के सीईओ नलिन नेगी ने कहा है कि कंपनी का राजस्व वित्त वर्ष 2024-25 में करीब 30 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है। कंपनी ने इसी वित्त वर्ष में कर पूर्व आय सकारात्मक होने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने यह भी कहा कि कंपनी का डेढ़ से दो साल में आईपीओ लाने का विचार है।

### बैंक ऑफ महाराष्ट्र का मुनाफा 36 प्रतिशत बढ़ा



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) का चालू वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 36 प्रतिशत बढ़कर 1,406 करोड़ रुपये रहा है। 2023-24 की तीसरी (दिसंबर) तिमाही में शुद्ध लाभ 1,036 करोड़ रुपये रहा था। उसकी कुल आय सालाना आधार पर 5,851 करोड़ रुपये से बढ़कर 7,112 करोड़ रुपये हो गई।

### वेदांता रिसोर्सेज ने बांड जारी कर 1.1 अरब डॉलर जुटाए



**नई दिल्ली।** खनन क्षेत्र दिग्गज के उद्योगपति अनिल अग्रवाल की वेदांता रिसोर्सेज ने मौजूदा देनदारियों का समय से पहले भुगतान करने के लिए नई बांड पेशकश के जरिये 1.1 अरब डॉलर जुटाए हैं। कंपनी वेदांता रिसोर्सेज फाइनेंस-2 पीएलसी ने अंतरराष्ट्रीय बांड पूंजी बाजारों में दो किस्त में नई बांड पेशकश जारी कर 1.1 अरब डॉलर जुटाए हैं।

# भारत के तीन बैंकों ने दुनिया के सबसे बड़े 25 बैंकों की सूची में बनाई जगह

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दुनिया में सबसे अधिक मार्केटकैप वाले शीर्ष 25 बैंकों में भारत के एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने जगह बनाई है। यह जानकारी एक रिपोर्ट में दी गई।

- आईसीआईसीआई का मार्केट कैप 25 .8 फीसदी व एचडीएफसी 1.6 फीसदी बढ़ा

डेटा एनालिटिक्स और रिसर्च कंपनी ग्लोबल डेटा की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। दुनिया के शीर्ष 25 मार्केट कैप वाले बैंकों में एचडीएफसी बैंक की रैंकिंग 13वीं, आईसीआईसीआई बैंक की 19वीं और एसबीआई की 24वीं है। 2024 की चौथी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) के अंत तक एचडीएफसी बैंक का मार्केट कैप 158.5 अरब डॉलर, आईसीआईसीआई बैंक का 105.7 अरब डॉलर, एसबीआई का 82.9 अरब डॉलर था।

## एचडीएफसी, आईसीआईसीआई और एसबीआई बैंक की ऊंची उड़ान

### भारतीय बैंकों की स्थिति मजबूत

रिपोर्ट में बताया गया कि भारतीय बैंकों की स्थिति मजबूत बनी हुई है। जनवरी से दिसंबर 2024 की अवधि में आईसीआईसीआई बैंक का मार्केट कैप सालाना आधार पर 25.8 प्रतिशत बढ़कर 105.7 अरब डॉलर हो गया है। इस दौरान एचडीएफसी बैंक का मार्केट कैप सालाना आधार पर 1.6 प्रतिशत बढ़कर 158.5 अरब डॉलर हो गया है।




### दुनिया का सबसे बड़ा बैंक जेपी मॉर्गन

दुनिया के शीर्ष 25 बैंकों का मार्केट कैप दिसंबर, 2024 के अंत तक सालाना आधार पर 27.1 प्रतिशत बढ़कर 4.6 ट्रिलियन डॉलर हो गया है। जेपी मॉर्गन चेस मार्केट कैप के हिसाब से दुनिया का सबसे बड़ा बैंक बना हुआ है। 2024 की चौथी तिमाही के अंत तक इसका मार्केट कैप सालाना आधार पर 37.2 प्रतिशत बढ़कर 674.9 अरब डॉलर हो गया है।

### क्या होता है मार्केट कैप

मार्केट कैप, यानी मार्केट कैपिटलाइजेशन, किसी कंपनी की कुल बाजार वैल्यू को दर्शाता है। इसे कंपनी के कुल जारी शेयरों की संख्या को उनके मौजूदा बाजार मूल्य से गुणा करके निकाला जाता है। यह मेट्रिक कंपनी के आकार और वित्तीय ताकत को मापने का एक महत्वपूर्ण पैमाना है और कंपनियों को स्मॉल कैप, मिड कैप और लार्ज कैप श्रेणियों में वर्गीकृत करने में मदद करता है।

### गोल्डमैन सैक्स के मार्केटकैप में भी वृद्धि

इस दौरान गोल्डमैन सैक्स के मार्केटकैप में 42.9 प्रतिशत की बड़ी वृद्धि देखने को मिली है। रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दर में कटौती के कारण चौथी तिमाही में अधिकांश शेयरों में तेजी आई, जबकि टैरिफ को लेकर चिंताओं के कारण अन्य क्षेत्रीय बाजार दबाव में रहे। रिपोर्ट में अनुमान जताया गया कि डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन के तहत लगाए जाने वाले टैरिफ और 2025 में नियोजित कर कटौती एक दूसरे को संतुलित कर सकते हैं।

## मुद्रास्फीति समायोजित करने आयकर पर राहत मिले

# सरकार बजट में 11 लाख करोड़ रुपए के पूंजीगत व्यय का लक्ष्य रखे : इक्रा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

*रेटिंग एजेंसी इक्रा ने बुधवार को कहा कि सरकार को अगले वित्त वर्ष के बजट में 11 लाख करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय का लक्ष्य रखना चाहिए जबकि उपभोक्ता व्यय को बढ़ावा देने के लिए मुद्रास्फीति-समायोजित व्यक्तिगत आयकर पर राहत देनी चाहिए।*

इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि पिछले बजट में रिकॉर्ड 11.11 लाख करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय अनुमान से लगभग 1.4 लाख करोड़ रुपये कम रहने की संभावना है। ऐसे में अगले बजट का लक्ष्य पिछले साल के स्तर पर तय किया जाना चाहिए।

### चार माह में 54 फीसदी व्यय करना होगा

इसके साथ ही नायर ने कहा कि पूंजीगत व्यय चालू वित्त वर्ष में बजट लक्ष्य को हासिल करने के लिए जरूरी रफ्तार से पीछे चल रहा है। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-नवंबर के दौरान पूंजीगत व्यय 5.13 लाख करोड़ रुपये रहा है जो 11.11 लाख करोड़ रुपये के बजट अनुमान का 46 प्रतिशत है। इसका मतलब है कि वित्त वर्ष के बाकी चार महीनों में ही सरकार को 54 प्रतिशत व्यय करना होगा।

### पूंजीगत व्यय को प्राथमिकता मिले

नायर नेकहा, हम चालू वित्त वर्ष में पूंजीगत व्यय में बड़ी गिरावट देख रहे हैं। अगले साल के लिए उम्मीद है कि पूंजीगत व्यय को प्राथमिकता देने के लिए राजकोषीय गुंजाइश बनेगी। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 4.5 प्रतिशत राजकोषीय घाटा लक्ष्य को हासिल किया जा सकेगा।



- पूंजीगत व्यय अनुमान से लगभग 1.4 लाख करोड़ कम रहने की संभावना
- अगले बजट का लक्ष्य पिछले साल के स्तर पर तय हो
- चालू वित्त वर्ष में पूंजीगत व्यय में बड़ी गिरावट दिख रही

### आयकर दायरे से अधिक करदाता बाहर न हो

नायर ने कहा, "मुद्रास्फीति खर्च के लायक आमदनी को खत्म कर देती है। कर में राहत की मांग अनुचित नहीं है। हालांकि, कर राहत के मामले में कुछ मामूली रियायतें दी जा सकती हैं, लेकिन हमें यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि हम बहुत अधिक लोगों को आयकर के दायरे से बाहर न करें।"

### कर में छूट से शहरी करदाताओं की मनोदशा बेहतर होगी

इससे 11 लाख करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय किया जा सकेगा जो चालू वित्त वर्ष के संभावित आंकड़ों से 11-12 प्रतिशत अधिक होगा।उन्होंने बजट में आयकर से जुड़ी अपेक्षाओं के बारे में पूछे जाने पर कहा कि आयकर स्लैब और दरों में कुछ बदलाव होने से शहरी करदाताओं की मनोदशा को बेहतर करने में मदद मिलेगी।

### आयकर के निचले स्लैब की दर बदले

नायर ने कहा कि ऐसा करते समय यह ध्यान रखना होगा कि कर राजस्व में बहुत अधिक गिरावट न आए और बहुत अधिक करदाताओं को कर के दायरे से बाहर न किया जाए। इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री ने कहा, "शायद आयकर के निचले स्लैब की दरों में बदलाव किया जाए या स्लैब में मुद्रास्फीति को समायोजित कर शुरुआत में ही थोड़ी राहत दी जाए।"

### आईटीआर दोनों व्यवस्था में दाखिल करने की छूट

वर्तमान में व्यक्तिगत करदाता या तो पुरानी कर व्यवस्था के तहत अपना आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल कर सकते हैं जो कटौती और छूट का लाभ प्रदान करती है या नई कर व्यवस्था के तहत जो करों की कम दर प्रदान करती है।

# चार करोड़ से अधिक कीमत के घरों की बिक्री 53 फीसदी बढ़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- परामर्श कंपनी सीबीआरई ने जारी की रिपोर्ट
- देश में इस श्रेणी के घरों की बिक्री 19,700 इकाई हुई

पिछले साल चार करोड़ रुपये और उससे अधिक कीमत वाले लक्जरी घरों की अच्छी मांग देखने को मिली। देश के सात प्रमुख शहरों में इस श्रेणी के घरों की बिक्री 53 प्रतिशत बढ़कर 19,700 इकाई हो गई।

रियल एस्टेट परामर्श कंपनी सीबीआरई ने यह जानकारी दी है। कैलेंडर वर्ष 2023 में चार करोड़ रुपये और उससे अधिक कीमत वाले घरों की बिक्री 12,895 इकाई रही थी। इस श्रेणी के घरों की बिक्री 2024 के दौरान सबसे ज्यादा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर)-दिल्ली में 10,500 इकाई रही। जबकि, वर्ष 2023 में यह 5,525 इकाई थी। सीबीआरई के भारत, दक्षिण-पूर्व एशिया, पश्चिम एशिया और अफ्रीका के चेयरमैन और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अंशुमान मैगजीन ने कहा, "आवासीय रियल एस्टेट बाजार मजबूत बुनियाद के आधार पर आगे बढ़ रहा है। उम्मीद है कि यह गति जारी रहेगी, और आगामी तिमाहियों में बिक्री और नई आवासीय इकाइयों की पेशकश, दोनों स्थिर रहेंगी।"

इसके अलावा, मैगजीन ने कहा कि पारंपरिक रूप से मध्यम स्तर के विकास से जुड़े नोएडा, बेंगलुरु, पुणे और चेन्नई जैसे कई शहर तेजी से महंगे घरों की परियोजनाओं की ओर रुख कर रहे हैं। कृसुमी कॉरपोरेशन के अध्यक्ष और सीईओ आकाश खुराना ने कहा, "भारत में लक्जरी आवास क्षेत्र तेजी से बढ़ रहा है।

### पुणे में बढ़ी व बेंगलुरु में घटी

पुणे में इस श्रेणी में बिक्री 400 घरों से बढ़कर 825 घर हो गई, लेकिन बेंगलुरु में यह 265 घरों से घटकर 50 रह गई। इस मूल्य श्रेणी में कोलकाता में आवास बिक्री 310 इकाइयों से बढ़कर 530 इकाई हो गई, जबकि हैदराबाद में मांग 2,030 घरों से बढ़कर 2,100 हो गई। सीबीआरई के आंकड़ों से पता चलता है कि चेन्नई में लक्जरी घरों की बिक्री 2024 में बढ़कर 275 घर हो गई, जो 2023 में 165 इकाई थी।

## बिजनेस साइट

### मुथूट फाइनेंस को लगातार चौथी बार 'ग्रेट प्लेस टू वर्क' का सम्मान

**नई दिल्ली।** भारत के विश्वसनीय वित्तीय सेवा ब्रांड, मुथूट फाइनेंस ने लगातार चौथी बार प्रतिष्ठित 'ग्रेट प्लेस टू वर्क' सर्टिफिकेशन प्राप्त किया है, जो इसे देश के सर्वश्रेष्ठ कार्यस्थलों में से एक के रूप में मान्यता देता है। यह सम्मान मुथूट फाइनेंस की विश्वास, मूल्यों और लोगों के केंद्रित सिद्धांतों पर आधारित संगठन बनाने की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। 'ग्रेट प्लेस टू वर्क' सर्टिफिकेशन कार्यस्थल संस्कृति और कर्मचारी संतुष्टि के लिए एक वैश्विक मानक है। मुथूट फाइनेंस के इस सम्मान को बार-बार प्राप्त करने की सफलता इस बात का प्रमाण है कि कंपनी ने एक ऐसा वातावरण बनाने पर ध्यान केंद्रित किया है जहां कर्मचारी सम्मानित, मूल्यवान और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अपने आपको प्रेरित महसूस करते हैं।

### एलन स्कॉलरशिप एडमिशन टेस्ट 19 जनवरी को

**कोटा।** एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट में प्रवेश और प्रतिभा को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से आयोजित एलन स्कॉलरशिप एडमिशन टेस्ट (ए-सेट) 19 जनवरी, रविवार को देशभर में आयोजित किया जाएगा। इस परीक्षा में शामिल होकर छात्र 90 प्रतिशत तक स्कॉलरशिप प्राप्त कर सकते हैं, जो एलन की फीस में छूट प्रदान करेगी। एलन की ओर से 20 जनवरी तक एडमिशन लेने वाले छात्रों के लिए दोहरा लाभ दिया जा रहा है। वे छात्र जो 20 जनवरी तक एडमिशन लेते हैं, उन्हें फीस में रियायत के साथ-साथ एसेट में प्राप्त स्कॉलरशिप का लाभ भी एक साथ मिल सकेगा। इसके अलावा कक्षा 11 से 12 में जाने वाले छात्रों के लिए जेईई एडवांस्ड की तैयारी के लिए एलन का एंथ्यूज बैच 20 जनवरी से और नीट-यूजी की तैयारी के लिए एंथ्यूज एडवांस बैच 3 फरवरी से शुरू होगा। एलन के 2024 में हुए जेईई, नीट और ओलम्पियाड परीक्षाओं में उत्कृष्ट परिणाम रहे हैं।

- ए-सेट में शामिल होकर 90 प्रतिशत तक का स्कॉलरशिप पाने का मौका

### सिंघानिया बिल्डकॉन ग्रुप के हर्षित गोल्ड सिटी में प्लॉट मेला कल से



**रायपुर।** सिंघानिया बिल्डकॉन ग्रुप के द्वारा 'हर्षित गोल्ड सिटी' में प्लॉट मेला 17 से 19 जनवरी तक विधानसभा रोड, नरदहा में आयोजित किया जाएगा। यह तीन दिवसीय आयोजन निवेशकों और घर खरीदने वालों के लिए एक अद्वितीय अवसर प्रस्तुत करता है। इस मेले में हर्षित गोल्ड सिटी के प्रीमियम रेजिडेंशियल प्लॉट्स का स्वामित्व प्राप्त किया जा सकता है, जो एक लग्जरी टाउनशिप में अत्याधुनिक सुविधाओं और बेहतरीन जीवनशैली के साथ उपलब्ध हैं।

हर्षित गोल्ड सिटी, सिंघानिया बिल्डकॉन ग्रुप का एक प्रमुख प्रोजेक्ट है, जो रेरा पंजीकृत है। यहां के प्लॉट्स का आकार 600 से लेकर 1700 वर्ग फीट तक है और कीमत 8.99 लाख से शुरू होती है। इस परियोजना में 100 से अधिक विश्वस्तरीय सुविधाएं प्रदान की जाती हैं, जिनमें खेल मैदान, मंदिर, क्लब, रिक्रिएशन सेंटर, एम्फीथिएटर, नेट क्रिकेट और वॉलीबॉल कोर्ट, स्विमिंग पूल, आउटडोर और इंडोर जिम, लैंडस्केप गार्डन जैसी सुविधाएं शामिल हैं। हर्षित गोल्ड सिटी का स्थान भी अत्यधिक सुविधाजनक है, क्योंकि यह प्रमुख स्कूलों जैसे एनएच गोयल वर्ल्ड स्कूल, डीपीएस, कोलंबिया कॉलेज, अस्पतालों और अंबुजा मॉल के पास स्थित है।

# देश का निर्यात दिसंबर में एक फीसदी घटा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारत का वस्तु निर्यात दिसंबर, 2024 में सालाना आधार पर करीब एक प्रतिशत घटकर 38.01 अरब डॉलर रह गया, जबकि व्यापार घाटा कम होकर 21.94 अरब डॉलर रह गया। यह लगातार दूसरा महीना है जबकि निर्यात में गिरावट आई है।

वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, दिसंबर, 2024 में आयात सालाना आधार पर पांच प्रतिशत बढ़कर 59.95 अरब डॉलर हो गया। चालू वित्त वर्ष (2024-25) के पहले नौ माह (अप्रैल-दिसंबर) के दौरान निर्यात 1.6 प्रतिशत बढ़कर 321.71 अरब डॉलर और आयात 5.15 प्रतिशत बढ़कर 532.48 अरब डॉलर हो गया है।

### आयात व निर्यात के बीच अंतर बढ़ा

अप्रैल-दिसंबर के दौरान व्यापार घाटा यानी आयात व निर्यात के बीच का अंतर बढ़कर 210.77 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जो गत वित्त वर्ष 2023-24 की इसी अवधि में 189.74 अरब अमेरिकी डॉलर था।

### सेवा क्षेत्र में भारत का निर्यात बेहतर

वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने नवीनतम आंकड़ों के बारे में मीडिया को जानकारी देते हुए कहा कि वस्तुओं तथा सेवाओं दोनों में भारत का निर्यात अन्य देशों की तुलना में बेहतर चल रहा है। उन्होंने यहां पत्रकारों से कहा, "यह हमारे निर्यात की जुझारू क्षमता को दर्शाता है। चालू वित्त वर्ष की सभी तीन तिमाहियों (अप्रैल-दिसंबर) में भी हमने बेहतर प्रदर्शन किया है।

### शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी, सेंसेक्स 224 अंक चढ़ा

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजार में तेजी का सिलसिला बुधवार को लगातार दूसरे दिन जारी रहा और बीएसई सेंसेक्स 224 अंक की बढ़त के साथ बंद हुआ। वैश्विक बाजारों में कमजोरी के रुख के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज, जोमैटो और कोटक बैंक में लिवाली से बाजार बढ़त में रहा।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में तेजी और विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली से बाजार धारणा पर असर पड़ा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 224.45 अंक की बढ़त के साथ 76,724.08 अंक पर बंद हुआ।

# सोना 220 रुपए मजबूत हुआ, चांदी रही स्थिर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में तेजी के बीच बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत 220 रुपये बढ़कर 80,800 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी है। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 80,580 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

हालांकि, चांदी 91,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 220 रुपये बढ़कर 80,400 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया, जो पिछले कारोबारी सत्र में 80,180 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। बाजार सूत्रों ने कहा कि स्थानीय आभूषण विक्रेताओं की ताजा मांग और विदेशी बाजारों में मजबूती के रुख के कारण सोने में तेजी आई।



- सोना बढ़कर 80,800 रुपए प्रति दस ग्राम

**एशियाई बाजार में चांदी रही तेज :** गांधी ने कहा कि अगर सीपीआई अनुमान से कम आता है, तो फेडरल रिजर्व द्वारा इस साल ब्याज दरों में कमी करने की संभावना बढ़ सकती है, और इससे कीमती धातुओं को और अधिक लाभ होगा। एशियाई बाजार में चांदी का वायदा भाव 1.30 प्रतिशत की बढ़त के साथ 30.75 डॉलर प्रति औंस पर बोला गया।

HMS साईटिका तेल
शिव सायटिका
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुठमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डीयों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है
HMS देखकर खरीदें
सिरप, कैप्सूल व ऑयल उपलब्ध है 94060-21769
नकली माल से सावधान

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
गरचा कॉम्पलेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्घ पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

बांठिया हॉस्पिटल
राजा तालाब रोड, रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-2425009, 2424737
आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत हार्ट की एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी एवं सिरियस मरीजों का ईलाज

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी
स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508130

# भारत की 'स्मृति' का सबसे तेज शतक, 3-0 से जीती वनडे सीरीज, प्रतिका 150 पार, आयरलैंड को 304 रनों से रौंदा

## भारतीय टीम ने 435 रन बनाकर खड़ा किया अपना सबसे बड़ा स्कोर

राजकोट। भारतीय महिला टीम की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने 70 गेंद में सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड बना दिया। इसके अलावा प्रतिका रावल के पहले सैकड़े के दम पर भारत ने कई रिकॉर्ड बनाते हुए आयरलैंड के खिलाफ तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में 304 रन की अपनी सबसे बड़ी जीत से श्रृंखला 3-0 से अपने नाम की। स्मृति 135 रन बनाकर सबसे तेज शतक जड़ने वाली पहली भारतीय महिला क्रिकेटर बनीं। प्रतिका ने 129 गेंद में 154 रन की पारी खेली। कार्यवाहक कप्तान स्मृति और प्रतिका ने पहले विकेट के लिए 26.4 ओवर में 233 रन की साझेदारी निभाई।




### सबसे बड़ा स्कोर

भारत ने पांच विकेट पर 435 रन बनाए जिससे टीम 50 ओवर के प्रारूप में अब तक के अपने सर्वोच्च स्कोर तक पहुंची। यह किसी भी (पुरुष और महिला) भारतीय टीम का वनडे में सर्वोच्च स्कोर है। वनडे में भारतीय पुरुष टीम का सबसे बड़ा स्कोर पांच विकेट पर 418 रन है जो उसने 2011 में इंदौर में वेस्टइंडीज के खिलाफ बनाया था। भारत ने आयरलैंड को 31.4 ओवरों में सिर्फ 131 रन पर ढेर कर दिया।

### पहली बार 400 पार

भारतीय महिला टीम पहली बार 400 रन के आंकड़े तक पहुंची। इससे टीम ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के साथ एलीट सूची में शामिल होने में कामयाब रही। यह महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में चौथा सर्वोच्च स्कोर भी है।

### स्मृति का 10वां सैकड़ा



स्मृति ने सिर्फ 70 गेंद पर अपना 10वां वनडे शतक जड़ा। अपनी इस शानदारी पारी की मदद से स्मृति ने हरमनप्रीत कौर के पिछले साल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 87 गेंद पर बनाए गए शतक को भी पीछे छोड़ दिया।

### 200 रन की साझेदारी




स्मृति-प्रतिका के बीच 233 रन की साझेदारी से यह जोड़ी महिला वनडे में 200 रन की भागीदारी करने वाली चौथी भारतीय जोड़ी बन गई। पिछली बार दीप्ति शर्मा और पूनम राउत ने 2017 में आयरलैंड के खिलाफ पहले विकेट के लिए रिकॉर्ड 320 रन की साझेदारी निभाई थी।

### सबसे बड़ी जीत

भारतीय टीम रनों के लिहाज से अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज करने में कामयाब रही। इससे पहले टीम ने 2017 में दक्षिण अफ्रीका में इसी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ 249 रन से जीत दर्ज की थी।

### स्कोर बोर्ड

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| प्रतिका का डेम्पसे बो सार्जेंट | 154 | 129 | 20 | 1 |
| मंधाना का कैनिंग बो प्रेंडरगास्ट | 135 | 80 | 12 | 7 |
| ऋचा घोष बो कैली | 59 | 42 | 10 | 1 |
| तेजल का डेलानी बो प्रेंडरगास्ट | 28 | 25 | 2 | 0 |
| हरलीन का प्रेंडरगास्ट बो डेम्पसे | 15 | 10 | 3 | 0 |
| जेमिमा रोड्रिग्स नाबाद | 04 | 06 | 0 | 0 |
| दीप्ति शर्मा नाबाद | 11 | 08 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : 29, कुल : 50 ओवर में 435/5
गेंदबाजी : प्रेंडरगास्ट 8-0-71-2, अवा कैनिंग 8-0-64-0, अर्लेने कैली 7-0-66-1, सार्जेंट 8-0-68-1, डेम्पसे 10-0-65-1, डालजेल 3-0-28-0, डेलानी 6-0-59-0.

| आयरलैंड | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सारा फोर्ब्स रन आउट | 41 | 44 | 7 | 0 |
| गैबी पगबाधा बो टिटास साधु | 01 | 06 | 0 | 0 |
| क्रिस्टिना बो सयाली सतघरे | 00 | 04 | 0 | 0 |
| प्रेंडरगास्ट बो तनुजा कंवर | 36 | 43 | 6 | 0 |
| लौरा डेलानी बो दीप्ति शर्मा | 10 | 20 | 1 | 0 |
| लिया पॉल का एवं बो दीप्ति शर्मा | 15 | 25 | 2 | 0 |
| कैली का सतघरे बो तनुजा कंवर | 02 | 08 | 0 | 0 |
| अवा कैनिंग बो मीनू मणि | 02 | 21 | 0 | 0 |
| जॉर्जिना डेम्पसे रन आउट | 00 | 03 | 0 | 0 |
| अलाना डालजेल नाबाद | 05 | 12 | 0 | 0 |
| सार्जेंट का मीनू मणि बो दीप्ति | 01 | 04 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 18, कुल : 31.4 ओवर में 131/10
गेंदबाजी : साधु 4-1-22-1, सतघरे 4-0-24-1, तनुजा 9-2-31-2, दीप्ति 8.4-2-27-3, मीनू मणि 6-0-22-1.

### तीसरी बार दोनों ओपनर की सेंचुरी

यह तीसरा मौका था जब दोनों भारतीय सलामी बल्लेबाजों ने महिला वनडे में शतक जड़े हों। इससे पहले 1999 में रेश्मा गांधी और मिताली राज तथा दीप्ति और राउत ने आयरलैंड के खिलाफ शतक जड़े थे। भारतीय जोड़ी ने पावरप्ले के दौरान 90 रन और अगले 10 ओवर में 67 रन जोड़े जिससे स्कोरिंग गति तेज रही। इस तरह दोनों ने पिछली छह पारियों में से चौथी बार 100 रन की भागीदारी बनाई।

### छठी पारी में पहला शतक

स्मृति ने 39 गेंद में अपना 31वां वनडे अर्धशतक पूरा किया। वहीं रेलवे का प्रतिनिधित्व करने वाली दिल्ली की क्रिकेटर प्रतिका ने अपनी छठी ही पारी में अपना पहला अंतरराष्ट्रीय शतक जड़कर इस मैच को और भी खास बना दिया। उन्होंने 129 गेंद में 154 रन बनाए। वेस्टइंडीज के खिलाफ पिछली श्रृंखला में पदार्पण करने वाली 24 वर्षीय खिलाड़ी ने चार पारियों में तीन अर्धशतक जड़े थे। उन्होंने 100 गेंद में शतक जड़कर शानदार प्रदर्शन किया।

## खबर संक्षेप



### खोखो विश्व कप : क्वार्टर में पहुंची भारतीय टीमें

नई दिल्ली। भारतीय पुरुष टीम ने बुधवार को यहां खोखो विश्व कप में पेरू पर 70-38 की जीत से क्वार्टर फाइनल में स्थान सुनिश्चित किया। मेजबान टीम ने वजीर प्रतीक वाईकर की अगुआई में पहले राउंड में 36 अंक जुटाए। इसके बाद सभी टर्न में दबदबा जारी रहा और स्कोर 70 तक पहुंच गया। दक्षिण कोरिया को करारी शिकस्त देने वाली भारतीय महिला टीम ने ईरान पर 100-16 की शानदार जीत से खोखो विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। भारत ने अश्विनी और मीनू की बदौलत पहले टर्न में 50 अंक जुटाए। सर्वश्रेष्ठ अटैकर मोबिना, सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर मीनू और मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी कप्तान प्रियंका इंगले रहीं।

### कर्नाटक ने विजय हजारे के फाइनल में बनाई जगह

वड़ोदरा। कर्नाटक ने बुधवार को यहां हरियाणा को छह विकेट से हराकर विजय हजारे ट्रॉफी के फाइनल में प्रवेश किया। हरियाणा के 238 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए कर्नाटक की शुरुआत अच्छी नहीं रही जिसमें कप्तान और उसके सबसे ज्यादा रन बनाने वाले मयंक अग्रवाल पहले ही ओवर में आउट हो गये। लेकिन देवदत्त पड्डिकल (86 रन) और स्मरण रमण (76 रन) ने तीसरे विकेट के लिए 128 रन की साझेदारी की जिससे कर्नाटक ने यह लक्ष्य 47.2 ओवर में पांच विकेट पर 238 रन बनाकर हासिल कर लिया। अब चार बार की चैंपियन कर्नाटक का सामना खिताब के लिए विदर्भ और महाराष्ट्र के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।

# जोकोविच ने खेला रिकॉर्ड 430वां ग्रैंडस्लैम मैच, ओसाका भी जीती

### ऑस्ट्रेलियन ओपन

एजेंसी ▶▶ मेलबर्न



नोवाक जोकोविच ने बुधवार को यहां ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर के मैच में कोर्ट पर उतरते ही ग्रैंडस्लैम प्रतियोगिताओं में सर्वाधिक मैच खेलने का रिकॉर्ड बनाया। नाओमी ओसाका पिछले तीन साल में पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के तीसरे दौर में पहुंची। जोकोविच चारों ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में 430 मैच खेल चुके हैं जो नया रिकॉर्ड है। उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई ओपन के पहले दौर में रोजर फेडरर (429) की बराबरी की थी।

जोकोविच ने दूसरे दौर में पुर्तगाल के क्वालीफायर जेमी फरिया को 6-1, 6-7 (4), 6-3, 6-2 से हराया। जोकोविच अब ग्रैंडस्लैम प्रतियोगिताओं में 379 मैच जीत चुके हैं जबकि 51 मैच में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। जोकोविच ने मैच के बाद कहा, 'ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट हमारे खेल के मजबूत स्तंभ हैं। इस खेल के इतिहास में वह बहुत मायने रखते हैं। मैं भाग्यशाली हूं कि आज एक और रिकॉर्ड बनाने में सफल रहा।' पुरुष वर्ग में ही तीसरी वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्काराज ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए योशिहितो निशिओका पर 6-0, 6-1, 6-4 से जीत हासिल की।



### तीसरे दौर में ओसाका

महिला एकल में दो बार की ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन ओसाका 2022 के बाद पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के तीसरे दौर में पहुंचीं। उन्होंने अमेरिकी ओपन की सेमीफाइनलिस्ट करोलिना मुचोवा के खिलाफ पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके 1-6, 6-1, 6-3 से जीत हासिल की। ओसाका ने इस तरह से पिछले साल अमेरिकी ओपन में मुचोवा से मिली हार का बदला भी चुकता कर दिया।

## सबालेंका 16 मैचों से अजेय



पिछले दो बार की चैंपियन सबालेंका ने आखिरी पांच गेम जीतकर विश्व में 54वें नंबर की खिलाड़ी जेसिका बोउजास मनेइरो को 6-3, 7-5 से हराकर लगातार तीसरा खिताब जीतने की तरफ कदम बढ़ाए। वह इस टूर्नामेंट में लगातार 16 मैच जीत चुकी हैं। सातवीं वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला भी तीसरे दौर में पहुंच गई हैं। उन्होंने एलिस मर्टेंस पर 6-4, 6-2 से जीत दर्ज की। एक अन्य मैच में 14वीं वरीयता प्राप्त 17 वर्षीय मीरा एंड्रीवा ने मोयुका उचिजिमा को 6-4, 3-6, 7-6(8) से हराया।

### लौरा का बड़ा उलटफेर, झेंग बाहर



विश्व रैंकिंग में 97वें नंबर की खिलाड़ी लौरा सीगमंड ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए ओलंपिक चैंपियन और पिछले साल की उप विजेता झेंग किनवेन को सीधे सेटों में पराजित करके बड़ा उलटफेर किया। झेंग ने पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता था। लेकिन साल के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के दूसरे दौर में उन्हें 36 वर्षीय सीगमंड से 7-6 (3), 6-3 से हार का सामना करना पड़ा।

## चैंपियंस ट्रॉफी का उद्घाटन समारोह 16 या 17 फरवरी को रोहित के जाने की उम्मीद

लाहौर। चैंपियंस ट्रॉफी का उद्घाटन समारोह 16 या 17 फरवरी को आयोजित किया जाएगा और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को उम्मीद है कि भारतीय कप्तान रोहित शर्मा इसमें शिरकत करेंगे। पीसीबी सूत्र ने बताया कि उसे कप्तानों के फोटो शूट और टूर्नामेंट से पहले प्रेस कॉफ्रेंस के शेड्यूल के लिए आईसीसी से सूचना का इंतजार है। आठ टीमों का टूर्नामेंट 19 फरवरी को कराची में शुरू होगा। सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान नहीं जा रही भारतीय टीम अपने मैच दुबई में खेलेगी। भारत को 20 फरवरी को बांग्लादेश से पहला मैच खेलना है। सूत्र ने कहा कि पीसीबी को सभी कप्तानों, खिलाड़ियों और टीम अधिकारियों के वीजा के लिए सरकार से मंजूरी मिल गई है। उन्होंने कहा, 'इसमें रोहित या अन्य कोई भी भारतीय खिलाड़ी या अधिकारी शामिल है। यह आम प्रोटोकॉल है कि पहला मैच 19 फरवरी को है तो उद्घाटन समारोह 16 या 17 को होगा।'



## फॉरेस्ट ने लिवरपूल को चौंकाया मैनचेस्टर सिटी ने भी ड्रॉ खेला



एजेंसी ▶▶ लंदन

नॉटिंघम फॉरेस्ट ने लिवरपूल के खिलाफ अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखते हुए इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में शीर्ष पर चल रही इस टीम के खिलाफ मैच 1-1 से ड्रॉ खेला। लिवरपूल को प्रीमियर लीग के वर्तमान सत्र में 20 मैच में केवल एक बार हार का सामना करना पड़ा है। वह सितंबर में फ़ॉरेस्ट के घरेलू मैदान पर 1-0 से हारा था। चार महीने बाद उसकी टीम पर फिर हार का खतरा मंडरा रहा था जब क्रिस वुड के आठवें मिनट में गोल करके फॉरेस्ट को बढ़त दिला दी थी। डिओगो जोटा ने 66वें मिनट में गोल किया जिससे लिवरपूल इस मैच से एक अंक हासिल करने में सफल रहा। मैनचेस्टर सिटी ने फिल फोडेन के दो गोल की बदौलत दो बार बढ़त बनाने के बावजूद ब्रेंटफ़ोर्ड के खिलाफ मैच 2-2 से ड्रॉ खेला। सिटी ने 82वें मिनट में और फिर स्टॉपेज टाइम के दूसरे मिनट में गोल खाया। ब्रेंटफोर्ड के लिए योएन विसा और क्रिस्चियन नॉर्गार्ड ने गोल किए।

## इंडिया ओपन : अनुपमा, तनीषा-अश्विनी की आसान जीत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एच एस प्रणय और प्रियांशु राजावत जुझारू प्रदर्शन के बावजूद हार गए लेकिन पूर्व राष्ट्रीय चैंपियन अनुपमा उपाध्याय इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में पहुंच गई। प्रियांशु को दुनिया के सातवें नंबर के खिलाड़ी जापान के कोडाइ नराओका ने 21-16, 20-22, 21-13 से हराया। वहीं प्रणय को चीनी ताइपै के सू लि यांग ने 16-21, 21-18, 21-12 से मात दी।ढमहिला वर्ग में अनुपमा ने हमवतन



रक्षिता श्री को 21-17, 21-18 से हराया। गोपीचंद अकादमी की दोनों प्रशिक्षु कोर्ट के बाहर घनिष्ठ मित्र हैं। तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की जोड़ी ने काव्या गुप्ता और राधिका शर्मा को 21-11, 21-12 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। वहीं ऋतुपर्णा और स्वेतापर्णा पांडा ने थाईलैंड की पी ऐमवारीत्रीसाकुल और सरिसा जानपेंग को 7-21, 21-19, 21-14 से हराकर दूसरे दौर में जगह बनाई। सुबह आकर्षि कश्यप को थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग ने 21-17, 21-13 से हराया। मालविका बंसोड को दुनिया की चौथे नंबर की खिलाड़ी चीन की हान युइ ने 21-16, 21-11 से हराया।



## आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड

(पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ विलयकृत और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जानती जाती)
CIN : L65110TN2014PLC097792
IDFC FIRST Bank
**पंजीकृत कार्यालय** : केआरएम टावर, आठवां तल, हैमिंगटन रोड, चैटपेट, चैन्नई-600031
Tel : +91 44 4564 4000 | Fax: +91 44 4564 4022

**प्रत्याभूतिकरण और वित्तीय परिसम्पत्तियों के पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित के प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के तहत नोटिस**

निम्नलिखित कर्जदारों और सहकर्जदारों ने आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ विलयकृत और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जानती जाती) से नीचे वर्णित प्रत्याभूत ऋण लिया था। ऋण नीचे वर्णित कर्जदारों और सहकर्जदारों द्वारा अपनी सम्बन्धित परिसम्पत्तियां गिरवी रखकर प्रत्याभूत किया गया था, क्योंकि वे सम्बन्धित ऋण अनुबंध के नियम व शर्तों का पालन करने में विफल रहे हैं और चूककर्ता बन गये हैं उनके ऋण आरबीआई के दिशा-निर्देशों के अनुसार एनपीए के रूप में वर्गीकृत हो गए हैं। उनके द्वारा आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ विलयकृत और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जानती जाती) को देय राशि जोकि उनको जारी सम्बन्धित नोटिसों में विशेषतः निम्न तालिकाओं में वर्णित की गई हैं और इन राशियों पर आगामी लागू ब्याज और सम्बन्धित तिथियों से अनुबंधात्क दरों पर लिया जाएगा।

| क्र. सं. | ऋण खाता सं. | ऋण का प्रकार | कर्जदारों और सह-कर्जदारों का नाम | धारा 13( 2 ) नोटिस की तिथि | धारा 13( 2 ) नोटिस के अनुसार बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 14078486. | गृह ऋण | 1. श्री बसंत साहू 2. श्रीमती मनु साहू | 28.12.2024 | 14,28,084.46/- |

**सम्पत्ति का पता** : सम्पत्ति प्लॉट नं. 42, खसरा नं. 482/1 का भाग, माप 1526.13 वर्गफुट अर्थात 141.83 वर्ग मी., पीएच नं. 14/19-1, आरएनएम ड्रग दुर्ग-1, वार्ड नं. 6, जोकि मौजा खुर्द रूंगटा कॉलेज के पीछे तहसील व जिला दुर्ग छत्तीसगढ़, 491001 में स्थित है, के सभी भाग व हिस्से और सीमाएं : पूर्व : लाला राम साहू की भूमि, पश्चिम : प्लॉट नं. 41, उत्तर : रूंगटा भूमि, दक्षिण : 25 फुट रोड।

| क्र. सं. | ऋण खाता सं. | ऋण का प्रकार | कर्जदारों और सह-कर्जदारों का नाम | धारा 13( 2 ) नोटिस की तिथि | धारा 13( 2 ) नोटिस के अनुसार बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 85947490 & 126510281. | सम्पत्ति के आधार पर ऋण | 1. पुरुषोत्तम घरितलहरे 2. रंजना घरितलहरे | 28.12.2024 | 10,16,589.04/- |

**सम्पत्ति का पता** : खसरा नं. 43, क्षेत्र 0.03 एचईसी, पुनः सं. एएचएन 43/2, माप 3229 वर्गफुट जो गांव सोनासिली, पीएच नं. 14 आरआईसी पिथोरा, नई आरआईसी, लेहरोड, तहसील पिथोरा, जिला महासमंद, छत्तीसगढ़ 493551, सीमाएं : पूर्व : रोड, पश्चिम : डोनार की भूमि का भाग, उत्तर : डोनार की भूमि का भाग, दक्षिण : पुनव का घर।

आपका एतद द्वारा आप आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ विलयकृत और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जानती जाती) को ऊपर तालिका में दर्शाये गये अनुसार राशियों का भुगतान, उन पर अनुबंधात्मक दर से ब्याज सहित उन पर सम्बन्धित तिथि को देय अन्य लागतों एवं प्रभारों सहित इस प्रकाशन की तिथि के 60 दिनों के अंदर करने का आह्वान किया जाता है, जिसमें विफल रहने पर और आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ विलयकृत और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जानती जाती) को देय राशि की वसूली के लिए अधोहस्ताक्षरी यहां ऊपर गिरवीकृत सम्पत्तियों के विरूद्ध सरफेसी अधिनियम की धारा 13 (4) और धारा 14 के तहत आगामी कार्यवाही करने के लिए बाध्य होंगे। इसके अतिरिक्त आपको उपरोक्त अधिनियम की धारा 13 (13) के तहत उपरोक्त प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों को बिक्री / लीज अथवा अन्यथा स्थानांतरित करने से वंचित किया जाता है।

हस्ता/-
प्राधिकृत अधिकारी
दिनांक : 16.01.25
स्थान : छत्तीसगढ़
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड, (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ विलयकृत और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जानती जाती)

FEDERAL BANK
YOUR PERFECT BANKING PARTNER
Shankar Nagar Branch, Raipur (CG)
www.federalbank.co.in | rpr@federalbank.co.in
**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given that gold ornaments in the below mentioned account/s will be put to private sale by **Federal Bank Ltd, Bhilai, and Raipur/Shankar Nagar Branch** on **31-01-2025** or any subsequent date/s at the branches shown below as the concerned borrowers failed to redeem the pledged items /regularise the loan account/s. Respective branches may be contacted for further information.

| Name | Account No. |
|---|---|
| SANJAY WADHWANI | 19456400018399 |
| TULARAM PATEL | 19456400017599, 19456400018415, 19456400017391 |
| BHUVNESHWARI VISHNU PATEL | 19456400018514 |
| YOGITA BARMEDA | 9456100029118, 19456400015288 |
| VIJAY KUMAR SHARMA | 19456400017367 |
| SARLA RATHORE | 9456400016906, 19456400017623, 19456400016880 |
| NITU SINGH | 19456400018324 |
| NAVIN KUMAR RATHORE | 19456400013606, 19456400013655 19456400013622, 19456400013630, 19456400013614 |
| SUNNY CHHATANI | 19456100029159 |
| SUNIL GOWANI | 19456400015239 |
| PRASENJIT JANA | 19456400018373 |
| SUBHAMOY NAYAK | 19456400018365 |
| ESA KARLYA RAV | 19456400016971 |
| SUMIT SONI | 19456400018472 |
| RASHMI CHHADIDAR | 19456400014992 |
| AMAR JADWANI | 19456400017037 |
| RAM SURAT YADAV | 19456400017078 |
| SHUBHAM SAHU | 19456400016823, 19456400018738 |

**The Auction/Private Sale will be done on 31st of January, 2025 (11am onwards) at Federal Bank, Raipur/Shankar Nagar Branch : 18/1421, Kushal Vatika, New Shanti Nagar, Shankar Nagar , Raipur, Chattisgarh, Raipur, Chattisgarh, 492007 Ph No.-0771 2422900**

| Name | Account No. |
|---|---|
| PREM TANDI | 25036400001322, 25036400001173, 25036400001124, 25036400000498, 25036400001116 |

**The Auction/Private Sale will be done on 31st of January, 2025 (11am onwards) at Federal Bank, Bhilai Branch : Special Area Development Authority(SADA), Dakshin Gangotri, Vyavsayik Bhukand Yojna, Supela Bhilai Nagar, Durg, Chattisgarh, 490023**



# विरासत

छत्तीसगढ़ के महापुरुषों की गौरवगाथा

छत्तीसगढ़ की उर्वर धरती से कला संस्कृति के क्षेत्र में ना जाने कितने ही मेधावी कलाकार निकले है। इन कलाकारों ने अपनी कला और प्रतिभा से देश दुनिया को आलोकित किया है। इन्ही कलाकारों में से एक बेहद लोकप्रिय कलाकार थे शेख हुसैन। जिनके कार्यक्रमों में एक झलक पाने के लिए इतना सैलाब उमड़ता था कि पंडालों में पैर रखने की जगह नहीं बचती थी। शेख हुसैन जीवन भर अभावों के बीच अपनी संगीत साधना की अलख जगाते रहे, लेकिन उनके स्वाभिमानी स्वभाव ने कभी किसी के सामने झुकना गवारा नहीं किया। वे चाहते तो अन्य कलाकारों की तरह आलीशान मकान और गाड़ियों के मालिक बन सकते थे लेकिन उनके जमीर ने ऐसा करने की इजाजत नहीं दी। बिना किसी पारंपरिक प्रशिक्षण के शेख हुसैन समय के साथ अपने हुनर को संवारते गए और छत्तीसगढ़ गीत संगीत को एक से बढ़कर एक गीत देकर संगीत प्रेमियों की यादों में अमर हो गए।

# छत्तीसगढ़ के 'मोहम्मद रफी' ददरिया सम्राट शेख हुसैन



शेख हुसैन

## बचपन से ही गीत-संगीत में रुचि

रायपुर में सन 1944 को पिता शेख मोहम्मद और अम्मी झुलपा बी के यहाँ शेख हुसैन जी का जन्म हुआ था। दो भाई-बहन भी थे जिन्होनें कम उम्र मे ही दम तोड़ दिया। प्रायमरी स्कूल डबरी से उन्होंने चौथी कक्षा तक की पढ़ाई की। उन्हें बचपन से ही गाने का शौक था, और वो मटका बजाकर गाते थे। गायन में रुचि देखकर मां झुलपी बी ने मना नहीं किया।



बहन साबरा बेगम और पत्नी खतीजा बी के साथ शेख हुसैन
फोटो सौजन्य- शेख सईद

## आजीविका के साथ-साथ संगीत साधना

शेख हुसैन का रूझान बचपन से ही गीत संगीत में था। बड़े होने पर आजीविका के लिए नौकरियां की, लेकिन संगीत से मोह नहीं छूटा। पहली नौकरी व्यास ऑटोमोबाइल्स में की जहां उनकी दोस्ती मदन चौहान से हुई जो कि आजीवन बनी रही। सिगड़ी बनाकर बेचने का कारोबार भी शुरु किया। शेख हुसैन जी संगम आर्केस्ट्रा के प्रमुख गायक थे। आर्केस्ट्रा में निर्मला इंगले, मदन चौहान, हुकुमचंद शर्मा आदि उनके साथी कलाकार थे। रायपुर आकाशवाणी केंद्र में 35 रुपए प्रति गाने के हिसाब से गाना गाया..1977 से 1982 तक उनके गाने का जादू पूरे छत्तीसगढ़ में छाया रहा।

## श्रोताओं को बांधे रखने का हुनर

अपनी गायकी में महारथ हासिल करके शेख हुसैन जी इतने कुशल गायक बन चुके थे कि उनकी गायकी में नुक्स निकालना नामुमकिन था। चाहे आलाप की बात हो या मुरकी लेने की,हर जगह किसी ट्रेंड गायक सा हुनर उनमें नजर आता था। जिन कार्यक्रमों में शेख हुसैन अपनी प्रस्तुत्ति देते थे, वहां पैर रखने की जमीन नहीं बचती थी। एक बार कार्यक्रम की कमान शेख हुसैन के आने के बाद पूरी रात श्रोता कार्यक्रमों में डटे रहते थे।




20 अगस्त 2009 को श्रोता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में तत्कालीन संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने किया सम्मानित। साभार- झावेंद्र कुमार ध्रुव, वरिष्ठ रेडियो श्रोता

## अभाव में भी नहीं बुझी संगीत साधना की लौ

छत्तीसगढ़ सहित देशभर में हो हुए कार्यक्रमों के दौरान शेख हुसैन को अपनी सेहत पर ध्यान नहीं रखना काफी महंगा साबित हुआ। शुरुआती दो तीन साल में कई बार सेहत बिगड़ी और अस्पताल में एडमिट कराना पड़ा। दमा ने सांस लेना दूभर कर दिया था। छाती में दर्द और सांस लेने में तकलीफ ने सेहत पर बुरा असर डाला था। जून 2012 के पहले सप्ताह में उन्हें भर्ती कराना पड़ा। 21 मई 2012 को जूड़ा की हड़ताल होने के कारण एक दिन पहले ही 20 मई को डिस्चार्ज कर दिया गया था। अस्पताल में आराम नहीं मिलने पर घर लाया गया। परिवार के सदस्य और जोशी बहनें उनकी देखभाल किया करती। 9 जून 2012 आखिर वो मनहूस घड़ी आ गई, जब छत्तीसगढ़ के करोड़ों लोगों का दुलारा ये कलाकार, अपने चाहने वालों को रोता हुआ छोड़कर अंतिम सफर पर निकला।

### 'बहन तुम मेरे चालीसवें में आना'

लोकगायिका रमादत्त जोशी बताती है कि शेख हुसैन उन्हे बहन मानते थे..शेख हुसैन जी ने इच्छा जताई थी कि उनके फातिहे में बहन रमा पहुंचे और चालीसवें का खाना ग्रहण करें..अपने भाई की इस इच्छा को रमादत्त जोशी ने खुशी-खुशी पूरा किया।

## जमीन से जुड़ा सहज सरल गायक



बेटे ताज हुसैन की शादी में शेख हुसैन

अपने लोकप्रिय गीतों के साथ साथ ही छत्तीसगढ़ के जन जन के प्रिय गायक बने शेख हुसैन व्यक्तिगत जीवन में काफी विनम्र और सहज सरल स्वभाव के थे। इतने बड़े नामी गायक होने के बावजूद उनके व्यवहार में घमंड नाममात्र भी नहीं था। कई बार तो किसी के सहज आमंत्रण पर ही शेख हुसैन गाने के लिए तैयार हो जाते थे। बिना फीस लिए ना जाने कितने आयोजनों में उन्होने जान फूंकी थी। सरल हृदय होने के कारण वे व्यावहारिक जगत के दांवपेंच नहीं समझ पाए जिसका नुकसान भी उन्हे उठाना पड़ा।

### एक शाम, शेख हुसैन के नाम

लोकगायिका रमादत्त जोशी के मुताबिक अपने निधन के कई दिनों बाद तक शेख हुसैन अपनी पत्नी के सपनों में आते और अपने नाम से कोई बड़ा कार्यक्रम करने के लिए कहते ...उन्होने ये बात जब रमा दत्त जोशी को बताई तो उन्होने अपने मुंहबोले भाई की इच्छा पूरी करने के लिए 'एक शाम, शेख हुसैन के नाम' का आयोजन किया।

### श्रोताओं के सपने में शेख हुसैन

ओल्ड लिस्नर्स संस्था छग जोन के अध्यक्ष और शेख हुसैन जी के गानों के प्रशंसक मोहन लाल देवांगन ने बताया कि कई बार सपने में शेख हुसैन आते है और अपने गीतों की फरमाईश करने के लिए कहते है।

### प्रतिभा और रचनात्मकता का उदाहरण



मन के मन मोहनी, मोर दिल के तैं जोगनी वो... यह गाना शेख हुसैन जी की प्रतिभा और उनकी रचनात्मकता का अद्भुत उदाहरण है। इसे उन्होंने न केवल लिखा बल्कि अपनी सुरीली आवाज में गाकर अमर कर दिया।
**मोहन लाल देवांगन, अध्यक्ष ओल्ड लिस्नर्स संस्था छग जोन**

### सादगी और सरलता के प्रतीक



शेख हुसैन जी सादगी और सरलता के प्रतीक थे। वे भौतिक दिखावे से दूर, एक सहज और सच्चे जीवन को महत्व देते थे। उनका व्यक्तित्व छत्तीसगढ़ की मिट्टी की सोंधी खुशबू से ओतप्रोत था, जो उन्हें इस धरती का सच्चा लाल बनाता था।
-रतन जैन, सदस्य, श्रोता संघ

### हरिभूमि ने उठाया था मुद्दा


अस्पताल में निराश्रित लोककलाकार
आकाशवाणी से मिली पहचान
बीमारी ने घेरा
सुनहरा दौर
फेसबुक पर हमदर्द

शेख हुसैन जी की बीमारी के दौरान हरिभूमि ने उनकी तकलीफ और परेशानी को अपने पाठकों से साझा किया था।

### 'चना के दार राजा' जैसे गीतों ने किया अमर

शेख हुसैन के गाये हुए लोकप्रिय गीतों में चना के दार राजा, गुल गुल भजिया खाले, एक पईसा के भाजी ल दू पइसा में बेचे, गजब दिन भईगे राजा, 'तोर संग मा नई देखेव खल्लारी मेला', 'मन के मन मोहनी मोर दिल के ते जोगनी' गीत बहुत प्रसिद्ध है। इसके अलावा 'खोपा पारे पाटी मारे टूरी रंगरेली' भी श्रोताओं द्वारा पसंद किए गए थे। आज भी आकाशवाणी में श्रोताओं की तरफ से शेख हुसैन की गानों की फरमाइश की जाती है। निधन के करीब तेरह साल बाद भी शेख हुसैन की लोकप्रियता में कोई कमी नहीं आई है।

### आज भी श्रोताओं में उतने ही लोकप्रिय



आज भी आकाशवाणी पर सबसे ज्यादा पसंद किए जाने गायकों में शेख हुसैन का नाम शामिल है। छत्तीसगढ़ी में गीत सुनने वाले अक्सर शेख साहब के गाए गीतों को सुनना पसंद करते हैं। निधन के इतने साल बाद भी वे अपने श्रोताओं के बीच उतने ही लोकप्रिय है। -सुमिता बर्मन राय
कार्यक्रम अधिशासी, रायपुर

### बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी



शेख हुसैन जी का नाम छत्तीसगढ़ के लोक संगीत और संस्कृति में एक विशेष स्थान रखता है। वे न केवल एक महान लोकगायक थे, बल्कि एक प्रतिभाशाली लोक कलाकार भी थे, जिन्होंने अपनी कला के माध्यम से सांस्कृतिक धरोहर को सहेजने और उसे नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया।
-चंपेश्वर गोस्वामी,
गीतकार, कवि एवं लेखक

inh न्यूज पर आज रात 7.55

### शेख हुसैन साहब एक जिंदादिल इंसान थे



निश्चित रूप से शेख हुसैन साहब एक जिंदादिल इंसान थे। उन्होने कई प्रसिद्ध गीत गाए। अपने आर्केस्ट्रा पार्टी के साथ उन्होने देश प्रदेश में कई कार्यक्रम किए। तकलीफों का जीवन जीते हुए भी उन्होने संगीत साधना की। संस्कृति मंत्री रहते हुए मुझसे कई बार उनकी मुलाकात हुई।
-बृजमोहन अग्रवाल, रायपुर सांसद

### छत्तीसगढ़ को दिलाई विशेष पहचान



छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति में मटका वादन का विशेष स्थान है। इसकी जड़ें यहां के ग्रामीण जीवन और परंपराओं में गहराई से जुड़ी हुई हैं। मटका बजाने की कला ने न केवल इस क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध किया, बल्कि यह छत्तीसगढ़ की संगीत परंपरा की नींव भी बनी। उन्होंने न केवल इस वाद्य यंत्र को नए आयाम दिए, बल्कि छत्तीसगढ़ की संगीत संस्कृति को एक अनूठी पहचान दिलाई।
-अमर अग्रवाल, वरिष्ठ विधायक

### शांति और भाईचारे का संदेश दिया



शेख हुसैन भारतीय लोक संगीत के एक जाने-माने कलाकार थे, जिनके गायन में सामाजिक और सांप्रदायिक एकता का गहरा संदेश निहित होता था। वे अपनी कला के माध्यम से समाज को जोड़ने और शांति, भाईचारे तथा सौहार्द का संदेश देने में विश्वास रखते थे।
धनेंद्र साहू, पूर्व मंत्री

### हुसैन जी की गायकी का अनूठा अंदाज



शेख हुसैन जी की गायकी में एक अनूठा अंदाज था, जो उन्हें दूसरों से अलग बनाता था। वे अपने साथी कलाकारों का नाम बड़े प्रेम और आदर के साथ गाकर लेते थे, जिससे उनकी प्रस्तुतियों में एक आत्मीयता और अपनापन झलकता था। यह उनकी विनम्रता और दूसरों के प्रति सम्मान का प्रतीक था, जो उनके व्यक्तित्व की खासियत थी। शेख हुसैन जी का जीवन बेहद साधारण था।
-रमादत्त जोशी, साथी लोक गायिका

### दिल को छू लेने वाली आत्मीयता



शेख हुसैन जी बेहद सौम्य, विनम्र और सीधे-सादे व्यक्ति थे। उनकी सहजता और सादगी ने उन्हें हर किसी के दिल के करीब ला दिया। शेख हुसैन जी का स्वभाव ऐसा था कि जो भी उनसे मिलता, वह उनकी सरलता और आत्मीयता से प्रभावित हुए बिना नहीं रह सकता था।
प्रभादत्त जोशी, साथी लोक गायिका

### सांप्रदायिक सौहार्द्र की मिसाल



शेख हुसैन जी साम्प्रदायिक सौहार्द्र की जीती-जागती मिसाल थे। उनके लिए संगीत केवल आत्मा की अभिव्यक्ति का माध्यम था, जिसमें जाति, धर्म या समुदाय की कोई दीवार नहीं थी। उन्होंने अपने गीत-संगीत में हमेशा मानवता, प्रेम और भाईचारे को महत्व दिया।
-डॉ. रेखादत्त जोशी, साथी लोक गायिका

### जादू भरी आवाज और अंदाज



शेख हुसैन का संगीत के प्रति प्रेम और उनकी गायकी की अनूठी शैली ने उन्हें छत्तीसगढ़ में विशेष पहचान दिलाई। शुरुआत से ही शेख हुसैन को मोहम्मद रफी के गाने गाने का बेहद शौक था। उनकी आवाज और अंदाज में ऐसा जादू था कि लोग उन्हें मोहम्मद रफी के गानों का जीवंत संस्करण मानते थे।
-पद्मश्री मदन चौहान, सहयोगी

### मधुर आवाज ने लोगों का ध्यान खींचा



शेख हुसैन और मदन चौहान ने अपने शुरुआती जीवन में एक पेट्रोल पंप पर नौकरी की। शेख हुसैन ने अपने करियर की शुरुआत आर्केस्टा में गाने से की। यहां वे मोहम्मद रफी के गाने गाते थे और उनकी मधुर आवाज ने जल्दी ही लोगों का ध्यान खींच लिया। बचपन से ही शेख हुसैन को गाने का शौक था। संगीत के प्रति उनका जुनून इतनी कम उम्र में ही उभर आया था।
-ताज हुसैन, पुत्र

## शेख हुसैन ने कहा था-कला के बिना मेरा जीवन जीना असंभव

लोकप्रिय समाचार पत्र हरिभूमि ने 19 नवंबर 2009 को अपने कॉलम गोठबात में शेख हुसैन जी से बातचीत को प्रकशित किया था उसके कुछ अंश प्रस्तुत है

**प्रश्न- आप गायन के क्षेत्र में कब से जुड़े है?**
उत्तर- बचपन से लेकर अब तक में कला की - साधना करते आ रहा हूं। कला के बिना मेरा जीवन जीना असंभव है। हां वर्तमान में शारीरिक अस्वस्थता के कारण सक्रिय नहीं हूं।

**प्रश्न- अब तक कितने गीत गा चुके हैं?**
उत्तर- आज भी मेरे लगभग सौ गीत चर्चित हैं साथ ही साथ और भी अनेक गीत मैंने गाया है जो आकाशवाणी और दूरदर्शन से प्रसारित भी होते रहते हैं।

**प्रश्न- आप अपने साथ काम करने वाले कलाकार साथियों के बारे में कुछ बताइये ?**
उत्तर- मैनें मदन चौहान, सोहन दुबे, निर्मला इंगले, हुकुम चंद शर्मा, केदार यादव, जयंती यादव, किस्मत बाई, रामचंद्र देशमुख एवं लगभग पुराने ख्याति प्राप्त कलाकारों के साथ काम किया है। और भी अच्छे नामी कलाकारों के साथ काम करने का मुझे सौभाग्य मिला।


हरिभूमि
सुरों के सरताज शेख हुसैन

**प्रश्न-** आप किन-किन लोककला मंचों से जुड़े रहे ?
**उत्तर-** प्रारंभिक दौर में नवकला निकेतन आर्केस्ट्रा पार्टी से कार्यक्रम की शुरूवात मैंने की। छत्तीसगढ़ आर्केस्ट्रा पार्टी, भया चिहान, चंदैनी गोंदा, सोजहा विहान आदि लोककला मैचों से जुड़ा रहा।

**प्रश्न- आप किस तरह छत्तीसगढ़ी लोक संगीत से जुड़े ?**
उत्तर- नारायण लाल परमार के गीतों से प्रभावित होकर मैंने लोक कला में प्रवेश कर गायकी प्रारंभ किया।

**प्रश्न- आपके गाए कुछ चर्चित गीतों के बारे में बताइये ?**
उत्तर- मैंने संत मसीह दास रचित गीत-गुल गुल भजिया खाले, बद्रीविशाल परमानंद रचित गीत-नयना के आरे गोरी बान के अलावा मन के मन मोहनी दिल के तै जोगनी, एक पईसा के भाजी ल दू पईसा मा वेचे जैसे अनेक गीतों को मैने गाया है।

**प्रश्न- आप नई पीढ़ी के कलाकारों को कोई संदेश देना चाहेंगे?**
उत्तर- कलाकार को इतना पारिश्रमिक मिले कि वह अपनी शर्तों पर काम कर सकें। कोई भी संस्था कलाकारों का शोपण न करें एवं संस्कृति को ध्यान में रखते हुए कार्य कराएं ताकि कोई उनकी विवशता का लाभ व उठाएं। फलाकार अपनी मर्यादा में रहकर ही कार्य करें। हमारी लोक संस्कृति और परंपरा पर ही ध्यान केन्द्रित रखें।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com